kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-118 ❒ गुरुवार, 28 मई 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



देश के विभिन्न हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ रही है और इसके साथ कई चुनौतियां भी सामने आ रही हैं। यह गर्मी हम सभी के लिए कष्टदायी है और मैं आप सभी से यथासंभव सावधानी बरतने का आग्रह करता हूं।

नरेंद्र मोदी

शुभेंदु मंत्रिमंडल में जल्द विस्तार की संभावना 11

बजट घोषणाओं संबंधी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करेंः मुख्यमंत्री 12

## बधाई/सूचना

**ईद-उल-अजहा (बकरीद)** के मौके पर सभी सुधी पाठकों, विज्ञापन दाताओं, हॉकर बंधुओं को हार्दिक बधाई। अतः इस मौके पर ***कैनविज टाइम्स*** कार्यालय में 28 मई 2026 को अवकाश रहेगा, अतः अगला अंक 30 मई 2026 को प्रकाशित होगा।

**-प्रधान संपादक**

# एसआईआर की संवैधानिकता बरकरार

## निर्वाचन आयोग को एसआईआर कराने का अधिकार, यह निष्पक्ष चुनाव के दायित्व में 'जान फूंकती' है : न्यायालय

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की संवैधानिक वैधता बरकरार रखते हुए कहा कि इस प्रक्रिया को अंजाम देना चुनाव आयोग की शक्तियों के अधीन है और यह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव आयोजित करने के संवैधानिक लक्ष्य के अनुरूप है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि बिहार से शुरू हुई और बाद में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों तक बढ़ायी गयी एसआईआर प्रक्रिया को केवल इसलिए अमान्य नहीं ठहराया जा सकता कि यह धारा 21(2) के साथ नियम 25 के तहत संशोधन के लिए सोची गयी सामान्य प्रक्रियाओं के हर पहलू के अनुरूप नहीं थी। पीठ ने कहा कि मतदाता सूचियों का संशोधन 'जन प्रतिनिधित्व अधिनियम' का उल्लंघन नहीं करता है, बल्कि इसके विपरीत, ''यह धारा 21(3) द्वारा प्रदान किये गये सटीक वैधानिक माध्यम के ज़िरये अनुच्छेद 324 के संवैधानिक आदेश को संबल प्रदान करता है।''

इस विवादित मुद्दे पर कि क्या चुनाव आयोग मतदाता सूची में शामिल करने के लिए किसी व्यक्ति की नागरिकता की जांच कर सकता है, फ़ैसले में कहा गया, ''आयोग अपने संवैधानिक दायित्वों का पालन करते हुए मतदाता सूची में शामिल होने की पात्रता के बारे में खुद को संतुष्ट करने के उद्देश्य से नागरिकता के संबंध में सीमित जांच करने के लिए अधिकृत है। ऐसी जांच को कड़े अर्थों में नागरिकता का निर्धारण नहीं माना जा सकता। इसके आधार पर की गयी कोई भी कार्रवाई केवल चुनावी परिणामों तक ही सीमित रहती है।''

उच्चतम न्यायालय ने कहा, ''इस तरह के निर्धारण का परिणाम भी उसी अनुपात में सीमित होता है। यह किसी व्यक्ति के मतदाता सूची में शामिल होने के अधिकार को प्रभावित करता है, और इस तरह चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के उसके अधिकार पर असर डालता है। यह व्यक्ति को नागरिकता के दावों से वंचित नहीं करता है, और न ही यह नागरिकता अधिनियम के तहत सक्षम प्राधिकारी द्वारा उस सवाल के निर्धारण के रास्ते बंद करता है। चुनाव आयोग द्वारा की गयी एसआईआर प्रक्रिया की संवैधानिकता को सही ठहराते हुए मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा, ''एसआईआर प्रक्रिया न तो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम और 1960 के नियमों के सीधे विरोध में है, और न ही यह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की संवैधानिक अनिवार्यता को कम करती है। इसके विपरीत, यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसका आधार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 21(3) और संविधान के अनुच्छेद 324 में मिलता है। इसे उसी उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए किया गया है जिसे संविधान के भाग 15 में संरक्षित करने का प्रावधान है। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया ''मतदाता सूचियों की सटीकता, पूर्णता और शुचिता'' को बहाल करने के ''वैध और संवैधानिक रूप से आधारित उद्देश्य'' पर आधारित थी। न्यायालय ने अपने 124-पृष्ठ के फैसले में कहा, ''अपनाये गये उपायों का, हासिल किये जाने वाले उद्देश्य के साथ एक तार्किक संबंध है। वे स्पष्ट रूप से अत्यधिक नहीं हैं। मनमाने ढंग से किसी को बाहर किये जाने से रोकने के लिए उनके साथ पर्याप्त प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपाय भी मौजूद हैं।''

इस प्रक्रिया के आनुपातिक होने के संबंध में, फ़ैसले में कहा गया, ''जिस समस्या को हल करने का प्रयास किया जा रहा है उसकी प्रकृति, इस प्रक्रिया के पैमाने, और इसके कार्यान्वयन के दौरान शामिल किये गये प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों को ध्यान में रखते हुए, आयोग द्वारा अपनाये गये उपायों को उस उद्देश्य के अनुपातहीन नहीं कहा जा सकता जिसे प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है।''

फ़ैसले में नागरिकता के मुद्दे पर कहा गया कि जिन मामलों में आयोग को यह संतोष नहीं होता कि कोई व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल होने के लिए ज़रूरी कानूनी शर्तें पूरी करता है, तो यह उसकी ज़िम्मेदारी होगी कि वह ऐसे व्यक्ति को केंद्र सरकार के भीतर मौजूद सक्षम अधिकारी के पास भेजे, ताकि कानून के मुताबिक उस पर फ़ैसला लिया जा सके। इसमें कहा गया है ''आयोग का निर्णय, जो केवल चुनावी उद्देश्यों तक सीमित है, नागरिकता के प्रश्न पर अंतिम नहीं माना जा सकता। ● शेष पेज 11 पर



### नागरिकता तय करना चुनाव आयोग का काम नहीं

चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि चुनाव आयोग नागरिकता के सवाल को सिर्फ इस सीमित दायरे में देख सकता है कि किसी व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट में शामिल किया जाए या हटाया जाए। अदालत ने साफ कहा कि चुनाव आयोग किसी का नाम वोटर लिस्ट से हटा सकता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है वह व्यक्ति भारत का नागरिक नहीं रहा। नागरिकता तय करना चुनाव आयोग का काम नहीं है।

### चुनाव आयोग की शक्तियां बरकरार

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है और उसे निष्पक्ष और शुद्ध मतदाता सूची तय करने का अधिकार है। अदालत ने यह भी माना कि विशेष परिस्थितियों में अलग प्रक्रिया अपनाना संविधान और कानून के खिलाफ नहीं है। इसलिए ट्टत्र्रू पूरी तरह वैध है और इसे प्रोसेस करने का अधिकार चुनाव आयोग के पास है। आयोग इसकी शक्ति रखता है। अदालत ने कहा, 'यह प्रक्रिया कानूनी रूप से मान्य है। 11 दस्तावेजों पर विचार करने और हमारे आदेश के माध्यम से आधार कार्ड को शामिल किए जाने के बाद हम इस तर्क को स्वीकार नहीं कर सकते कि चुनाव द्वारा मांगे गए दस्तावेजों का समूह मनमाना है।

# बिल्डर को बदमाशों ने गोलियों से भून डाला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। रायबरेली रोड पर कल्ली पश्चिम पुलिस चौकी के पास बुधवार दोपहर बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने बिल्डर संदीप सिंह (45) को गोलियों से भून डाला। घटना के समय संदीप सिंह कार से उतरकर अपने आफिस जा रहे थे। उसी समय बदमाशों ने उन्हें तीन गोली मार कर फरार हो गए। दोपहर को हुई बिल्डर की हत्या से मार्केट में दहशत फैल गई। पुलिस उपायुक्त दक्षिणी अमित कुमार आनंद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

अफसरों और फरोंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलन किए। बदमाश सीसी कैमरे में कैद हो गए। पुलिस की पांच टीमें बदमाशों की तलाश में दबिश दे रही हैं। बिल्डर संदीप सिंह मूल रूप से जौनपुर के सिकरारा टिकारी गांव के रहने वाले थे। यहां पत्नी प्रीति, बेटी सीवी और बेटे सार्थक के साथ वृंदावन कालोनी में किराए पर रहते थे। कल्ली पश्चिम पुलिस चौकी के पास मार्केट में उनकी फर्म पीएसएस बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड का आफिस है।

बुधवार दोपहर वह कार से चालक प्रदीप के साथ आफिस जाने के लिए निकले। मार्केट के सामने वह कार से उतरकर आफिस जा रहे थे। इस बीच नकाबपोश बदमाशों ने उनकी कार के आगे अपनी बाइक लगा दी। एक बदमाश बाइक स्टार्ट किए खड़ा था। दूसरा बदमाश उतरा उसने ताबड़तोड़ तीन गोलियां संदीप को मारी और फिर बाइक पर सवार होकर भाग निकले। चालक प्रदीप कार से नीचे उतरा और उसने शोर मचाया। आस पड़ोस के लोग जुट गए। संदीप फर्श पर पड़े तड़प रहे थे। ड्राइवर और कर्मचारी आनन फानन संदीप को लेकर ट्रामा सेंटर पहुंचे। इस बीच सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। डॉक्टरों ने संदीप को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक एक गोली संदीप के पेट में दूसरी गले और तीसरी सिर को छूते हुए निकल गई। इस बीच पुलिस उपायुक्त दक्षिणी आमित कुमार आनंद, एसीपी गोसाईंगंज ऋषभ यादव, इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम भी मौके पर आ गई। पुलिस अधिकारियों और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलन किए। पुलिस ने मार्केट में लगे सीसी कैमरों की पड़ताल की। सीसी कैमरे ● शेष पेज 11 पर



मृतक की फोटो

**दुस्साहस**

❒ रायबरेली रोड कल्ली पश्चिम पुलिस चौकी के पास दिनदहाड़े नकाबपोश बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम

## संक्षेप

### बायजू रवींद्रन को सिंगापुर में छह माह जेल की सजा

**नई दिल्ली।** भारत के चर्चित शिक्षा स्टार्टअप बायजू के संस्थापक रवींद्रन को सिंगापुर की अदालत से बड़ा झटका लगा है। वहां की एक कोर्ट ने रवींद्रन को छह महीने जेल की सजा सुनाई है। इसके अलावा 70,500 डॉलर (67.31 लाख रुपये) कानूनी खर्च चुकाने को भी कहा गया है। अदालत ने रवींद्रन को उनकी संपत्ति से जुड़े पिछले आदेशों के कथित लगातार उल्लंघन पर अवमानना का दोषी ठहराते हुए आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया है। इस घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों ने अदालत के आदेश की पुष्टि की, हालांकि अभी यह आदेश सार्वजनिक नहीं किया गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, सिंगापुर में यह कानूनी कार्रवाई कतर इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी (क्यूआईए) की एक सहायक कंपनी कतर होल्डिंग्स ने शुरू की है। क्यूआईए का कहना है कि कंपनी ने सिंगापुर स्थित निवेश फर्म बीयर इन्वेस्टको में निवेश किया था, जिसका स्वामित्व और शेयर होल्डिंग कथित तौर पर रवींद्रन के पास है। बताया गया कि सिंगापुर की अदालत ने 2024 में रवींद्रन को बीयर इन्वेस्टको में उनके कथित शेयर होल्डिंग से जुड़े दस्तावेज सौंपने का आदेश दिया था, लेकिन रवींद्रन लगातार इसकी अनदेखी कर रहे थे। इसी कारण अब अदालत ने उन्हें अवमानना का दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है।

### उच्च न्यायालय ने आसाराम की उम्र कैद की सजा बरकरार रखी

**जोधपुर।** राजस्थान उच्च न्यायालय ने नाबालिग के यौन उत्पीड़न के मामले में स्वयंभू संत आसाराम की उम्रकैद की सजा बरकरार रखी है और उसे तुरंत समर्पण करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति अरुण मोंगा और न्यायमूर्ति योगेंद्र कुमार पुरोहित की पीठ ने बुधवार को यह फैसला सुनाया। न्यायालय ने गत 20 अप्रैल को सुनवाई पूरी होने के बाद निर्णय सुरक्षित रख लिया था। न्यायालय ने आसाराम को तुरंत समर्पण करने के आदेश दिये हैं। आसाराम चिकित्सीय आधार पर मंजूर की गयी अंतरिम जमानत पर इन दिनों जेल से बाहर है। इस मामले में सह-आरोपी शिल्पी और शरतचंद को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया। यह मामला 2013 का है। जोधपुर स्थित आश्रम में आसाराम पर एक नाबालिग छात्रा के यौन उत्पीड़न का आरोप था। इस मामले में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम न्यायालय ने 25 अप्रैल 2018 को आसाराम को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

# असम में समान नागरिक संहिता विधेयक पारित

**एजेंसी**



❒ उत्तराखंड और गुजरात के बाद यूसीसी लागू करने वाला तीसरा राज्य बना

गुवाहाटी। असम विधानसभा ने बुधवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पारित कर दिया। इस विधेयक का उद्देश्य विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और लिव-इन संबंधों को नियंत्रित करने के लिए धर्म की परवाह किए बिना एक समान कानूनी ढांचा लागू करने का प्रावधान करता है। उत्तराखंड और गुजरात के बाद असम यूसीसी विधेयक पारित करने वाला तीसरा राज्य बन गया है, जबकि गोवा में पुर्तगाली शासनकाल से ही यह व्यवस्था लागू है। यह कानून असम में रहने वाले अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदायों पर लागू नहीं होगा।

'समान नागरिक संहिता, असम, 2026 विधेयक' पर दिन भर चली चर्चा के बाद विधानसभा अध्यक्ष रंजीत कुमार दास ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा से इसे सदन में पेश करने को कहा। हालांकि, विपक्ष ने विधेयक को एक प्रवर समिति के पास भेजने की मांग की थी, जिसे अध्यक्ष ने खारिज कर दिया। इसके विरोध में विपक्षी सदस्य सदन के वेल में आ गए और विधेयक पारित होने तक लगातार नारेबाजी करते रहे। इस दौरान सत्ता पक्ष के सदस्य 'भारत माता की जय' और 'जय श्री राम' के नारे लगाते रहे। विधेयक को ध्वनि मत से पारित किया गया। विधेयक में बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने और लिव-इन संबंधों का पंजीकरण अनिवार्य करने का प्रावधान है। कानून में कई दंडात्मक प्रावधान भी शामिल किए गए हैं। इसके तहत द्विविवाह या बहुविवाह के मामलों में सात साल तक की सजा और लिव-इन संबंध का पंजीकरण नहीं ● शेष पेज 11 पर

# सार्थक पीडीएस योजना के विस्तार को केंद्र की मंजूरी

**एजेंसी**



❒ सार्वजनिक वितरण प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए 25530 करोड़ रुपये की सार्थक पीडीएस योजना को मंत्रिमंडल की मंजूरी

नयी दिल्ली। सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली को बेहतर बनाने तथा उसमें सुधार के उद्देश्य से 25530 करोड़ रुपये की सार्थक जन वितरण प्रणाली 'सार्थक पीडीएस' को बुधवार को मंजूरी दे दी।

सार्थक पीडीएस एक व्यापक योजना है जिसमें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत खाद्यान्नों की राज्य के भीतर ढुलाई और उचित दर दुकान डीलरों के मार्जिन के लिए राज्य एजेंसियों को सहायता देना और सार्वजनिक वितरण प्रणाली में प्रौद्योगिकी के माध्यम से आधुनिकीकरण और सुधार योजना (स्मार्ट पीडीएस) को लागू करना शामिल है। सार्थक पीडीएस योजना में 25530 करोड़ की यह राशि पांच वर्ष के लिए जारी की जायेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद सूचना और प्रसारण अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं को बताया कि इस योजना का उद्देश्य उचित दर की दुकानों में जनवितरण प्रणाली को दुरूस्त करना और खाद्यान ढुलाई के लिए राज्यों को सहायता प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य खाद्यान्नों की 'अंतिम छोर तक डिलीवरी' सुनिश्चित करना है, जिसमें उचित दर दुकान डीलरों को मिलने वाले कमीशन में भी वृद्धि की गई है। सरकार उन्नत प्रौद्योगिकी के माध्यम से जनवितरण प्रणाली कार्यों को बेहतर ढंग से संचालित करने का प्रयास कर रही है जिससे संचालन में पारदर्शिता, सुरक्षा और निरंतरता सुनिश्चित की जा सके। सरकारी वक्तव्य में कहा गया है कि आर्थिक मामलों की समिति ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा खाद्यान्नों की राज्य के भीतर आवाजाही, उनके प्रबंधन और उचित दर की दुकानों के डीलरों के मार्जिन पर किए जाने वाले खर्च को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता के मानदंडों में संशोधन करने का भी निर्णय लिया है। इसके साथ ही केंद्र सरकार की सहायता के मौजूदा वित्तपोषण स्वरूप को भी जारी रखने का निर्णय लिया गया है। सार्थक पीडीएस योजना का एक उद्देश्य वितरण प्रक्रिया में होने वाली गड़बड़ी और चोरी पर रोक लगाना भी है। इससे खाद्य सुरक्षा के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता अधिक मज़बूत बनती है। ● शेष पेज 11 पर

## नीट यूजी पेपर लीक के दो और गुनहगार गिरफ्तार, अभी तक 13 आरोपियों पर कसा गया शिकंजा

नई दिल्ली। सीबीआई ने बुधवार को नीट (यूजी) पेपर लीक मामले में दो और गुनहगार को गिरफ्तार किया है। इसमें लातूर के एक डॉक्टर और पुणे के एक कोचिंग संस्थान में भौतिकी पढ़ाने वाले शिक्षक शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने लातूर के डॉक्टर मनोज शिरुरे को तीन छात्रों की मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इन छात्रों में शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर का बेटा भी शामिल है। मोटेगांवकर लातूर में रेणुकाई केमिस्ट्री क्लासेस चलाते हैं। शिरुरे ने इन छात्रों को नीट के पेपर बनाने वाले पीवी कुलकर्णी से रसायन विज्ञान के सवाल दिलाने में मदद की थी। एजेंसी इस मामले में मोटेगांवकर को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। उधर, सीबीआई ने पुणे के एक कोचिंग सेंटर डॉ. अभंग प्रभु मेडिकल एकेडमी में भौतिकी पढ़ाने वाले तेजस हर्षद कुमार शाह को भी गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि तेजस पर आरोप है कि उसने गिरफ्तार आरोपी मनीषा हवलदार से नीट (यूजी) के भौतिकी के सवाल हासिल किए थे। इसके साथ ही इस पेपर ● शेष पेज 11 पर

# सीमा से 15 किमी तक अवैध ढांचे हटाएंः शाह

**एजेंसी**

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अंतरराष्ट्रीय सीमा से 15 किलोमीटर के दायरे में पिछले कुछ वर्षों में बने सभी अवैध ढांचों को ध्वस्त किया जाए। बीकानेर में मंगलवार को आयोजित सुरक्षा समीक्षा बैठक में शाह ने भारत-पाकिस्तान सीमा से जुड़े राजस्थान के पांच जिलों बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर, श्रीगंगानगर और फलोदी की सुरक्षा व्यवस्था का आकलन किया। बैठक में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, वरिष्ठ अधिकारी, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक मौजूद रहे.

गृह मंत्रालय ने सीमावर्ती जिलों के प्रशासन को बैंकिंग लेन-देन की निगरानी, बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के सत्यापन, वित्तपोषण स्रोतों की जांच, फर्जी खातों एवं कंपनियों की पहचान और फर्जी आधार कार्डों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। साथ ही सीमा पार तस्करी रोकने पर विशेष जोर दिया गया है। शाह ने नागरिकों, सुरक्षा एजेंसियों और ● शेष पेज 11 पर



❒ जिलाधिकारियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी, '360 डिग्री सुरक्षा कवच' पर जोर

❒ सीमावर्ती गांवों में योजनाओं का पूरा लाभ मिले

# जेवर एयरपोर्ट कनेक्टिविटी के लिए उपलब्ध होंगी इलेक्ट्रिक बसें : योगी

## मुख्यमंत्री कार्यालय में विशेष सेल गठित कर परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग होगी

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के संचालन के साथ यात्रियों को आधुनिक सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने की तैयारी तेज हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक आवागमन के लिए प्राथमिक चरण में 110 इलेक्ट्रिक बसों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

बुधवार को स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन की चौथी बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यीडा क्षेत्र में 500 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि 15 जून से प्रस्तावित उड़ान संचालन से पहले सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को पूरी तरह सुदृढ़ किया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के तेजी से विस्तार पर भी जोर दिया। अधिकारियों ने अवगत कराया कि प्रदेश में वर्तमान में लगभग 15.5 लाख इलेक्ट्रिक वाहन पंजीकृत हैं तथा वर्ष 2030 तक 10 हजार चार्जिंग स्टेशन विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभी तक लगभग 2500 चार्जिंग स्टेशन संचालित हो चुके हैं।



मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार सृजन को नई गति देगी। उन्होंने भूमि अधिग्रहण और विनिमय संबंधी कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेस-वे के लिए लगभग 55 प्रतिशत भूमि प्राप्त की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आगरा-लखनऊ-पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेस-वे, जेवर लिंक एक्सप्रेस-वे और झांसी लिंक एक्सप्रेस-वे के लिए आवश्यक भूमि का अधिग्रहण जून माह के अंत तक पूरा कर लिया जाए। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि मेरठ-हरिद्वार एक्सप्रेस-वे का एलाइनमेंट स्वीकृत हो चुका है तथा भूमि अधिग्रहण की कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेश संबंधी परियोजनाओं में अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण और निवेशकों के साथ सतत संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब के लिए 323 हेक्टेयर में से 301 हेक्टेयर भूमि पर कब्जा प्राप्त हो चुका है। डेवलपर चयन के लिए निविदा की अंतिम तिथि बढ़ाकर छह जुलाई 2026 कर दी गई है। वहीं मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब के लिए 200 हेक्टेयर में से 144 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध हो चुकी है तथा शेष भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है।

मुख्यमंत्री ने औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के लिए मॉडल बिल्डिंग बायलॉज को निवेश अनुकूल व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए कहा कि भवन स्वीकृति संबंधी प्रक्रियाओं को और अधिक सरल, पारदर्शी तथा समयबद्ध बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा करते हुए कहा कि ग्रामीण स्तर पर योजनाओं के प्रभावी संचालन के लिए पर्याप्त मानव संसाधन उपलब्ध कराया जाए। बैठक में बताया गया कि राज्य स्तर पर 136 रिक्त पदों में से 40 पदों पर चयन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है तथा शेष 96 पदों के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। जिला एवं विकासखंड स्तर पर 360 रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया संचालित है। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में प्रस्तावित सीड पार्क और टेक्सटाइल पार्क ● शेष पेज 11 पर

# लखनऊ को स्वच्छता में नंबर एक बनाने के लिए सभी करें प्रयास : मंत्री ए.के. शर्मा

❒ बैठक में स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण के दृष्टिगत नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने बुधवार को संगम सभागार, लखनऊ में समीक्षा बैठक की। बैठक में स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री शर्मा ने कहा कि यह समीक्षा की जाए कि किन प्रयासों और कार्यों के कारण लखनऊ स्वच्छता सर्वेक्षण में तीसरे स्थान तक पहुंचा तथा किन कमियों के कारण शहर प्रथम स्थान प्राप्त नहीं कर सका।मंत्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूलों में कायाकल्प कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए तथा शिकायत निस्तारण प्रणाली में सिटिजन फीडबैक बेहतर बनाए रखने के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सीवेज समस्याओं के त्वरित समाधान तथा अस्पतालों एवं बड़े होटलों के बाहर जमा होने वाले कूड़े को तत्काल हटवाने के निर्देश भी दिए।उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। सभी पार्षद अपने-अपने क्षेत्रों में मोहल्ला सभाओं एवं समितियों के माध्यम से स्वच्छता एवं जनजागरूकता अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी वार्ड में कूड़े के ढेर दिखाई नहीं देने चाहिए तथा नगर निगम अधिकारी नियमित रूप से निगरानी सुनिश्चित करें।मंत्री शर्मा ने कमर्शियल क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश देते हुए कहा कि व्यापारियों को अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने हेतु प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि सभी मिलकर प्रयास करें तो लखनऊ को स्वच्छता सर्वेक्षण में देश में प्रथम स्थान दिलाया जा सकता है।इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त एवं पार्षदगण सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के स्थापना दिवस समारोह में जुटे हजारों पत्रकार, पत्रकार सुरक्षा कानून की उठी मांग

❒ समारोह में पत्रकार हितों, सुरक्षा कानून और मीडिया कर्मियों की समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर राजधानी लखनऊ स्थित विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश सहित देश के सत्रह राज्यों से आए संगठन पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों, तहसील स्तरीय पत्रकारों और मीडिया प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।

समारोह में पत्रकार हितों, सुरक्षा कानून और मीडिया कर्मियों की समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री मा0 ब्रजेश पाठक रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य मंत्री मा0 सुरेश राही जी, लखनऊ महापौर, एमएलसी मा0 रामचन्द्र प्रधान जी तथा सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एपी सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री देवेन्द्र मिश्रा जी ने की।समारोह में प्रदेश सरकार के आधा दर्जन मंत्रियों के साथ विभिन्न जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों की सुरक्षा, फर्जी मुकदमों से संरक्षण, ग्रामीण और तहसील स्तर पर कार्यरत पत्रकारों की समस्याओं तथा पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई।राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री देवेन्द्र मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मजबूत बनाने के लिए पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि छोटे कस्बों और तहसीलों में कार्य कर रहे पत्रकार अनेक चुनौतियों के बीच निष्पक्ष पत्रकारिता कर रहे हैं, ऐसे में सरकार को उनके हितों के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पत्रकारों की भूमिका को लोकतंत्र की आवाज बताते हुए कहा कि पत्रकार समाज और सरकार के बीच सेतु का कार्य करते हैं। उन्होंने पत्रकारों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने और समाधान के लिए सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया।कार्यक्रम में लखनऊ जिला संरक्षक मुकेश द्विवेदी, मुख्य प्रभारी रघुनाथ जी, जिला अध्यक्ष दिलीप मिश्रा सहित संगठन के कई पदाधिकारी सक्रिय रूप से मौजूद रहे। वहीं शिवा मिश्रा, दिव्यांशु, विनीत मिश्रा, हरीओम दीक्षित, गौरव शुक्ला, प्रशांत भूषण, राजू पांडे एडवोकेट, विनोद मिश्रा समेत हजारों पत्रकारों ने कार्यक्रम में भागीदारी कर संगठन को मजबूती देने का संकल्प लिया।समारोह के दौरान विभिन्न जिलों से आए पत्रकारों का सम्मान भी किया गया। मंच से पत्रकार एकता, निष्पक्ष पत्रकारिता और पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा को लेकर सामूहिक आवाज बुलंद की गई। पूरे कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बना रहा और पत्रकार हितों को लेकर एकजुटता साफ दिखाई दी।

## पुलिस ने पच्चीस हजार के इनामी बदमाश को धर दबोचा

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना रामगंज पुलिस ने बकरीद के त्यौहार से पूर्व गौ तस्कर के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये पच्चीस हजार रुपये का इनामिया व अन्तर्जनपदीय गैंग लीडर गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर थाना रामगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर यूपी गैंगस्टर एक्ट थाना रामगंज में वांछित गणेश यादव उर्फ मनीष यादव उर्फ मिन्टू यादव पुत्र शिवलाल यादव निवासी कैथा उर्फ टडिया खुर्द थाना अलीनगर जनपद चन्दौली उम्र पच्चीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष रामराज कुशवाहा ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार गणेश यादव एक शातिर व अन्तर्जनपदीय, गोवध अधिनियम के अभियुक्तों का गैंगलीडर व पच्चीस हजार रुपये का इनामिया अभियुक्त है जिसके विरुद्ध जनपद चन्दौली, जौनपुर व अमेठी में गोवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, हत्या का प्रयास व गैंगस्टर एक्ट सहित कुल आठ अभियोग पंजीकृत हैं। गिरफ्तारी के संबंध में थाना रामगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## उत्तर प्रदेश सचिवालय लेखा संघ की लंबे समय से लंबित मांगों को शासन स्तर पर स्वीकृति मिलने से कर्मियों में खुशी की लहर



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश सचिवालय लेखा संघ की लंबे समय से लंबित मांगों को शासन स्तर पर स्वीकृति मिलने के बाद संघ पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों में खुशी की लहर है। संघ द्वारा लगातार उठाई जा रही मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेते हुए सचिवालय प्रशासन अनुभाग-1 द्वारा नए पदों के सृजन और पुनर्गठन संबंधी आदेश जारी किए गए हैं।संघ के अध्यक्ष के. बी.एल. श्रीवास्तव ने बताया कि शासन द्वारा उत्तर प्रदेश सचिवालय लेखा संवर्ग का पुनर्गठन करते हुए समीक्षा अधिकारियों (लेखा) के 03, संयुक्त सचिव (लेखा) के 04, अपर सचिव (लेखा) के 06 तथा उप सचिव (लेखा) के 04 नए पदों का सृजन किया गया है। इसके साथ ही अनुभाग अधिकारी (लेखा) के 04, समीक्षा अधिकारी (लेखा) के 12 तथा सहायक समीक्षा अधिकारी (लेखा) के 04 अतिरिक्त पदों की स्वीकृति भी प्रदान की गई है।संघ के पदाधिकारियों ने इसे लेखा संवर्ग के कर्मचारियों के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि कई वर्षों से लंबित मांगों को पूरा करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। शासन के इस निर्णय से कर्मचारियों को पदोन्नति के बेहतर अवसर मिलेंगे तथा कार्य व्यवस्था भी अधिक प्रभावी और सुदृढ़ होगी।संघ के अध्यक्ष के. बी.एल. श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष विजयी नारायण सिंह, महामंत्री अजीत प्रताप सिंह, सचिव भजुरामा सहित समस्त पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव तथा सचिवालय प्रशासन एवं वित्त विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया।संघ पदाधिकारियों ने कहा कि यह निर्णय कर्मचारियों के हितों के प्रति सरकार की संवेदनशीलता और सकारात्मक सोच को दर्शाता है। साथ ही उम्मीद जताई कि भविष्य में भी कर्मचारियों की अन्य मांगों पर इसी प्रकार सकारात्मक निर्णय लिए जाएंगे।

## उत्तर प्रदेश में स्थायी डीजीपी की नियुक्ति की प्रक्रिया आगे बढ़ी

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश में स्थायी पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की नियुक्ति की प्रक्रिया उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में आगे बढ गई है । सूत्रों के मुताबिक राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने नई दिल्ली में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के अधिकारियों के साथ बैठक कर वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के पैनल को अंतिम रूप देने पर चर्चा की। सूत्रों के अनुसार बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल और अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय प्रसाद शामिल हुए। यूपीएससी के साथ वरिष्ठता और पात्रता मानदंड के आधार पर तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के नामों के पैनल को अंतिम करने पर विचार हुआ। यूपीएससी जल्द ही यह पैनल राज्य सरकार को भेजेगा। पैनल मिलने के बाद राज्य सरकार शॉर्टलिस्टेड अधिकारियों की सतर्कता जांच रिपोर्ट लेगी और फिर अंतिम चयन प्रक्रिया शुरू करेगी। नियुक्ति का अंतिम फैसला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इस समय डीजीपी पद की दौड़ में शामिल वरिष्ठ अधिकारियों में रेणुका मिश्रा, पीयूष आनंद और कार्यवाहक डीजीपी राजीव कृष्णा का नाम प्रमुख है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक राजीव कृष्णा फ्रंटरनर माने जा रहे हैं और उनके स्थायी डीजीपी बनने की संभावना सबसे अधिक है। राजीव कृष्णा 31 मई 2024 को पूर्व डीजीपी प्रशांत कुमार के सेवानिवृत्त होने के बाद से कार्यवाहक डीजीपी का पदभार संभाल रहे हैं। वे वर्तमान में विजिलेंस के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी देख रहे हैं। पूर्व डीजीपी मुकुल गोयल को हटाए जाने के बाद से उत्तर प्रदेश में लंबे समय तक कार्यवाहक पुलिस प्रमुखों के साथ काम चल रहा था। स्थायी डीजीपी न होने की स्थिति पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी की थी। शीर्ष अदालत ने सभी राज्यों को निर्देश दिया था कि वे यूपीएससी के पैनल के आधार पर निर्धारित प्रक्रिया के तहत नियमित पुलिस प्रमुख की नियुक्ति करें। सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय प्रक्रिया के तहत यूपीएससी पात्र वरिष्ठ अधिकारियों का पैनल तैयार करता है।

## उत्तर प्रदेश में बदलेगा मौसम का मिजाज, गरज चमक के साथ बारिश के आसार

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पिछले एक पखवारे से प्रचंड गर्मी और लू का सामना कर रहे उत्तर प्रदेश में आगामी दिनों में मौसम का मिजाज तेजी से बदलने वाला है। प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों में कहीं लू तो कहीं तेज आंधी, गरज-चमक, बारिश और ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार आज शाम को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं, जबकि 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से धूलभरी हवाएं चल सकती हैं। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। विभाग ने पूर्वी यूपी के कुछ हिस्सों में उष्ण लहर से लेकर भीषण लू चलने की चेतावनी भी जारी की है। 28 मई से प्रदेश के मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। पश्चिमी और पूर्वी दोनों हिस्सों में कई स्थानों पर बारिश और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई गई है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 60 से 70 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चलने वाली आंधी, जो झोंकों में 80 किलोमीटर प्रतिघंटा तक पहुंच सकती है, की चेतावनी जारी की गई है। कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि की भी आशंका व्यक्त की गई है। 29 मई को मौसम विभाग ने सबसे अधिक सतर्क रहने की सलाह दी है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 80 से 90 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज आंधी और तूफान आने की संभावना है, जिसके झोंके 100 किलोमीटर प्रतिघंटा तक पहुंच सकते हैं। इसके साथ ही भारी बारिश और ओलावृष्टि की भी चेतावनी जारी की गई है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी 70 से 80 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई गई है। 30 और 31 मई को भी प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में गरज-चमक, तेज हवाओं और हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रह सकता है। मौसम विभाग के अनुसार इन दिनों 40 से 70 किलोमीटर प्रतिघंटा तक की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चल सकती हैं। हालांकि एक जून और दो जून को प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम सामान्य और शुष्क रहने की संभावना जताई गई है तथा किसी विशेष चेतावनी की घोषणा नहीं की गई है। मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान खुले मैदानों, पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहें।

# कोरांव मोबाइल कोर्ट: पुलिस व नगर पंचायत पर भड़के

❒ ईओ गैरहाजिर, 46 मामलों का निस्तारण, उच्चाधिकारियों को भेजेंगे रिपोर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव, प्रयागराज। ग्राम न्यायालय कोरांव के दंडाधिकारी अभयदीप विश्वकर्मा ने सोमवार को नगर पंचायत कार्यालय में मोबाइल कोर्ट लगाकर सुनवाई की।सुनवाई के दौरान उन्होंने कोरांव पुलिस की कार्यप्रणाली व नगर पंचायत की अव्यवस्था पर कड़ी नाराजगी जताई। दंडाधिकारी ने कहा कि इसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी।पूर्व सूचना के बावजूद क्ष अमित कुमार अनुपस्थित रहने पर दंडाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। क्ष को शुक्रवार को ग्राम न्यायालय में तलब किया गया है। दंडाधिकारी ने बताया कि इसके पहले भी इएह मेजा को पत्र भेजा गया, लेकिन असर नहीं हुआ।

### मुख्य मामले



मोबाइल कोर्ट में कुल 46 मामलों का निस्तारण हुआ। एक मामले में दो लोगों को पुलिस कस्टडी में लिया गया, जिनकी जमानत हो गई। सरकार बनाम मूलचंद्र निवासी कस्बा कोरांवः 03 दिसंबर 2016 से फरार आरोपी ने आज जमानत कराई। 4. क्राइम नंबर 05/2013 सरकार बनाम मंगला प्रसाद निवासी नेवढ़ियाः आरोपियों ने जुर्म स्वीकार किया। इस दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष राम बहादुर सिंह, मंत्री लक्ष्मीकांत शुक्ला सहित कई अधिवक्ता, वादी-प्रतिवादी मौजूद रहे।

# उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मिले सर्व ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारी

❒ भीम आर्मी के भयादोहन से मुक्ति दिलाने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । पंडित अंकित शर्मा के नेतृत्व में सर्व ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों ने राजधानी लखनऊ पहुंचकर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और विधायक चंद्र शर्मा से भेंट की और सहारनपुर जनपद में भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं द्वारा सवर्ण समाज के सदस्यों को प्रताड़ित किये जाने की अनेक घटनाओं की जानकारी दी और ज्ञापन सौंपा।

अंकित ने बताया उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व विधायक चंद्र शर्मा ने सहारनपुर के एसपी से फोन पर वार्ता कर निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई कर सूचित करें।भेंटवार्ता के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सर्व ब्राह्मण महासभा राष्ट्रीय प्रभारी अंकित शर्मा ने



बताया कि मौजूदा प्रकरण सहारनपुर स्थित एक शिव मंदिर के पुजारी पंडित विजय शास्त्री पर षड्यंत्रपूर्वक लगाये गये कथित बाल यौनाचार के वाद से संबंधित है जिसमें सहारनपुर पुलिस की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। संबंधित प्रकरण एक दस वर्षीय दलित बालिका से संबंधित बताया गया है। सवर्ण समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि शिवमंदिर से संबंधित भूमि हड़पने के इरादे से भीम आर्मी के कार्यकर्ता पंडित विजय शास्त्री को कानूनी शिकंजे में फंसाने का षड्यंत्र रच रहे हैं जिसे किसी कीमत पर सफल नहीं होने दिया जायेगा। इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारी सचिन तिवारी व अनीता मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# डॉ.ए.के. वर्मा ने मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज प्रयागराज के प्रधानाचार्य पद का ग्रहण किया कार्यभार



❒ निवर्तमान प्रधानाचार्य डॉ.वी.के. पांडेय ने सौंपा दायित्व, पुष्पगुच्छ देकर दी शुभकामनाए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश शासन के चिकित्सा शिक्षा विभाग के आदेश के क्रम में मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज के अस्थि रोग विभाग के वरिष्ठ प्रोफ़ेसर डॉ. ए.के. वर्मा ने प्रधानाचार्य पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया।

निवर्तमान प्रधानाचार्य डॉ. वी.के. पांडेय ने उन्हें औपचारिक रूप से कार्यभार सौंपते हुए शुभकामनाएं दीं।शासनादेश के अनुसार, डॉ. ए.के. वर्मा को अग्रिम आदेशों तक प्रधानाचार्य का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वे अपने वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ प्रधानाचार्य पद की जिम्मेदारियों का भी निर्वहन करेंगे। इस अतिरिक्त प्रभार के लिए उन्हें पृथक वेतन अथवा भत्ता देय नहीं होगा।डॉ. ए.के. वर्मा चिकित्सा एवं प्रशासनिक अनुभव से समृद्ध हैं। उनके नेतृत्व में मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं संबद्ध स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में शैक्षणिक गतिविधियों, चिकित्सा सेवाओं तथा प्रशासनिक व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ किए जाने की अपेक्षा जताई जा रही है।कार्यभार ग्रहण के अवसर पर डॉ. वी.के. पांडेय ने डॉ. ए.के. वर्मा को पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं तथा संस्थान के विकास और मरीजों के हित में निरंतर कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की।

# प्रदेश में नवाचार का असर, शिशु मृत्यु दर में आई कमी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । प्रदेश में नवजात से पांच साल तक उम्र वाले बच्चों की मृत्यु दर में कमी आई है। आंकड़ों में आया यह सुधार हजारों बच्चों के सुरक्षित जीवन, लाखों परिवारों की उम्मीदों और सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर बढ़ते विश्वास की कहानी दर्शाता है। साथ ही जन्म के तुरंत बाद होने वाली मृत्यु दर में कमी लाने की चुनौती भी पेश करता है।

सेंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (एसआरएस) की ताजा रिपोर्ट में नवजात, शिशु और अंडर पांच मृत्यु दर में कमी दर्ज की गई है। वर्ष 2023 की तुलना में 2024 में नवजात मृत्यु दर (एनएमआर) 26 से 25, शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) 37 से 35 और अंडर पांच मृत्युदर 42 से 41 रह गई है। यह सर्वे प्रति 1000 बच्चों के हिसाब से किया गया है।उत्तर प्रदेश का उन चुनिंदा राज्यों में शामिल होना, जहाँ बच्चों की मृत्यु दर में सभी आयु वर्गों में कमी आई है, सबके सामूहिक समर्पण, अथक परिश्रम और जमीनी स्तर पर निरंतर किए गए प्रयासों का प्रमाण है। यह रुझान उत्साहजनक हैं तो हमें यह भी याद दिलाते हैं कि नवजात शिशुओं की मृत्यु दर में कमी की रफ़्तार अभी भी उम्मीद से धीमी है और जन्म के तुरंत बाद होने वाली मृत्यु दर में खास बदलाव नहीं आया है। इससे



साफ़ पता चलता है कि बच्चों की मृत्यु दर में कमी का अगला चरण प्रसव, डिलीवरी और जीवन के पहले 48 घंटों के दौरान दी जाने वाली देखभाल की गुणवत्ता को बेहतर बनाने पर बहुत ज़्यादा निर्भर करेगा। लगातार बढ़ी मृत जन्म दर (ट्टप्र्द्धद्यद्यथ्द्धन्प्द्ध टथ्प्द्) और प्रसवकालीन मृत्यु दर (घ्द्धन्द्धद्वथ्थद्य ख्रधन्थ्द्यद्वष्भ टथ्प्द्) यह भी दिखाती है कि प्रसव-पूर्व देखभाल की गुणवत्ता, भ्रूण की निगरानी, प्रसव के दौरान का प्रबंधन और समय पर प्रसूति संबंधी हस्तक्षेप में कमियां हैं। जिन ज़िलों में ये संकेतक ज़्यादा हैं, उन्हें अब बारीकी से योजना बनाने, स्वास्थ्य केंद्रों के स्तर पर कमियों का आकलन करने और आँकड़ों के आधार पर सुधार के कदम उठाने की दिशा में आगे बढ़ना होगा।किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय की बाल रोग विभाग की प्रोफ़ेसर डॉ. शालिनी त्रिपाठी के अनुसार प्रदेश में स्वास्थ्य केंद्रों और स्वास्थ्य कर्मचारियों के अपग्रेड होने से एनएमआर व आईएमआर में कमी आई है। बीते तीन-चार सालों में आयुष्मान आरोग्य मंदिर से लेकर जिला महिला अस्पताल के डाक्टरों व स्टाफ नर्स को लगातार प्रशिक्षित किया गया है। इसके अलावा नवजात को सांस लेने में दिक्कत होने पर लगाई जाने वाली सीपैप मशीन, कंगारू मदर केयर, मिल्क बैंक, निःशुल्क दवाओं व नियमित टीकाकरण भी शिशुओं की मृत्यु दर कम करने में सहायक साबित हुए हैं।वीरांगना अवंती बाई अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ सलमान ने बताया कि बहुत से बच्चों की मौत संक्रमण व अस्वच्छता के कारण भी हो जाती थी। अब अस्पतालों में स्वच्छता व बच्चों को संक्रमण से बचाने के लिए भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# योगी सरकार के तीसरे कार्यकाल की सफलता के लिए आरएसएस ने कार्यकर्ताओं को किया सक्रिय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। पश्चिम बंगाल चुनावों में सफलता के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने अब उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार के तीसरे कार्यकाल की सफलता के लिए अपने कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर दिया है।

संघ प्रमुख मोहन भागवत पिछले तीन दिन से लखनऊ में हैं। उन्होंने हिंदुत्व और राष्ट्रवाद की विचारधारा को आगे बढ़ाकर भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल के प्रयासों को मजबूती देने पर जोर दिया। हालांकि इस बार आरएसएस प्रमुख ने किसी भाजपा नेता से मुलाकात नहीं की। फरवरी के बाद लखनऊ का यह उनका दूसरा दौरा है।

संगठन कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए मोहन भागवत ने कहा, समाज में जातिगत भेद मिटाकर हिंदुत्व और राष्ट्रवाद को बढ़ावा देना चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी जातियों का सम्मान हो और किसी स्तर पर भेदभाव न हो। निराला नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में तीन दिन के प्रवास के दौरान भागवत ने प्रशिक्षण वर्ग में शामिल 289 स्वयंसेवकों को जीवन में अनुशासन अपनाने और संघ के काम को बढ़ाने के तरीके सिखाये। 'कुटुंब प्रबोधन' अभियान के तहत संघ प्रमुख ने बढ़ते एकल परिवारों की प्रवृत्ति को रोकने और पारंपरिक संयुक्त परिवार व्यवस्था तथा पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा, परिवारों से संपर्क करें, बच्चों में अच्छे संस्कार डालें और उन्हें सनातन धर्म की शिक्षा भी दें। पर्यावरण संरक्षण पर बल देते हुए भागवत ने कहा, जलवायु परिवर्तन हो रहा है और तापमान बढ़ रहा है। इन समस्याओं को रोकने का एकमात्र उपाय पर्यावरण की रक्षा और अधिक से अधिक वृक्षारोपण है। उन्होंने कहा, अधिकारों के साथ-साथ लोगों को अपने कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक करना जरूरी है। हर व्यक्ति को राष्ट्र और समाज के प्रति अपने कर्तव्य निभाने चाहिए। बौद्धिक सत्र में उन्होंने स्वयंसेवकों के सवालों का जवाब दिया और अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचकर संघ की विचारधारा फैलाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यदि कोई संघ से जुड़ना चाहता है तो वह अपनी सुविधा और संघ की योजना के अनुसार जुड़ सकता है।


## उत्तर रेलवे

### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता कर्मशाला, उत्तर रेलवे, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| 1 | **निविदा सूचना संख्या :** विद्युत/डब्ल्यू./आलमबाग/222/2026-27 |
| क | **कार्य का विवरण :** कैरेज वर्कशाप, आलमबाग, लखनऊ में आर.एस.पी. (विधि किताव संख्या 719/24-25) के अंतर्गत बी.जी कोचों के ए.आर.टी. / ए.आर.एम.ई. कोचों में परिवर्तित करने का कार्य। |
| ख | **अनुमानित लागत :** रु. 1,60,33,145.11 |
| ग | **धरोहर राशि :** रु. 3,20,700/- |
| घ | **निविदा प्रपत्र मूल्य :** शून्य |
| ड. | **कार्य समापन अवधि :** 18 माह |
| **अन्य सूचना** | |
| 2 | **निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवम समय :** 17.06.2026 को अपरान्ह 15:00 बजे तक। |
| 3 | **निविदा खुलने की तिथि व समय :** 17.06.2026 को अपरान्ह 15:00 बजे के बाद। |

• निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा निर्धारित तिथि के अनुसार भरा जा सकता है। • मैनुअल आफर पर विचार नहीं किया जायेगा। • निविदाकर्ता निविदा फार्म की धरोहर राशि का भुगतान केवल www.ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली द्वारा ही किया जायेगा। • डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/डिपॉजिट रसीद/एफ.डी.आर. या अन्य किसी रूप में निविदा धरोहर धनराशि का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। • प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज़ की प्रस्तुति एवं उससे संबन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा।

**सं.: विद्युत/डब्ल्यू./आलमबाग/222/2026-27 दिनांक: 27.05.2026 1794/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# यूपी में 2027 में मुख्यमंत्री योगी को रिटर्न गिफ्ट देंगे ग्राम प्रधान: अखिलेश सिंह

❐ ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाये जाने पर ग्राम प्रधान संगठन ने जताया सरकार का आभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाये जाने पर राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन ने प्रदेश सरकार का आभार जताया है। राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.अखिलेश सिंह ने बुधवार को लखनऊ के एक निजी होटल में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि सरकार ने ग्राम प्रधानों को जो उपहार दिया है,उसका रिटर्न गिफ्ट प्रधानों द्वारा मुख्यमंत्री योगी को विधान सभा चुनाव 2027 में दिया जायेगा।




अखिलेश सिंह ने बताया कि राज्य के ग्राम प्रधानों से सीधा संवाद कर उन्हें बताया जायेगा कि आगामी चुनाव तक प्रधानों को प्रशासक बनाये जाने का जो इतिहास यूपी सरकार ने रचा है, उससे प्रधानों की साख बढ़ी है। साथ ही गांवों में विकास कार्यों की निरन्तरता का रास्ता भी साफ हुआ है। 15 दिसम्बर 2021 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्राम उत्कर्ष समारोह में ग्राम प्रधानों से ट्रिपल इंजन की सरकार चलाने का जो वादा किया था उसे पूरा किया है। उन्होंने सेवाओं के विस्तार का जो गिफ्ट दिया है,ग्राम प्रधान इसका रिटर्न गिफ्ट मुख्यमंत्री को वापस करेंगे।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन की ओर से राज्य, मण्डल, जनपद तथा ब्लाक स्तर पर समारोह का आयोजन कर सरकार का आभार जताएगा। इसके अलावा ग्राम पंचायतों की कठिनाइयों के समाधान के लिए संवाद जारी रखेगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन के पदाधिकारी मुख्यमंत्री से लेकर,पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, अपर मुख्य सचिव संजय प्रसाद से मिलकर ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाये जाने की मांग रखी थी। हमारी मांग को पूरा करके सरकार ने यह संदेश दिया है कि वह ग्राम प्रधानों के साथ हैं। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए संगठन की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया गया।

# जिलाधिकारी ने किया जनगणना कार्य का स्थलीय निरीक्षण

❐ डीएम ने निरीक्षण के दौरान गणना से संबंधित अभिलेखों, प्रपत्रों एवं डिजिटल माध्यम से किए जा रहे डेटा संकलन की प्रक्रिया का भी अवलोकन किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । जनपद लखनऊ में 'जनगणना-2027' की तैयारियों को सुव्यवस्थित, प्रभावी एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी लखनऊ विशाख जी द्वारा प्रथम चरण के अंतर्गत संचालित मकान सूचीकरण एवं आवास गणना कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया। यह कार्य दिनांक 22 मई से 20 जून 2026 तक संचालित किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नगर निगम जोन-1 के अंतर्गत विभिन्न हाउस लिस्टिंग ब्लॉकों (ऌख्रठ) का भ्रमण कर वहां चल रहे कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों से संवाद स्थापित करते हुए गणना कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त की।



जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान गणना से संबंधित अभिलेखों, प्रपत्रों एवं डिजिटल माध्यम से किए जा रहे डेटा संकलन की प्रक्रिया का भी अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि मकान सूचीकरण एवं आवास गणना का कार्य पूर्ण निर्धारित समयसीमा के भीतर संपन्न कराना सुनिश्चित किया जाए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने जोनल अधिकारी एवं सुपरवाइजर को निर्देशित किया कि फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा प्रतिदिन कार्य की प्रगति की समीक्षा सुनिश्चित की जाए। साथ ही निर्देश दिया कि समस्त जोनल अधिकारियों द्वारा जिन अपार्टमेंट्स अथवा बहुमंजिला भवनों में जनगणना कार्यों में अपेक्षित सहयोग प्राप्त नहीं हो रहा है, वहां राजस्व निरीक्षकों को भेजकर स्थानीय निवासियों को जनगणना के महत्व के प्रति जागरूक किया जाए एवं जनगणना कार्य में अपेक्षित सहयोग सुनिश्चित किया जाए। उक्त निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री राकेश कुमार सिंह, जोनल अधिकारी जोन 1 सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़क किनारे खड़ी पिकअप में अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, युवक की मौत

❐ इटौंजा थाना क्षेत्र में सीतापुर हाईवे पर हादसा, चालक मेडिकल कॉलेज रेफर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब, लखनऊ। इटौंजा थाना क्षेत्र अंतर्गत सीतापुर हाईवे पर सड़क किनारे खड़ी पिकअप में अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां एक युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।



जानकारी के अनुसार बुधवार शाम करीब साढ़े छह बजे पिकअप सीतापुर से लखनऊ की ओर आ रही थी। रास्ते में वाहन का डीजल खत्म हो जाने पर चालक ने पिकअप को सड़क किनारे खड़ा कर दिया और डीजल लेने चला गया। डीजल लाने के बाद वह वाहन स्टार्ट करने ही वाला था कि तभी पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पिकअप में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के समय पिकअप में कुल आठ लोग सवार थे। टक्कर इतनी तेज थी कि वाहन में बैठे लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने सभी घायलों को रामसागर मिश्र अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने कन्हैया लाल (32) निवासी ग्राम खेरवा, पोस्ट रेवरी, थाना कमलापुर, जिला सीतापुर को मृत घोषित कर दिया।वहीं घायलों में राज कनौजिया (14), अंकित कनौजिया (15), विनीत पुत्र अर्जुन कनौजिया, दीपा देवी पत्नी कन्हैया लाल, अभिषेक पुत्र कन्हैया लाल और शिवानी पुत्री कन्हैया लाल शामिल हैं। पिकअप चालक की हालत गंभीर होने पर उसे अचेत अवस्था में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।इटौंजा पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है और मामले की जांच की जा रही है।

# चिनहट में सड़क के बीच धंसी सीवर लाइन बनी हादसे का कारण, जिम्मेदार बेखबर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चिनहट, लखनऊ । राजधानी लखनऊ के चिनहट क्षेत्र में चिनहट मल्हौर रोड सनी देव मंदिर के पास सड़क के बीच धंसी सीवर लाइन और खुला गड्ढा राहगीरों के लिए बड़ा खतरा बन गया है। व्यस्त मार्ग पर बने इस गहरे गड्ढे से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक बेखबर बना हुआ है।



स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क के बीचों-बीच सीवर लाइन धंसने के कारण बड़ा हिस्सा टूट गया है। गड्ढे में कूड़ा भर जाने से यह और भी खतरनाक हो गया है, क्योंकि दूर से आने वाले वाहन चालकों को इसकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता। क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि यह मार्ग दिनभर वाहनों से व्यस्त रहता है। बाइक और साइकिल सवार अक्सर इस गड्ढे से बचने के प्रयास में हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बच रहे हैं। रात के समय स्थिति और गंभीर हो जाती है, जब अंधेरे में यह गड्ढा साफ दिखाई नहीं देता। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत के बावजूद संबंधित विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

## देशी शराब ठेके के पीछे अवैध बिक्री का खुलासा, पुलिस ने आरोपी को दबोचा

**चिनहट, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी लखनऊ के बीबीडी थाना क्षेत्र में देशी शराब के ठेके की आड़ में अवैध शराब बिक्री का बड़ा मामला सामने आया है। पुलिस की छापेमारी में ठेके के पीछे से खुलेआम चल रहे शराब के अवैध कारोबार का खुलासा हुआ। मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार कर कुछ मात्रा में शराब और नकदी बरामद की गई है। जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि क्षेत्र स्थित देशी शराब ठेके के पीछे बाउंड्री के अंदर अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर छापा मारा। पुलिस को देखकर वहां अफरा-तफरी मच गई, लेकिन एक युवक को मौके से पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान अशोक मौर्य निवासी देवरिया के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से 1600 रुपये नकद और विंडर्स ब्रांड की 200 एमएल की कुल 31 शराब की शीशियां बरामद हुईं। आरोपी शराब बिक्री से संबंधित कोई वैध लाइसेंस या अनुमति पत्र नहीं दिखा सका। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह ठेके से शराब निकालकर सुबह दुकान खुलने से पहले ग्राहकों को अधिक दामों पर बेचता था और इसी से कमाई करता था। आरोपी के खुलासे के बाद शराब ठेके की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। क्षेत्र में लंबे समय से शराब की अवैध बिक्री की शिकायतें मिल रही थीं, लेकिन जिम्मेदार विभाग कार्रवाई करने से बचता रहा। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सड़क परिवहन के लिए है, नमाज़ के लिए मस्जिदें मौजूद: अशफ़ाक उल्ला खान



**चिनहट, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सड़क पर नमाज़ पढ़ने को लेकर अपनाई जा रही सख्ती का भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा लखनऊ महानगर के उपाध्यक्ष अशफ़ाक उल्ला खान ने समर्थन किया है। हमारे संवाददाता से विशेष बातचीत में अशफ़ाक उल्ला खान ने कहा कि सड़क पर नमाज़ पढ़ना उचित नहीं है, क्योंकि इस्लाम धर्म में नमाज़ के लिए स्थान का पाक और स्वच्छ होना बेहद जरूरी माना गया है। उन्होंने कहा कि सड़कें सार्वजनिक परिवहन और आवागमन के लिए होती हैं, जबकि नमाज़ अदा करने के लिए मस्जिदें और निर्धारित स्थान मौजूद हैं। अशफ़ाक उल्ला खान ने कहा, ळमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने सड़क पर नमाज़ को लेकर जो सख्ती दिखाई है, मैं उसका पूर्ण समर्थन करता हूं। इस्लाम में नमाज़ की पहली शर्त ही पाकीजगी है। नमाज़ पढ़ने वाला व्यक्ति और स्थान दोनों का पवित्र होना जरूरी होता है। सड़क पर हर प्रकार के लोग और जानवर गुजरते हैं, इसलिए सड़क नमाज़ के लिए उपयुक्त स्थान नहीं मानी जा सकती। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सभी धर्मों की गहरी समझ रखते हैं और उनका यह निर्णय कानून व्यवस्था तथा आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखकर लिया गया है। अल्पसंख्यक मोर्चा नेता ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि धार्मिक कार्य निर्धारित स्थलों पर ही किए जाएं, ताकि यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो और सामाजिक सौहार्द भी बना रहे।

## बकरीद को लेकर हाई अलर्ट पर लखनऊ पुलिस, चिनहट में सुरक्षा का शक्ति प्रदर्शन



**चिनहट, लखनऊ , कैनविज टाइम्स संवाददाता।।** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए लखनऊ पुलिस पूरी तरह मुस्तैद नजर आई। त्योहार से पहले सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से चिनहट क्षेत्र में पुलिस अधिकारियों द्वारा भव्य फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन, अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी, सहायक पुलिस आयुक्त विभूति खंड, प्रभारी निरीक्षक चिनहट, प्रभारी निरीक्षक विभूति खंड समेत सभी चौकी प्रभारियों और भारी पुलिस बल ने चिनहट तिराहे से थाना चिनहट तक पैदल मार्च कर क्षेत्र में सुरक्षा का संदेश दिया। फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने बाजारों, प्रमुख मार्गों और संवेदनशील इलाकों का निरीक्षण किया तथा लोगों से शांति और भाईचारा बनाए रखने की अपील की। पुलिस अधिकारियों ने साफ कहा कि त्योहार के दौरान माहौल बिगाड़ने या अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पैदल मार्च के दौरान भारी पुलिस बल की मौजूदगी से क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की सक्रियता की सराहना की। अधिकारियों के अनुसार बकरीद को लेकर पूरे पूर्वी जोन में विशेष निगरानी रखी जा रही है और सोशल मीडिया पर भी लगातार नजर बनाए रखी जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना को समय रहते रोका जा सके।

## ईद-उल-अजहा पर्व पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम, हजरतगंज पुलिस ने किया पैदल गस्त

लखनऊ। ईद-उल-अजहा , बकरीद पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए कमिश्नरेट पुलिस मुस्तैद है। सुरक्षा के मद्देनजर डीसीपी सेंट्रल विक्रांत वीर के निर्देशन में इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बुधवार शाम पूरे क्षेत्र में भारी पुलिस बल के साथ पैदल गस्त कर लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया। इस दौरान इंस्पेक्टर हजरतगंज ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि त्योहार मिलजुल कर मनायें ताकि एक-दूसरे में भाईचारा कायम रहे। इंस्पेक्टर ने दो टूक शब्दों में कहा कि किसी ने खुराफात करने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी ईद-उल-अजहा पर्व किसी तरह की कोई दिक्कत न आए इसके लिए डीसीपी सेंट्रल विक्रांत वीर की अगुवाई में इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बुधवार शाम भारी पुलिस बल के साथ पूरे इलाके में पैदल गस्त किया। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने हजरतगंज चौराहे से लेकर लालबाग, नरही सहित कई स्थानों पर पैदल गस्त कर लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया।

# भमरौली लालाबाग दुबग्गा व्यापार मंडल का भव्य शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

❐ व्यापारियों की समस्याओं को लेकर संगठन ने बुलंद की आवाज, नए पदाधिकारियों ने ली निष्ठा की शपथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सामाजिक उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष लखनऊ श्री सत्येन्द्र राजपूत (राना) एवं संरक्षक अजय यादव जी के नेतृत्व में भमरौली लालाबाग दुबग्गा व्यापार मंडल का भव्य शपथ ग्रहण समारोह बड़े ही उत्साह, गरिमा एवं जोशपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं संगठन के मुखिया रामबाबू रस्तोगी जी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन एवं व्यापारियों के हितों की रक्षा हेतु गोपनीयता, निष्ठा एवं ईमानदारी की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में लगातार बढ़ती महंगाई, व्यापारियों का




उत्पीड़न, विभागीय दबाव, बिजली संकट तथा छोटे व्यापारियों की आर्थिक परेशानियाँ गंभीर विषय बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में व्यापारियों के साथ अन्याय एवं अनैतिक व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा संगठन सदैव व्यापारियों के सम्मान, सुरक्षा एवं अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्षरत रहेगा। साथ ही उन्होंने सरकार से छोटे एवं मध्यम व्यापारियों को विशेष राहत, सरल नियम एवं सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग भी की सभा में उपस्थित व्यापारियों ने कई महत्वपूर्ण समस्याएं उठाईं, जिनमें लगातार बढ़ती महंगाई से व्यापार प्रभावित होना, बिजली कटौती एवं ट्रिपिंग की समस्या, विभागीय उत्पीड़न, छोटे व्यापारियों को ऋण एवं सहायता उपलब्ध कराना, बाजारों में सुरक्षा एवं साफ-सफाई व्यवस्था मजबूत करना, जीएसटी एवं अन्य नियमों को सरल बनाना, स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देना तथा बाजार क्षेत्रों में पार्किंग एवं यातायात व्यवस्था सुधारने की मांग प्रमुख रूप से शामिल रही। कार्यक्रम में नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया तथा सभी ने संगठन को मजबूत बनाकर व्यापारियों की आवाज बुलंद करने का संकल्प लिया नवनियुक्त पदाधिकारी अध्यक्ष मनोज लोधी,वरिष्ठ उपाध्यक्ष नेत्र पाल यादव, उपाध्यक्ष राजू रावत, अमन रावत, डॉ. हरिविन्द्र कुमार (राज क्लीनिक), रजत कुमार वर्मा, सोनू केमिस्ट, सुल्तान, नसीमबिस्मिल्ला, अशफाक प्रधान, राम मिलान गौतम महामंत्री ताज संगठन मंत्री मो. राजू मंत्री वीरेंद्र धीमर, गौरव लोधी, सोनू लोधी, निखिल पाल

कोषाध्यक्ष पुष्पा लोधी (कविता नर्सरी) मीडिया प्रभारी मनोज लोधी प्रचार मंत्री रिंकू लोधी, मो. रिजवान (माल अम्बारी), राम गोपाल (ठेकेदार) वरिष्ठ संगठन किशोर लाल लोधी कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, व्यापारियों एवं उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया गया।

# नए प्रभारी निरीक्षक के सामने पेट्रोल पंप डकैती के खुलासे की चुनौती

❐ महिगवां में तैनाती के साथ ही राधेश्याम मौर्या पर बढ़ा दबाव, 20 मई की वारदात अब तक अनसुलझी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब, लखनऊ । महिगवां थाना क्षेत्र के परसऊ स्थित कमला फ्यूल कनेक्ट पेट्रोल पंप पर हुई डकैती की गूंज अब पुलिस महकमे तक पहुंच गई है। घटना के बाद अधिकारियों को सही जानकारी न देने के आरोप में पुलिस आयुक्त अमरेंद्र कुमार सेंगर ने महिगवां के तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक राम कुमार गुप्ता को 25 मई को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। इसके बाद 27 मई को डीसीपी उत्तरी कार्यालय में पीआरओ रहे राधेश्याम मौर्या को महिगवां थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। नए प्रभारी निरीक्षक ने पदभार संभालते ही लंबित मामलों की समीक्षा शुरू कर दी है, लेकिन उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती पेट्रोल पंप डकैती के खुलासे की मानी जा रही है।



दरअसल, 20 मई की रात करीब एक बजे पांच असलहाधारी बदमाशों ने परसऊ स्थित कमला फ्यूल कनेक्ट पेट्रोल पंप पर धावा बोल दिया था। बदमाशों ने चौकीदार विपिन कुमार को बंधक बनाकर उसके हाथ-पैर और मुंह बांध दिए थे। इसके बाद गल्ले का लॉक तोड़कर करीब 8100 रुपये, मोबाइल फोन, घड़ी और पर्स लूट लिया था। वारदात को अंजाम देने के बाद तीन बदमाश खेतों के रास्ते भाग निकले, जबकि दो ई-रिक्शे से फरार हो गए थे।घटना के बाद पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठे थे। सूत्रों के मुताबिक मामले की सूचना उच्च अधिकारियों तक सही तरीके से नहीं पहुंचाई गई, जिस पर पुलिस कमिश्नरेट ने सख्त रुख अपनाते हुए तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक को निलंबित कर दिया। अब नए थाना प्रभारी राधेश्याम मौर्या के सामने इस बहुचर्चित वारदात का खुलासा कर पुलिस की साख बचाने की चुनौती है।पुलिस टीम आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। ई-रिक्शा चालकों और संदिग्धों से पूछताछ भी की जा रही है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल है और लोग जल्द खुलासे की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

## खुलासे पर टिकी नए प्रभारी की पहली परीक्षा

महिगवां थाने की कमान संभालते ही राधेश्याम मौर्या के सामने सबसे बड़ी चुनौती परसऊ पेट्रोल पंप डकैती का खुलासा बन गई है। वारदात के बाद पुलिस की कार्यशैली सवालों में रही और इसी मामले में तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक को निलंबित भी किया गया। ऐसे में अब नए प्रभारी पर न सिर्फ बदमाशों की गिरफ्तारी का दबाव है, बल्कि पुलिस की साख बहाल करने की जिम्मेदारी भी आ गई है। क्षेत्रीय लोग भी नए थाना प्रभारी से त्वरित कार्रवाई और सख्त पुलिसिंग की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

## ई-रिक्शा और सीसीटीवी फुटेज बने अहम सुराग

20 मई की रात हुई डकैती के बाद पुलिस जांच तकनीकी और स्थानीय इनपुट के सहारे आगे बढ़ रही है। पुलिस टीम आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। वहीं घटना के बाद ई-रिक्शे से फरार हुए बदमाशों की तलाश में चालकों और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस को आशंका है कि बदमाशों ने पहले से रेकी कर वारदात को अंजाम दिया। अब जांच का फोकस वारदात में शामिल पूरे गिरोह तक पहुंचने पर है।

# जिला कारागार में रेडियो परवाज कार्यक्रम का उदघाटन

❐ महानिदेशक कारागार, उत्तर प्रदेश पी0सी0 मीना द्वारा किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । जिला कारागार लखनऊ में बन्दियों के सुधार की दिशा में ''रेडियो परवाज (एफ0एम0 रेडियो)'' कार्यक्रम का उदघाटन बुधवार को महानिदेशक कारागार, उत्तर प्रदेश पी0सी0 मीना द्वारा किया गया। कारागार परिसर में रेडियो परवाज सेवा का शुभारम्भ इंडिया विजन फाउंडेशन व फिक्की फ्लो, लखनऊ संस्था के सौजन्य से किया गया।

रेडियो परवाज के माध्यम से कारागार में निरूद्ध बन्दियों को मानसिक सकारात्मकता एवं रचनात्मक अभिरुचियों को प्रोत्साहन और साथ ही कई महत्वपूर्ण व ज्ञानवर्धक जानकारियाँ भी प्राप्त हो सकेंगी। इस अवसर पर इंडिया विजन फाउंडेशन की डायरेक्टर मोनिका धवन, प्रिजन हेड रवि कुमार श्रीवास्तव व प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर गोविन्द सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम में फिक्की फलो की चेयरपर्सन सिमरन, वाइस चेयरपर्सन निवेदिता सिंह, फाउंडर चेयर ज्योत्सना हबीबुल्लाह एवं उनकी टीम के सदस्यगण मौजूद रहे।डायरेक्टर मोनिका धवन ने बताया कि रेडियो परवाज के माध्यम से 350 कैप्सूल ब्रॉडकास्ट किये जाने है। प्रत्येक कैप्सूल में प्रेरणादायी कहानियाँ, गीत-संगीत, विशेष कार्यक्रम तथा सामान्य ज्ञान से संबंधित उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक विषयवस्तु को सम्मिलित किया गया है। कार्यक्रम के



दौरान महानिदेशक कारागार पी0सी0 मीना ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि ख्रेडियो परवाजङ्क बन्दियों के जीवन में नई ऊर्जा, सकारात्मक सोच एवं रचनात्मक परिवर्तन का माध्यम बनेगा। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ अधीक्षक आर0के0 जायसवाल द्वारा सभी उपस्थित गण को धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया गया।महिला बंदियों से मिलकर जानी समस्यामहानिदेशक कारागार पी0सी0 मीना ने महिला बैरक में निरुद्ध महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये। इस अवसर पर महिला बैरक में अपनी माताओं के साथ रह रहे बच्चों को स्नेहस्वरूप फल वितरित किये। इस अवसर पर जेलर ऋत्विक प्रियदर्शी, राजेश कुमार, सुनील दत्त मिश्र, अभय कुमार शुक्ल सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तीन वर्ष का सफल कार्यकाल पूर्ण होने पर नगर पालिका परिषद खैराबाद में आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

❒ कार्यक्रम के दौरान विकास कार्यों की उपलब्धियों और नगर के बदलते स्वरूप को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खैराबाद , सीतापुर । नगर पालिका परिषद खैराबाद की अध्यक्ष बेबी अभिषेक गुप्ता के सफलतापूर्वक तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर नगर पालिका परिषद परिसर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सभासदगण, गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारी वर्ग, नगर पालिका परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान विकास कार्यों की उपलब्धियों और नगर के बदलते स्वरूप को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर अध्यक्ष बेबी अभिषेक गुप्ता, अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता उर्फ बबलू भैया एवं अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता द्वारा बीते तीन वर्षों के दौरान नगर में कराए गए विकास कार्यों और जनहित योजनाओं की विस्तृत जानकारी जनता के सामने प्रस्तुत की गई। वक्ताओं ने कहा कि नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाने के उद्देश्य से लगातार योजनाबद्ध तरीके से कार्य किए गए हैं। सड़क, पेयजल, जलनिकासी, पार्क, धार्मिक स्थल एवं सौंदर्यीकरण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया गया है। कार्यक्रम में नगरोदय योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की विशेष चर्चा की गई। बताया गया कि ललियापुर पार्क का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है, जिससे क्षेत्र के लोगों को हरियाली और मनोरंजन की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। इसके अतिरिक्त नगर के आठ परिषदीय विद्यालयों के कायाकल्प का शुभारंभ किया गया है। विद्यालयों में बेहतर भवन, स्वच्छ परिसर, आधुनिक सुविधाएं एवं बच्चों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जा रहा है ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का बेहतर माहौल मिल सके। वहीं डिजिटल लाइब्रेरी की स्वीकृति को भी नगर के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया गया। इससे छात्र-छात्राओं एवं युवाओं को डिजिटल माध्यम से अध्ययन करने का अवसर मिलेगा। वंदन योजना के अंतर्गत धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के विकास को लेकर भी कई महत्वपूर्ण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। मां गौरी देवी मंदिर के सौंदर्यीकरण, अवस्थापना एवं नागरिक सुविधाओं के विकास की स्वीकृति प्रदान की गई है। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए बैठने, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई और अन्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। इसके अलावा शीतला माता मंदिर एवं वाल्मीकि मंदिर के सौंदर्यीकरण और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विस्तार हेतु भी योजनाएं स्वीकृत की गई हैं। कार्यक्रम में कहा गया कि धार्मिक स्थलों का विकास नगर की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने के साथ-साथ धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा देगा।

नगर के प्रमुख स्थलों एवं पार्कों के सौंदर्यीकरण को लेकर भी कई योजनाओं पर कार्य किया गया है। गौरी देवी सरोवर का सौंदर्यीकरण नगर के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। वहीं माखूपुर स्थित रविदास पार्क के सौंदर्यीकरण की स्वीकृति तथा उसके सामने स्थित तालाब के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव भी स्वीकृत किया गया है। इन कार्यों से क्षेत्र की सुंदरता बढ़ने के साथ पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

# विधायक ने आंधी से दीवार गिरने पर मृतक के परिजनों को दी आर्थिक सहायता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। बीती 25 मई की रात आई तेज आंधी-तूफान से ददरौल विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में मकान क्षतिग्रस्त हो गए थे और फसलें बर्बाद हो गई थीं। साथ ही बड़ी संख्या में बिजली के खंभे और ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्त हो गए थे। जिससे कई गांवों की विद्युत आपूर्ति ठप है। इसके अलावा ग्राम बिलन्दापुर निवासी 45 वर्षीय शिवप्रसाद मौर्य पुत्र लालाराम मौर्य की दीवार गिरने से मौत हो गई थी।

बुधवार को ददरौल विधायक अरविन्द कुमार सिंह ने क्षेत्र के कई गावों में भ्रमण कर 25 मई की रात आई तेज आंधी से प्रभावित हुए परिवारों से भेंट कर उनकी समस्याओं को सुना और मृतक शिव प्रसाद मौर्य के शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान उन्होंने तहसील प्रशासन की मौजूदगी में परिजनों को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया। विधायक ने परिवार को हर संभव सहायता का भरोसा देते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में सरकार और प्रशासन पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है। इस मौके पर उपजिलाधिकारी सदर संजय पांडे सहित तहसील प्रशासन के संबंधित अधिकारी आदि मौजूद रहे।



## मुआवजा दिलाने के लिए विधायक ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

शाहजहांपुर। ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह ने आंधी-तूफान से गांवों में हुई तबाही से प्रभावित लोगों को मुआवजा दिलाने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर जिलास्तरीय टीम गठित कराने की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर बताया कि आंधी-तूफान से कई गांवों में मकानों को नुकसान पहुंचा और फसलें बर्बाद हो गई हैं। बड़ी संख्या में बिजली के खंभे और ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्त हो जाने से कई गांवों की विद्युत आपूर्ति ठप है। इस भीषण गर्मी में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों से बात कर राजस्व विभाग से तत्काल सर्वे कराने और प्रभावित परिवारों को नियमानुसार मुआवजा दिलाने के लिए कहा। साथ ही मुख्यमंत्री से भी प्रभावितों को राहत सहायता दिलाने के साथ क्षेत्र में बिजली आपूर्ति सुचारु कराने की मांग की।

# समाजवादी पीडीए साइकिल यात्रा का शाहजहांपुर में जोरदार स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के संकल्प के साथ निकाली जा रही समाजवादी पीडीए साइकिल यात्रा का बुधवार को शाहजहांपुर में जोरदार स्वागत किया गया।

शाहजहांपुर की कटरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम राजपुरी से 26 मई 2026 को सपा युवा नेता कौशल यादव, सुधीर यादव एवं सूरजपाल यादव के नेतृत्व में पीडीए साइकिल यात्रा की शुरुआत हुई थी। इस यात्रा को पूर्व एमएलसी अमित यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। यात्रा मंगलवार रात शाहजहांपुर महानगर स्थित महाकाली होटल पहुंची, जहां यात्रियों ने रात्रि विश्राम किया। इसके बाद बुधवार को सपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर यात्रा का जोरदार स्वागत किया और उसे जनपद लखीमपुर के मैगलगंज के लिए रवाना किया। यात्रा का समापन 30 मई 2026 को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय पर होगा। इस दौरान युवा नेता कौशल यादव ने कहा कि कटरा विधानसभा से शुरू हुई समाजवादी पीडीए साइकिल यात्रा 30 मई को लखनऊ पहुंचकर समाप्त होगी।

वहीं सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि पीडीए साइकिल यात्रा से समाजवादी पार्टी के नौजवानों में नया जोश पैदा होगा और आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में युवाओं की बड़ी भूमिका रहेगी। पूर्व एमएलसी अमित यादव ने कहा कि वर्ष 2012 से 2017 तक सपा सरकार में अखिलेश यादव द्वारा कराए गए ऐतिहासिक कार्यों और उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार करते हुए यह यात्रा लखनऊ पहुंचेगी। इस मौके पर सपा के जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, रामसूरत यादव, अतिउल्ला सिद्दीकी, ओंकार सिंह, अरशद खान, संतोष पाल, सैयद शकील मियां, फैसल, तस्लीम, रिजवान अहमद, रफत खान, आरिफ खान, धर्मेंद्र सिंह, शाहरुख खान, दिनेश वर्मा तथा जिलाध्यक्ष प्रतिनिधि शाहनवाज आदि मौजूद रहे।

## बकरा चोरी कर काटने के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना सदर बाजार पुलिस ने बकरा चोरी कर काटने के मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार 25 मई को थाना सदर बाजार क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि क्षेत्र के मोहल्ला मामूड़ी निवासी अयान पुत्र बब्बू और मोहल्ला हद्दफ निवासी नदीम पुत्र रईस ने उसके बकरे को चोरी कर काट दिया और बोरे में भर लिया। बकरे को बोरे में रखते हुए महिला ने शोर मचाया, जिस पर दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया। इसी क्रम में आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियोग में नामजद अभियुक्त अयान को एनसीसी तिराहा के पास से दोपहर 2:50 बजे गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त अयान के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस फरार अभियुक्त नदीम की तलाश में जुटी है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना सदर बाजार के उपनिरीक्षक सिद्धार्थ भाटी के साथ कास्टेवल मोनू कुमार आदि मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने मनाया प्रेरणा दिवस



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आह्वान पर मंगलवार को जनपद में प्रेरणा दिवस मनाया गया। यह दिवस स्वर्गीय हरिश्चंद्र अग्रवाल की स्मृति में मनाया जाता है। वर्ष 1979 में 26 मई को एक आंदोलन के दौरान पुलिस की गोली लगने से हरिश्चन्द्र अग्रवाल का निधन हो गया था।

कार्यक्रम में संगठन के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह गोल्डी ने कहा कि सभी व्यापारियों को एकजुट रहना चाहिए और संगठन के साथ मजबूती से खड़ा होना चाहिए, ताकि किसी भी अधिकारी द्वारा व्यापारियों का शोषण न किया जा सके। महानगर अध्यक्ष नरेंद्र शुक्ला ने कहा कि ऑनलाइन कारोबार की वजह से जिन व्यापारियों का व्यवसाय प्रभावित हुआ है, उन्हें अपने व्यापार का एक्सपोर्ट लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन कराना चाहिए। इससे व्यापारी दुनिया के किसी भी देश में अपना व्यापार कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कुल 2.25 लाख एक्सपोर्ट व्यापारियों में से केवल 72 हजार व्यापारी ही सक्रिय हैं, इसलिए व्यापारियों को जागरूक होने की आवश्यकता है। इस दौरान महानगर महामंत्री श्याम मोहन मिश्रा, महानगर संरक्षक आशीष वर्मा, प्रदीप गुप्ता, आरके श्रीवास्तव, महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील मल्होत्रा, युवा जिलाध्यक्ष देवेश गुप्ता, महानगर युवा अध्यक्ष चमन तिवारी, वाजिद अली, मोहम्मद रईस आदि कई व्यापारी मौजूद रहे।

# वर्षों से गुमशुदा महिला को थाना नैमिषारण्य पुलिस ने किया बरामद, परिजनों को सौंपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नैमिषारण्य, सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर इद्भद्मफ्द्य इद्दथन्बथद्य द्वारा गुमशुदा व्यक्तियों की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी मिश्रिख बृजेश कुमार यादव के निर्देशन में थाना नैमिषारण्य पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।थानाध्यक्ष नवनीत मिश्रा के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम द्वारा करीब दो वर्षों से गुमशुदा चल रही महिला शक्ति पत्नी गुलशन पुत्री किशोरी निवासी कनौली फुलवरिया जनपद खडारिया शांति को सकुशल बरामद कर लिया गया।पुलिस टीम ने महिला को बरामद करने के बाद उसे उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। महिला को गुलरान पुत्र हरिनाम निवासी ग्राम इटखेरिया थाना सुरसा जनपद हरदोई की सुपुर्दगी में सौंपा गया।महिला की बरामदगी में मिशन शक्ति टीम के उपनिरीक्षक प्रशान्त सिंह कंास्टेबल अनुज चौधरी, सुभाष चन्द्र एवं महिला कंास्टेबल कंचन पासवान की अहम भूमिका रही। पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास कर महिला का पता लगाते हुए उसे सकुशल बरामद किया गया।

## ज्येष्ठ माह के चतुर्थ बड़े मंगल के अवसर पर जगह-जगह विशाल भंडारे का किया गया आयोजन

कमलापुर, सीतापुर। शहर से लेकर गांव तक बड़ी ही धूमधाम के साथ जगह-जगह किया जा रहा विशाल भंडारों का आयोजन कमलापुर कस्बे से लेकर कई जगह ठंडा शरबत पूडी सब्जी छोला चावल फल आदि के भंडारों का आयोजन किया गया इसी क्रम में उसरी शुक्ला नगर चौराहा पर श्री राम मंदिर पर संगीतमय सुंदरकांड का पाठ करने के उपरांत ठंडा शरबत मीठी बूंदी व छोले चावल सहित फल आदि का विशाल भंडारा का आयोजन किया सिंहपुर में पूड़ी सब्जी खीर का प्रसाद अरबसिंह के द्वारा वितरण किया गया जिसमें ग्राम वासियों सहित क्षेत्र के सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# श्रध्दांजलि सभा एवं पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन

❒ ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक स्व. बाबू बालेश्वर लाल जी की पुण्य तिथि पर अयोजित हुआ कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। कस्बा मिश्रित के मेला मैदान में स्थित विद्यजेन्द्र गेस्ट हाउस में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जिला इकाई सीतापुर के जिलाध्यक्ष सुदीप मिश्रा के नेत्रत्व में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक व महानायक स्व. बाबू बालेश्वर लाल जी की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा एवं बिचार गोष्ठी का आयोजन करके श्रध्दा सुमन अर्पित किए गए ।

इस मौके पर मुख्य अतिथि मान्यता प्राप्त वरिष्ठ पत्रकार पी.एन. शुक्ला , रामकरन सिंह कुशवाहा , अधिवक्ता विनीत तिवारी को अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । मुख्य अतिथियों नें संगठन के सभी पत्रकारो को अंग वस्त्र व डायरी पेन भेंट कर सम्मानित किया । आयोजित कार्यक्रम में स्व. बाबू बालेश्वर लाल जी की प्रतिमा पर भावपूर्ण श्रद्धा सुमन अर्पित करके महान विभूति को शत शत नमन व वंदन किया गया । ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सुदीप मिश्रा ने कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल जी का जन्म 1 जनवरी 193 0 को बलिया जिले के गड़वार में हुआ था । वह इंटर कालेज के प्रवक्ता थे । और प्रवक्ता रहते हुए भी ग्रामीण क्षेत्र की पत्रकारिता करते थे। जिससे ग्रामीण पत्रकारों की पीड़ा उनके दिल में घर कर गई । उन्होंने ग्रामीण अंचल के पत्रकारों को एक मंच पर लाने के लिए ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का गठन 8 अगस्त 1982 को बलिया के गड़वार कस्बे में मात्र 7 पत्रकारों के साथ करके एक समिति बनाई थी । सर्वसम्मति से स्व. श्री बाबू बालेश्वर लाल जी को इस समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया । उन्होने 3 साल के कठिन परिश्रम और तपस्या से ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन को प्रदेश स्तर पर विस्तारित किया । और वर्ष 1986 में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन को पंजीकृत करा दिया । जो आज एक वट वृक्ष के रूप में खड़ा है। जिसकी छाया संगठन के सभी पत्रकारों को मिल रही है । परन्तु दुर्भाग्य की बात यह रही कि दिनांक 27 मई 1987 को वह हम लोगों को छोड़कर चले गए । जिससे पत्रकारिता जगत को एक अपूर्णीय छति हुई । स्व. बाबू बालेश्वर लाल का एक अद्‌भुत व्यक्तित्व के धनी व संघर्ष शील एवं ईमानदार संगठन का नेतृत्व करने की क्षमता रखने वाले ग्रामीण पत्रकार जगत में उनका नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित है । उनका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण पत्रकारों को एक मंच पर लाना था । जिसमें वह सफल रहे । आज इस श्रद्धांजलि सभा में संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं पत्रकारों ने भाव पूर्ण श्रध्दा सुमन अर्पित किया । इस अवसर पर पत्रकार श्रवण कुमार मिश्र , जिला सचिव प्रथम मिश्रा ज्ञानेंद्र मौर्य , कुलदीप त्रिवेदी , विजय यादव , शुभम शुक्ला , रविशंकर , मणिकांत त्रिपाठी, सुनील आनंद , शयामा कुमार मौर्य , राम मिलन मौर्य , राजबहादुर मौर्य , अफरोज अली , अमरेन्द्र सिंह चौहान , संजय दीक्षित , अभिषेक , नवाब खान , मनीष मौर्य आदि उपस्थित रहे ।

## बिसवां बार एसोसिएशन बिसवा के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला का किया ज़ोरदार स्वागत एवं अभिनंदन



**बिसवां, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा के पदाधिकारियों ने प्रोन्नत उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला के बिसवा आगमन पर किया ज़ोरदार स्वागत एवं अभिनंदन।प्रोन्नत उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला का बिसवा आगमन हुआ, बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा अध्यक्ष राज किशोर यादव एड,एवं महासचिव नीरज कुमार श्रीवास्तव एड के नेतृत्व में फूल मालाओं से अधिवक्ताओं ने भव्य स्वागत किया।बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा अध्यक्ष राज किशोर यादव,महासचिव नीरज कुमार श्रीवास्तव,वरिष्ठ अधिवक्ता आर एन सिंह,निवर्तमान अध्यक्ष दिनेश कुमार श्रीवास्तव एड,वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कठेरिया,उपाध्यक्ष इंतिखाब आलम सिद्दीकी, कोषाध्यक्ष अनमोल कन्हैया मौर्या,संयुक्त सचिव पुस्तकालय जितेन्द्र मिश्रा, कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य गुंजन कौशल अग्रवाल,रेनू राजपूत आदि ने उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला को बुके भेंटकर,शाल पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

## अभियान चलाकर 100 से अधिक वाहनों के काटे चालान



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एसपी के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी यातायात शुभम वर्मा ने आज महानगर में सुगम यातायात व्यवस्था के लिए नगर निगम की प्रवर्तन टीम के साथ अंजान चैकी से कन्नौजिया तिराहे तक अभियान चलाया और नो-पार्किंग में खडे वाहनों व दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण पर अभियान चलाकर 100 से अधिक वाहनों के चालान किए। साथ ही रोड पर पड़ने वाले अस्पतालों के बाहर बेतरतीब खडे वाहनों को चेतावनी देकर हटवाया तथा शेष खड़े वाहनों के विरूद्ध एमवी एक्ट के तहत चालान की कार्रवाई की। इस दौरान क्षेत्राधिकारी यातायात द्वारा लोगों से अपील की गई कि अपनें वाहनों को निर्धारित स्थान पर ही खड़ा करें। बेतरतीब खड़ा कर सुगम यातायात में बाधा न उत्पन्न करें। दोपहिया वाहन पर दो से अधिक सवारी न बैठाएं। दो पहिया वाहन पर हेलमेट लगाकर चलें। नशें की हालत में वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का प्रयोग न करें। एम्बुलेंस, पुलिस एवं अग्निशमन वाहनों को तत्काल रास्ता दें। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करें। सीओ ने बताया कि महानगर में सुगम यातायात व्यवस्था के लिए ऐसे अभियान अनवरत रुप से चलते रहेंगे।

## सर्राफा दुकान पर तोड़फोड़ मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार की रात कटरा थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार मार्ग में सर्राफा कारोबारी रवि वर्मा की दुकान पर लोहे की रॉड, चाकू, तमंचा और लाठी-डंडे लेकर अज्ञात लोगों के साथ पहुंचे कुछ सर्राफा व्यापारियों ने तोड़फोड़ शुरू कर दी। कारोबारी रवि वर्मा समेत परिवार के पांच लोगों को पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने रवि वर्मा की तहरीर पर मोहल्ला बंगशान निवासी सर्राफा व्यापारी रामनाथ वर्मा, राजेश वर्मा, राजेंद्र वर्मा, शरद वर्मा, रिशू वर्मा, रोहित वर्मा और सचिन वर्मा के अलावा 12 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। रवि वर्मा ने बताया कि पुरानी रंजिश में नामजद आरोपियों ने अपने अज्ञात साथियों के साथ दुकान पर आकर हमला कर दिया। आरोपियों ने दुकान में तोड़फोड़ कर उन्हें और घर वालों को पीटा। हमले में वह स्वयं, उनके पिता सुभाष वर्मा, छोटे भाई विपिन और पवन तथा बुजुर्ग बाबा रामनिवास वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया कि मारपीट के दौरान एक हमलावर ने तमंचा लहराते हुए जान से मार देने की धमकी दी। फिलहाल, पुलिस ने आरोपी रामनाथ वर्मा, राजेश वर्मा, राजेंद्र वर्मा, शरद वर्मा, रिशू वर्मा, रोहित वर्मा और सचिन वर्मा के अलावा 12 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# आशा बहुओं ने प्रदर्शन कर सीएचसी में चल रहे भ्रष्टाचार की खोली पोल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ सीएचसी अधीक्षक पर रात्रि निवास न करने का आरोप लगाते हुये बीएचईएल में निजी अस्पताल चलाते का आरोप लगाया शुकुल बाजार

अमेठी। तीन माह से मानदेय न मिलने से नाराज आशा कार्यकर्ताओं का गुस्सा बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फूट पड़ा। सैकड़ों की संख्या में पहुंचीं आशाओं और आशा संगिनियों ने सीएचसी परिसर में जोरदार प्रदर्शन करते हुये स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदर्शन के दौरान आशाओं ने सीएचसी में प्रसव, जन्म प्रमाण पत्र और अन्य योजनाओं में खुलेआम वसूली किये जाने के गंभीर आरोप लगाये है। हंगामे के चलते घंटों अस्पताल परिसर में अफरा तफरी का माहौल बना रहा।आशा संघ की ब्लाक अध्यक्ष कमलेश यादव ने आरोप लगाया कि सरकार आशाओं से दिन-रात काम तो ले रही है लेकिन तीन माह से मानदेय तक नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि आशाओं को मिलने वाली मामूली प्रोत्साहन राशि से परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। कई आशाओं ने कहा कि चौदह सौ रुपये की प्रोत्साहन राशि भी पिछले एक वर्ष से लंबित है।प्रदर्शन कर रहीं आशाओं ने सीएचसी प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अस्पताल में प्रसव कराने के नाम पर चार से पांच हजार रुपये तक की वसूली की जाती है। जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिये अलग से रुपये मांगे जाते हैं। आरोप यह भी लगाया गया कि जननी सुरक्षा योजना की धनराशि समय से नही दी जाती और बिना पैसे कोई काम नहीं होता। आशाओं ने यहां तक कहा कि सीएचसी में हर काम का रेट तय है।आशाओं ने अस्पताल की बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर भी नाराजगी जताई। उनका कहना था कि भर्ती मरीजों को समय से भोजन और नाश्ता तक नहीं मिल पाता। कई बार मरीजों के परिजनों को बाहर से खाने की व्यवस्था करनी पड़ती है। आशाओं ने सीएचसी प्रभारी पर रात्रि निवास करने के बजाय बीएचईएल में अपना निजी अस्पताल चलाते हैं।हंगामे की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग में खलबली मच गई। काफी देर तक चले प्रदर्शन के बाद आशाओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो वे कार्य बहिष्कार कर आंदोलन तेज करेंगी।वहीं सीएचसी प्रभारी डॉ. सुधीर वर्मा ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि मानदेय भुगतान की प्रक्रिया चल रही है और जल्द राशि जारी कर दी जायेगी।इस मामले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंशुमान सिंह ने कहा कि आशा कार्यकर्ताओं के मानदेय भुगतान की प्रक्रिया तेजी से कराई जा रही है। सीएचसी में वसूली और अव्यवस्थाओं के लगाये गये आरोपों की जांच कराई जायेगी और शिकायत सही पाये जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

# सोशल मीडिया पर पुलिस के खिलाफ भ्रामक पोस्ट करने वाले पर मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मैलानी खीरी। सोशल मीडिया पर पुलिस प्रशासन के खिलाफ भ्रामक, असत्य और अपमानजनक पोस्ट कर लोक-शांति भंग करने के प्रयास के मामले में मैलानी पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की है। पुलिस ने आरोपी 'एक्स' (ट्विटर) यूजर के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।?भड़काऊ पोस्ट से माहौल बिगाड़ने का प्रयास से?पुलिस के अनुसार, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर सिद्धार्थ गौतम नाम का एक यूजर अपने हैंडल (@Siddhar 13704090) से पिछले कुछ दिनों से लगातार मैलानी और बांकेगंज पुलिस के विरुद्ध मोर्चा खोले हुए था। उक्त यूजर द्वारा पुलिस पर ''गुंडई करने'' तथा ''बिना वर्दी गांवों में जाकर लोगों को डराने-धमकाने'' जैसे पूर्णतः असत्य और निराधार आरोप लगाते हुए कई भ्रामक पोस्ट शेयर की जा रही थीं।?इतना ही नहीं, आरोपी द्वारा अपनी पोस्ट में ''हम भी पैंथर हैं'' और ''इतिहास रचा जाएगा'' जैसे उत्तेजक शब्दों का इस्तेमाल किया जा रहा था। उच्चाधिकारियों को टैग कर किए जा रहे इन पोस्ट्स का मुख्य उद्देश्य किसी विशेष वर्ग को पुलिस प्रशासन के खिलाफ भड़काना, राजकीय कार्य में बाधा डालना और क्षेत्र की कानून-व्यवस्था व लोक-शांति को प्रभावित करना था।?इन धाराओं में दर्ज हुआ मुकदमा?मामले की गंभीरता को देखते हुए मैलानी पुलिस ने त्वरित कार्यवाही की है। पुलिस ने आरोपी सिद्धार्थ गौतम के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और आईटी एक्ट की विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है: BNS की धाराएं: 351(2), 353(2), और 196?आईटी एक्टः धारा 66क?खीरी पुलिस की अपीलः''सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली किसी भी भ्रामक, असत्य या अफवाहपूर्ण सूचना पर बिल्कुल ध्यान न दें। बिना सत्यता जांचे किसी भी प्रकार की भड़काऊ पोस्ट को आगे शेयर (प्रसारित) न करें। कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।''

## प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने पर खंड विकास अधिकारी को सौंपा धन्यवाद पत्र



**लहरपुर, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आपको बताते चलें कि उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव देरी के कारण 26 मई से निवर्तमान ग्राम प्रधानों को ही उनके पंचायत का प्रशासक नियुक्त किया गया है । इस ऐतिहासिक फैसले से प्रधानों में छाई खुशी की लहर वही लहरपुर वीडियो शैलेंद्र सिंह को ब्लॉक पर मौजूद सभी प्रधानों को धन्यवाद दिया प्रशासक के तौर पर प्रधान केवल रूटिन और सामान्य कार्य ही कर सकते हैं। इस मौके पर प्रमुख रूप से ब्लॉक संघ अध्यक्ष महेश वर्मा ,लहरपुर शुभम श्रीवास्तव प्रधान, उमा देवी ,पांडेसराय आबिद अली, इशरत अली ,आदि लोगों ने मुख्यमंत्री जी व पंचायत राज्य मंत्री ओमप्रकाश राजभर को ध्यानवाद ज्ञापित कर ब्लॉक लहरपुर में स्थित प्रधानों ने एक दूसरे को मिठाई खिला कर बधाई दिया ।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर ब्रह्मव्रत तीर्थ के तालाब की लगभग 40 बीघा जमीन कराई गयी कब्जा मुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ डीएम ने समस्त उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को 2 हेक्टेयर एवं उससे अधिक क्षेत्रफल वाले तालाबों का चिन्हीकरण कर सूची तैयार करने तथा अतिक्रमण हटाने के दिए हैं निर्देश

सम्भल , बहजोई। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल द्वारा दिनांक 20 मई 2026 को जनपद में चकमार्गों, तालाबों एवं सरकारी भूमि से अवैध कब्जे हटाने के संबंध में समस्त उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं खण्ड विकास अधिकारियों के साथ गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को चकमार्गों, सरकारी तालाबों एवं अन्य सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश दिए थे।

साथ ही जिलाधिकारी द्वारा जनपद में 2 हेक्टेयर एवं उससे अधिक क्षेत्रफल वाले तालाबों का चिन्हीकरण कर उनकी सूची तैयार करने तथा उन पर से अवैध कब्जा हटाने के निर्देश भी दिए गए थे। इसी क्रम में आज उप जिलाधिकारी सम्भल निधि पटेल के नेतृत्व में राजस्व टीम जिसमें तहसीलदार सम्भल धीरेन्द्र कुमार सिंह एवं नायब तहसीलदार दीपक कुमार जुरैल सम्मिलित रहे द्वारा तहसील सम्भल के ग्राम मुजाहिदपुर सराय स्थित प्राचीन ब्रह्मव्रत तीर्थ के तालाब की लगभग 2.5 हेक्टेयर (लगभग 40 बीघा) भूमि का चिन्हीकरण करते हुए उस पर से अवैध कब्जा हटाकर भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया।

उप जिलाधिकारी सम्भल ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार चकमार्गों, तालाबों एवं सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटाने का अभियान लगातार जारी रहेगा। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने कहा कि जनपद में तालाबों, चकमार्गों एवं सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि तालाबों का संरक्षण जल संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए तालाबों के चिन्हीकरण, संरक्षण एवं अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई प्राथमिकता के आधार पर की जा रही है।

## ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर सार्वजनिक अवकाश 28 मई को: डीएम



रायबरेली ।जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने बताया है कि उत्तर प्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन अनुभाग की विज्ञप्ति संख्या-671/तीन-2025-39 (2)/2016 दिनांक-17.11.2025 द्वारा वर्ष 2026 हेतु घोषित अवकाशों की सूची के प्रस्तर-2 (1) में वर्ष 2026 के सार्वजनिक अवकाश की सूची के क्रमांक-12 पर दिनांक 27 मई, 2026 (दिन बुधवार) को ईद-उल-अजहा (बकरीद) के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया था जिसकी तिथि चन्द्र दर्शन के आधार पर परिवर्तनीय थी। उक्त के क्रम में उत्तर प्रदेश में दिनांक-28 मई 2026 दिन (गुरुवार) को ईद-उल-अजहा (बकरीद) मनाई जायेगी। इस सम्बन्ध में शासन की विज्ञप्ति के अनुसार इस सीमा तक संशोधित किया गया है। तदनुसार इस कार्यालय द्वारा वर्ष 2026 के लिए निर्गत अवकाश काल को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जायें।

# रास्ते में घेरकर युवक को मारी गोली, हालत गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ मेसाद ने थानाध्यक्ष उदयवीर सिंह को दिए बयान में आरोप लगाया है कि उसके बहनोई भूरा उर्फ मुनाजिर और उसके साथियों ने उसे जान से मारने की नीयत से हमला किया

बदायूं। इस्लामनगर क्षेत्र में रात एक युवक को रास्ते में घेरकर गोली मार दी गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक ने अपने बहनोई और उसके साथियों पर आरोप लगाया है। पुलिस जांच कर रही है।

बता दे कि इस्लामनगर क्षेत्र में बहन के तलाक के मुकदमे की पैरवी करने वाले भाई पर जानलेवा हमला किया गया। आरोप है कि बहनोई ने अपने साथियों के साथ मिलकर खेत से लौट रहे युवक को रास्ते में घेर लिया और पिटाई के बाद तमंचे से उसे गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल भिजवाया। मामले में पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव लश्करपुर ओईया निवासी मेसाद की बहन मिस्कीन की शादी करीब पांच वर्ष पूर्व पास के गांव नदेरी निवासी भूरा उर्फ मुनाजिर के साथ हुई थी। बताया जाता है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गया था। विवाद बढ़ने पर दोनों अलग हो गए और मामला तलाक तक पहुंच गया। रिश्तेदारों द्वारा कई बार समझौते के प्रयास किए गए, लेकिन बात नहीं बन सकी। इसके बाद कोर्ट में तलाक का मुकदमा दायर किया गया, जिसकी पैरवी मेसाद कर रहा था। वहीं ग्रामीणों के अनुसार, भूरा उर्फ मुनाजिर अपने साले मेसाद पर मुकदमे की पैरवी न करने का दबाव बना रहा था। आरोप है कि जब मेसाद नहीं माना तो मंगलवार रात नदेरी-ओईया रोड पर भूरा अपने साथियों के साथ चार पहिया वाहन से पहुंचा। उसने मेसाद को रोक लिया। पहले आरोपियों ने मेसाद के साथ मारपीट की, इसके बाद तमंचे से गोली मार दी। गोली लगते ही मेसाद घायल होकर सड़क किनारे गिर पड़ा और आरोपी मौके से भाग गए। घटना के दौरान रास्ते से गुजर रहे राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदायन पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में उसका इलाज जारी है। घायल मेसाद ने थानाध्यक्ष उदयवीर सिंह को दिए बयान में आरोप लगाया है कि उसके बहनोई भूरा उर्फ मुनाजिर और उसके साथियों ने उसे जान से मारने की नीयत से हमला किया और गोली मारी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि घायल के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## डीएम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ किया ईवीएम व वीवीपीएटी वेयरहाउस का बाह्य निरीक्षण

बदायूँ। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम व वीवीपीएटी वेयरहाउस का राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ बाह्य निरीक्षण किया। सभी ईवीएम व वीवीपीएटी पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं व वहां 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था है तथा सीसीटीवी कैमरे भी संचालित हैं। जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरो की स्थिति का अवलोकन भी किया तथा उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर भी किए। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने की गई व्यवस्थाओं पर अपना संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व त्रिभुवन सिंह सहित अन्य अधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# एनकार्ड की बैठक सम्पन्न, प्रवर्तन अभियान जारी रखने के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एनकार्ड की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नशीली दवाओं, अवैध शराब निर्माण की रोकथाम के लिए अब तक हुई कार्यवाही की विस्तार से समीक्षा की गई और आगामी रणनीति पर चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शेड्यूल एच-1 रजिस्टर समस्त रिटेल मेडिकल स्टोर संचालक बनायें तथा उसमें नारकोटिक्स ड्रग सेल का विवरण भरेंगे। बिना डॉक्टर प्रिस्क्रिप्शन के नारकोटिक्स ड्रग का सेल कोई भी फुटकर औषधि विक्रेता नहीं करेंगे। नारकोटिक्स ड्रग सेल का अलग से कैश मेमो रिकॉर्ड बनाया जाए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति अभियान को प्रभावी बनाते हुए विद्यार्थियों एवं युवाओं को जागरूक किया जाए, ताकि समाज में नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जा सके। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जनपद में अवैध कच्ची शराब के निर्माण करने वालों पर लगातार प्रवर्तन की कार्यवाही की जा रही है, प्रवर्तन की कार्यवाही को और अधिक प्रभावी बनाए जाने हेतु ड्रोन कैमरे का उपयोग किये जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, सीओ महराजगंज प्रदीप कुमार, जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सरसोता कुंड में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका, पुलिस जांच में जुटी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ जितेंद्र मंगलवार शाम ससुराल जाने की बात कहकर घर से निकला था लेकिन बुधवार को उसका शव मिलने से हडकम्प मच गया

बदायूँ। सहसवान क्षेत्र में बुधवार सुबह सरसोता कुंड से एक युवक का शव मिला। मृतक की पहचान कोठा गांव निवासी जितेंद्र (23) के रूप में हुई। जितेंद्र मंगलवार शाम ससुराल जाने की बात कहकर घर से निकला था। बता दें कि सहसवान कोतवाली क्षेत्र के सरसोता कुंड में बुधवार सुबह एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई।

स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकलवाया और उसकी शिनाख्त कराने के प्रयास शुरू किए। मृतक की पहचान इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव कोठा निवासी जितेंद्र (23 वर्ष) पुत्र लीलाधर के रूप में हुई। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक बुधवार सुबह स्थानीय लोगों ने सरसोता कुंड में एक युवक का शव उतराता देखा। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर सहसवान कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाकर जांच पड़ताल शुरू की। काफी प्रयासों के बाद युवक की पहचान गांव कोठा निवासी जितेंद्र के रूप में हुई। सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए।

ससुराल जाने की कहकर घर से निकला था युवक

परिजनों ने बताया कि जितेंद्र मंगलवार शाम अपने घर से जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव जल्लूपुर स्थित अपनी ससुराल जाने की बात कहकर निकला था। देर रात तक उसके वापस न आने पर परिजनों को चिंता हुई, लेकिन बुधवार सुबह उसके शव मिलने की सूचना से परिवार में मातम छा गया।वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसको लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। पुलिस मामले को संदिग्ध मानते हुए हर पहलू की जांच कर रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ के साथ ही युवक की गतिविधियों की जानकारी जुटाई जा रही है।

## कछला व अटैना घाट पर व्यवस्थाओं के संबंध में डीएम ने की बैठक

**बदायूँ , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने कछला गंगा घाट व अटैना घाट पर विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत व्यवस्थाओं के संबंध में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आहुत बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि विभिन्न पर्व व स्नान घटना रहित हो, इस प्रकार की व्यवस्थाएं की जाएं जिससे श्रद्धालुओं को सुविधा हो। कलेक्ट्रेट स्टेट अटल बिहारी वाजपेई सभागार में बुधवार को आहूत बैठक में जिलाधिकारी अवनीश राय ने कछला गंगा घाट व अटैना घाट पर स्थाई रूप से पब्लिक एड्रेस सिस्टम, सीसीटीवी कैमरा, प्रकाश व्यवस्था करने तथा पार्किंग व स्नान सीमा आदि हेतु बैरिकेडिंग करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रकाश, पार्किंग, बैरिकेडिंग, डेंजर जोन, सेक्टर/जोन आदि को प्रदर्शित करने वाले संकेतक भी आवश्यक रूप से लगाए जांए। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त अन्य घाटों पर भी व्यवस्थाएं कराई जाएं। डीएम ने स्थाई रूप से वॉच टावर की स्थापना करने हेतु मुआयना करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए

इस अवसर पर एसएसपी अंकिता शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## स्वर्णकार समाज ने राजनीतिक भागीदारी की उठाई मांग, आंदोलन की दी चेतावनी



**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महराजगंज कस्बे के प्रतिष्ठित व्यापारी शिव कैलाश सोनी की दुकान पर बुधवार को स्वर्णकार समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज की राजनीतिक भागीदारी और अधिकारों को लेकर जोरदार आवाज उठाई गई। बैठक में बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने हिस्सा लेकर संगठन की मजबूती और राजनीतिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने पर चर्चा की।

बैठक को संबोधित करते हुए स्वर्णकार समाज के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी विमल रस्तोगी ने कहा कि स्वर्णकार समाज वर्षों से राजनीतिक उपेक्षा का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि समाज की संख्या और योगदान के बावजूद राजनीतिक दलों द्वारा उचित प्रतिनिधित्व नहीं दिया जा रहा है। अब समाज अपने अधिकारों और सम्मान की लड़ाई के लिए एकजुट होकर आवाज बुलंद करेगा।उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि स्वर्णकार समाज की मांगों को लगातार नजरअंदाज किया गया, तो आने वाले समय में जिला स्तर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने समाज के युवाओं से आगे आकर संगठन को मजबूत बनाने और सामाजिक व राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में समाज के लोगों ने एक स्वर में कहा कि अब समय आ गया है कि स्वर्णकार समाज अपनी राजनीतिक ताकत को पहचानते हुए संगठित रूप से आगे बढ़े। साथ ही समाज के हितों की रक्षा और नई पीढ़ी को नेतृत्व देने पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर अशोक रस्तोगी, शिव भजन स्वर्णकार, विमल रस्तोगी, सत्रोहन लाल वर्मा, शिव कैलाश वर्मा, सूर्य प्रकाश वर्मा, राजेश कुमार सोनी, राजीव रस्तोगी, विजय शंकर (लल्लू) रस्तोगी, मोहित वर्मा, अंशु वर्मा (देवेश), प्रमोद वर्मा, अर्पित वर्मा, शक्ति रस्तोगी, प्रदीप रस्तोगी, राजकुमार रस्तोगी, शुभम रस्तोगी सहित बड़ी संख्या में स्वर्णकार समाज के लोग उपस्थित रहे।

## शादी तय होने से नाराज युवकों ने युवती को दी जान से मारने की धमकी




**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे बल्दी मजरे खैरा निवासी एक युवती ने कुछ लोगों पर फोन कर जान से मारने की धमकी देने, अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देने तथा घर पहुंचकर गाली-गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाया है। मामले में पीड़िता ने थाना महराजगंज में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थिनी कांक्षी पुत्री सुरेश कुमार यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी शादी पूरे चरी पहाड़पुर निवासी मोनू यादव पुत्र गंगा प्रसाद यादव के साथ तय हुई है। आरोप है कि इसी रंजिश को लेकर प्रदीप यादव पुत्र जगदेव यादव निवासी पूरे चरी पहाड़पुर, अंकित गौतम पुत्र सहदेव गौतम निवासी सारीपुर, मुकेश पासी पुत्र राम किशोर पासी निवासी पहाड़पुर तथा कुछ अज्ञात लोग लगातार फोन कर उसे और उसके होने वाले पति को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। साथ ही गंदे फुटेज व वीडियो वायरल करने की भी धमकी दी जा रही है। पीड़िता के अनुसार, उसने पहले भी थाना महराजगंज में शिकायत दी थी। आरोप है कि उसी रात करीब 11 बजे आरोपी अपने कुछ साथियों के साथ उसके घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं, पीड़िता के भाई के साथ रास्ते में घेरकर मारपीट भी की गई और जान से मारने की धमकी भी दी गई किसी तरह पीड़िता का भाई अपनी जान बचाकर भाग निकला। घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस के पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। पीड़िता ने पुलिस से मामले में सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मामले में जगदीश यादव का कहना है कि मुकदमा पंजीकृत किया गया है जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## दबिश के दौरान 18 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद 2 अभियोग पंजीकृत

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका के आदेशानुसार अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र- 2 रोबिन आर्य मय हमराह एवं थाना शिवगढ़ की पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। टीम द्वारा महराजगंज तहसील के थाना-शिवगढ़ अंतर्गत ग्राम-चितवनिया एवं कोईलीखेड़ा में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों/संदिग्ध घरों में दबिश के दौरान जनपद में कुल 18 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 02 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गए। जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

## 10 मेधावी विद्यार्थियों का किया गया सम्मान जिलाधिकारी एवं एचडीएफसी बैंक ने किया उत्साहवर्धन

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला प्रशासन रायबरेली एवं एचडीएफसी बैंक के संयुक्त तत्वावधान में आज जिलाधिकारी के कलेक्ट्रेट कक्ष में जिले के तीन प्रमुख शिक्षा बोर्ड- यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड और आईएससी बोर्ड के इंटरमीडिएट वर्ग में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 10 मेधावी छात्र-छात्राओं को जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं उपहार भेंट कर सम्मानित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया। जिसमें यूपी बोर्ड से नंदिनी गुप्ता (93.80 /), जया शुक्ला (93.40 प्रति0), वैष्णवी (92.60 प्रति0) एवं सीबीएसई बोर्ड से प्रभात चौरसिया व काजल यादव (97 प्रति0), शगुन यादव (96.06 प्रति0) तथा आईसीएसई बोर्ड से निष्ठा वर्मा (96.1 प्रति0), आदित्य कुमार शुक्ला व समृद्धि श्रीवास्तव (96 प्रति0), श्रेया श्रीवास्तव (95.75 प्रति0) शामिल है। जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे सम्मान समारोह युवाओं में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा एवं उत्कृष्टता की भावना को बढ़ावा देते हैं।

# तालाब को कब्जा मुक्त कराने में सहयोग न करने एवं बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर ग्राम विकास अधिकारी निलम्बित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सभल। जिलाधिकारी सम्भल के निर्देशानुसार जनपद में जल संरक्षण, तालाबो की मूल स्थिति पुर्नस्थापित करने एवं अतिक्रमण हटाओ अभियान को प्राथमिकता के आधार पर संचालित किया जा रहा है। चयनित तालाबों एवं चकरोडों को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु समस्त खण्ड विकास अधिकारियों एवं ग्राम पंचायत सचिवों को पूर्व में आवश्यक निर्देश प्रदान किये गये थे।

इसी क्रम में विकास खण्ड जुनावई क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायत झुकेरा में स्थित तालाब भूमि गाटा संख्या रकबा 2.290 हे0 भूमि को कब्जा मुक्त कराने में सहयोग न करने, खण्ड विकास अधिकारी से बिना अवकाश स्वीकृत कराये मुख्यालय से अनुपस्थित रहने तथा शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं अभियानों में अपेक्षित रुचि न लेने के सम्बन्ध में ग्राम विकास अधिकारी श्री उमेश कुमार की शासकीय कार्यों के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता परिलक्षित हुई है। मुख्य विकास अधिकारी, सम्भल की समीक्षा में यह भी पाया गया कि संबंधित कार्मिक द्वारा फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी, आयुष्मान कार्ड, पांडुलिपि सर्वे, मनरेगा मानव दिवस सृजन, गौशाला में हरा चारा एवं गर्मी से बचाव हेतु समुचित प्रबन्ध आदि कार्यों में लापरवाही बरती गयी। मुख्य विकास अधिकारी, सम्भल के निर्देशानुसार उक्त प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिला विकास अधिकारी, सम्भल द्वारा दिनांक 26 मई, 2026 को ग्राम विकास अधिकारी श्री उमेश कुमार को निलम्बित कर विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ की गयी है।मुख्य विकास अधिकारी, सम्भल द्वारा इसके अतिरिक्त समस्त ग्राम पंचायत सचिवों के साथ बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिये गये कि अतिक्रमण हटाओ अभियान, तालाब पुनरूद्धार, जल संचयन एवं शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जायेगी। जो भी कार्मिक शासनादेशों एवं उच्चाधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना करेगा, उसके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। मुख्य विकास अधिकारी, सम्भल द्वारा यह भी अवगत कराया कि जिलाधिकारी, सम्भल द्वारा निर्देशित किया गया है कि जल संरक्षण एवं वाटर कंजर्वेशन हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायत में तालाबों का चयन किया जाना है जिसको विकसित भारत-जीरामजी योजना तथा राज्य वित्त आयोग के कन्वर्जेंस से कार्य किया जाना है। इसी के साथ मुख्य विकास अधिकारी, सम्भल द्वारा उपयुक्त श्रम रोजगार, जिला पंचायत राज्य अधिकारी तथा सभी खंड विकास अधिकारियों को आदेश दिया गया है कि नियमित रूप से भ्रमण करके जल संचयन तथा तालाब जीर्णोद्धार के लिए और विकसित भारत-जीरामजी योजना में निर्देशित कार्यों को प्राथमिकता पर किया जाए, जो ग्राम पंचायत सचिव आदेशों की अवहेलना करेंगे उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# स्विमिंग पूलों की जांच के लिए पहुंची पालिका टीम पर हमला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। गर्मी के मौसम में स्विमिंग पूलों पर बढ़ती भीड़ को देखते हुए नगर पालिका ने मंगलवार को शहर के विभिन्न स्विमिंग पूलों की जांच का अभियान चलाया। इस दौरान टीम सुरक्षा मानकों, साफ-सफाई और आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने पहुंची, लेकिन जांच टीम को अपेक्षित सहयोग नहीं मिल सका।

एक स्वीमिंग पूल संचालक ने टीम से अभद्रता करते हुए उसे भगा दिया। ऐसे में वह बिना जांच कर वापसी आ गई। इसके बाद में पालिका के सहायक अभियंता जल की ओर से पुलिस को तहरीर देकर केस दर्ज करने की मांग की गई है। नगर पालिका की टीम सबसे पहले हरप्रसाद मंदिर के पास संचालित स्विमिंग पूल पर पहुंची। हालांकि, मौके पर स्विमिंग पूल बंद मिला। इसके कारण टीम वहां कोई जांच नहीं कर सकी। इसके बाद अधिकारी शहर से बाहर स्थित न्यू अलहम्द वाटर पार्क का निरीक्षण करने पहुंचे। पालिका सहायक अभियंता जल सचिन सक्सेना का आरोप है कि स्विमिंग पूल पर पहुंचने के बाद संचालक ने जांच प्रक्रिया में सहयोग नहीं किया। टीम ने पूल की व्यवस्थाओं और सुरक्षा मानकों का निरीक्षण करने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें अंदर जाने नहीं दिया गया। आरोप है कि उनके वाटर पार्क संचालक की ओर गाली-गालौज मारपीट भी की गई। इसके चलते अधिकारी बिना जांच पूरी किए ही लौट आए। इसके बाद में पालिका अध्यक्ष व ईओ को इसके बारे में जानकारी दी गई। जिसके बाद में सचिन ने सरकारी काम में सहयोग न करने, जातिसूचक गालियां देने की तहरीर दी है। जो भी वाटर पार्क बिना मानक संचालित हो रहे हैं, उनकी जांच कराई जा रही है। यदि कोई संचालक जांच में सहयोग नहीं करेगा तो संबंधित के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। अभिषेक सिंह, एसपी सिटी

# ब्रह्म भोज एवं विशाल भंडारे के साथ रघुनाथ मंदिर में वार्षिकोत्सव का समापन

❒ श्री रघुनाथ मंदिर वार्षिकोत्सव, श्री विष्णु महायज्ञ एवं विशाल भंडारा अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदांयू। आयोजक सनातन धर्म सभा द्वारा श्री रघुनाथ मंदिर (पंजाबी मंदिर), बदांयू में आयोजित श्री रघुनाथ मंदिर वार्षिकोत्सव, विष्णु महायज्ञ एवं विशाल भंडारा अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कई दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन सहभागिता कर धर्म लाभ प्राप्त करते रहे। वहीं कार्यक्रम का शुभारंभ 18 मई से मातृशक्ति द्वारा श्रद्धापूर्वक श्री रामचरितमानस नवान्ह पाठ के साथ हुआ। नौ दिनों तक मंदिर परिसर में गूंजती चौपाइयों, रामनाम संकीर्तन एवं मधुर भजनों ने सम्पूर्ण वातावरण को भक्तिरस एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। वहीं 24 मई को आयोजित ल्भक्ति की स्वरांजलि ऽ श्री राधा कृष्ण चरणों मेंङ्क कार्यक्रम एवं श्री राम नवमी शोभायात्रा की सेवाओं में सम्मिलित संस्थाओं के सम्मान समारोह में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

इस अवसर पर बाल दुर्गा मंडल, सुंदरकांड पाठ समिति एवं विश्व हिन्दू परिषद महिला संकीर्तन मंडल द्वारा भजन प्रस्तुति दी गई। वहीं 25 मई को वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य श्री विष्णु महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। यज्ञाचार्य कृष्ण शंकर पराशरी के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर विश्व कल्याण एवं सुख-समृद्धि की कामना की। इसी दिन रात्रि में आयोजित राधा नाम प्रेम उत्सव में पूज्य किशोरी शरण महाराज अमन मिश्री द्वारा प्रस्तुत मधुर भजनों ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। वहीं 26 मई को आयोजित एक शाम युगल सरकार के नाम कार्यक्रम में भजन जगत के सुप्रसिद्ध स्वर सम्राट मनीष चौहान एवं दीपेश सुनेजा द्वारा प्रस्तुत दिव्य एवं भावपूर्ण भजनों ने सम्पूर्ण वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मंदिर परिसर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ से खचाखच भरा रहा तथा बाहर बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाकर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। श्रद्धालुजन भजनों की धुन पर झूमते एवं भक्तिमय नृत्य करते दिखाई दिए। वहीं 27 मई को रामचरितमानस नवान्ह पाठ का भावपूर्ण समापन आरती के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पाठ करने वाली माताओं एवं बहनों को श्रद्धा एवं सम्मान के साथ आकर्षक उपहार, स्मृति चिन्ह एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। महिलाओं की भक्ति, अनुशासन एवं समर्पण की सभी श्रद्धालुओं ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। तत्पश्चात वैदिक मंत्रोच्चारण एवं भक्तिमय वातावरण के मध्य श्री विष्णु महायज्ञ की पूर्ण आहुति सम्पन्न हुई। श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर भगवान श्री हरि विष्णु से सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

पूर्णाहुति उपरांत आयोजित ब्रह्म भोज एवं विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ प्राप्त किया। सभा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सेवकगण श्रद्धालुओं को प्रेमपूर्वक प्रसाद वितरित करते एवं सेवा कार्यों में समर्पित दिखाई दिए। सभा के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार चड्डा ने बताया कि सम्पूर्ण वार्षिकोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह एवं भक्ति भाव देखने को मिला तथा सभी कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुए।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय व्यापार बन्धु की बैठक सम्पन्न

रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला व्यापार बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद के व्यापारियों एवं उद्यमियों से संबंधित विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि व्यापारियों की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए, जिससे व्यापारिक गतिविधियां सुचारु रूप से संचालित हो सकें। उन्होंने कहा कि व्यापार एवं उद्योग के विकास के लिए प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है तथा व्यापारियों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। बैठक में व्यापारियों द्वारा विद्युत व्यवस्था, सड़क, यातायात, साफ-सफाई, सुरक्षा एवं अन्य स्थानीय समस्याओं से संबंधित विषय उठाए गए, जिन पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि नगर पालिका क्षेत्र में कहीं भी अवैध स्टैण्ड संचालित न होने पाए। अधिकृत स्टैण्डों पर निर्धारित शुल्क ही लिया जाए तथा शुल्क की रेट लिस्ट प्रत्येक स्टैण्ड पर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित की जाए, जिससे ओवररेटिंग की समस्या न उत्पन्न हो।

# सीएम डैश बोर्ड पर मंडल की रैंकिंग न हो प्रभावित : मंडलायुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्ष ता में सीएम डैश बोर्ड पर विकास कार्यो की समी क्षा कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यो की समीक्षा हुई। मंडलायुक्त ने वर्चुअली समीक्षा बैठक में चारो जन पदों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडल की रैंकिंग प्रभावित न हो।बैठक के दौरान आयुक्त ने मंडल में संचालित विभिन्न विकास परियोजनाओं, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विभागीय उपल ब्धियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने शासन की प्राथमिकताओं वाले कार्यक्रमों,लंबित प्रकरणों, वि भागीय रैंकिंग तथा जनहित से जुड़े कार्यों की प्रग ति पर गहन चर्चा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट और कड़े निर्देश दिए।आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर विभागों की रैंकिंग शासन स्तर पर कार्यप्रणाली का महत्वपूर्ण मानक है, इसलिए जिन विभागों की प्रगति संतोषजनक नहीं है,वे तत्काल सुधारात्मक कदम उठाकर अप नी रैंकिंग बेहतर करें। उन्होंने कहा कि किसी एक विभाग की खराब स्थिति से पूरे मंडल की रैंकिंग प्रभावित होती है,जिसे किसी भी स्थिति में स्वीका र नहीं किया जाएगा।उन्होंने अधिकारियों को निय मित समीक्षा, प्रभावी मॉनिटरिंग और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। फैमिली आईडी निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने धीमी गति पर नाराजगी जताई।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम स्तर पर विशेष कैंप आयोजित कर फैमिली आईडी बनाने का कार्य तेज किया जाए। उन्होंने कहा कि पात्र परिवारों का शीघ्र पंजीकरण सुनिश्चित कर शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाया जाए तथा इस कार्य में मंडल की रैंकिंग में सुधार लाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। आयुक्त ने सभी मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देशित कर ते हुए कहा कि विभिन्न योजनाओं से संबंधित आ वेदन पत्रों की समयबद्ध जांच कर पात्र लाभार्थियों को शीघ्र लाभ पहुंचाया जाए,उन्होंने स्पष्ट कहा कि कोई भी आवेदन निर्धारित समय सीमा से अधिक लंबित नहीं रहना चाहिए।साथ ही लंबित प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग कर गुणवत्ता के साथ उन का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को विशेष निर्देश देते हुए कहा कि योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र महिलाओं तक प हुंचे तथा संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएं।

उन्होंने योजना की रैंकिं ग में सुधार लाने के लिए स्वास्थ्य विभाग सहित सं बंधित अधिकारियों को गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए।बैठक में स्वास्थ्य,शिक्षा,राजस्व, पंचा यत, कृषि, पेयजल, सड़क निर्माण, विद्युत आपूर्ति समेत अन्य विभागों की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई।आयुक्त ने कहा कि शासन की जनकल्या णकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।सभी अधि कारी टीम भावना के साथ कार्य करते हुए योजना ओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करें तथा जनता को समयबद्ध लाभ उपलब्ध कराना सुनि श्चित करें।बरसात के मौसम को देखते हुए आयुक्त ने मंडल में चल रही निर्माणाधीन परियोजनाओं की भी समीक्षा की।उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि वर्षा शुरू होने से पहले सभी निर्माण कार्य पूर्ण कर लिए जाएं अथवा अधिक तम कार्य पूरा कर लिया जाए, ताकि जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो और परियोजनाएं समय पर पूरी हो सकें। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने तथा निर्धारित मानकों के अ नुरूप कार्य कराने के भी निर्देश दिए।आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी।सभी अधिकारी जवाब देही के साथ कार्य करें और यह सुनिश्चित करें कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध रूप से पहुंचे।उन्होंने कहा कि मंडल की रैंकिंग सुधारना सभी विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है और इसके लिए प्रत्येक अधिकारी को पूरी गंभीर ता एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना होगा।

# महिला का मंगल सूत्र झपटने वाला शातिर गिरफ्तार, गोंडा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। दिनदहाड़े महिला से मंगलसूत्र छीनने के आ रोपी अजय उर्फ कालिया को नगर कोतवाली पुलि स ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया मंगलसूत्र भी बरामद कि या है।यह घटना 25 मई को दोपहर 3 बजे गुड्डूमल चौराहे के पास हुई थी। जब इटियाथोक थाना क्षेत्र के ढेढवा गुलाम गांव की रहने वाली काजल पास वान ठठेरी बाजार से सामान खरीदकर लौट रही थीं।वह सड़क किनारे खड़ी होकर फोन पर बात कर रही थीं, तभी अजय उर्फ कालिया ने उनके गले से मंगलसूत्र छीन लिया और फरार हो गया पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। काजल पासवान की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया था। नगर कोतवाल बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पांडेय बाजार चौकी प्रभारी प्रशांत गुप्ता और उनकी टीम ने एससीपीएम चौकी के पास से आरो पी अजय उर्फ कालिया को गिरफ्तार किया छिने ती के दौरान काजल पासवान के सीने में चोट आ ई थी और उनकी साड़ी का कुछ हिस्सा फट गया था। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।नगर कोतवाल ने यह भी बताया कि घटना स्थल भीड़भाड़ वाला इलाका है,जहां सुरक्षा व्यवस्था तैनात की गई है और सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं।उन्होंने आश्वासन दिया कि बाजारों में लोगों को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। 25 मई से ही मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश की जा रही थी सीसीटीवी कैमरे के आधार पर 48 घंटे के अंदर ही आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत सम्पन्न हुआ 705 कन्याओं का विवाह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत गेंद घर मैदान में मुख्य अतिथि सांसद बहराइच डॉ आनन्द कुमार गोंड ने एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर, विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख शिवम् जायसवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, ब्लाक प्रमुख रिसिया संजय जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार व अन्य अतिथियों एवं अधिकारियों के साथ मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान पात्र कुल 705 कन्याओं जिनमें 94 जोड़े अल्पसंख्यक (मुस्लिम समुदाय) के हैं, जिनका विवाह उनकी सामाजिक/धार्मिक मान्यता एवं परम्परा/रीति-रिवाज के साथ सम्पन्न हुआ। सामूहिक विवाह समारोह में मौजूद जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, गणमान्य व संभ्रान्तजन द्वारा सभी नवविवाहित जोड़ों को दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी ईश्वर से प्रार्थना है कि वर-वधू सम्पूर्ण जीवन खुशहाल ज़िन्दगी बसर करें और इनके जीवन में कोई कष्ट न आए। अतिथिगण ने विवाह वेदी, जयमाल पण्डाल तथा निकाह घर में जाकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया तथा उपहार भेंट कर उन्हें विदा किया।

वैवाहिक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद डॉ. गोंड व अन्य वक्ताओं ने कहा कि समाज कल्याण विभाग की समस्त योजनाओं का संचालन गरीब जनता के लिये किया जा रहा है। सरकार हर गरीब तक योजनाओं को पहुँचाने के लिये प्रतिबद्ध है इसके लिए मैं प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को समस्त बहराइच की जनता की ओर से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। सांसद डॉ. गोंड ने कहा कि इस योजना के सुचारू संचालन के लिए बजट की पर्याप्त व्यवस्था के साथ ही बजट की धनराशि दोगुनी करते हुए इस वर्ष प्रति जोड़ा एक लाख रुपये की गयी है तथा प्रदेश की एक लाख गरीब कन्याओं का विवाह कराने के लिए जनपदो के जिला अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। कार्यक्रम के अन्त में जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय द्वारा आभार ज्ञापित किया गया।

# काशीपुर व वर्तारा में मनरेगा योजना का बंटाधार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले के करनैलगंज ब्लॉक में जिम्मेदारों की मिलीभगत से मनरेगा योजना में फर्जी मस्टर रोल का खेल जारी है।सरकारी धन की बंदरबांट का आलम यह है कि मनरेगा श्रमिकों की हाजिरी घर घर जा कर फ़ेस रेटीना की जा रही है और अलग-अलग दिन और भिन्न-भिन्न कार्यों पर अपलोड की जा रही है।इतना बड़ा खेला होने के बाद भी जिम्मे दार अधिकारी आंखें बंद किए हुए हैं और प्रधान व रोजगार सेवक एवं कर्मचारी मनरेगा योजना का भट्ठा बैठाने में लगे हुए हैं।केंद्र व प्रदेश सरकार मन रेगा योजना में पारदर्शिता के लिए तमाम कायदे-कानून बना रखी है,जिससे श्रमिकों को गांव में ही काम मिल सके,परन्तु जिले की करनैलगंज विका स खंड की ग्राम पंचायत काशीपुर और वर्तारा के जिम्मेदार इस योजना में तमाम तरह के हथकंडे अपनाकर शासनादेश की धज्जियां उड़ाने से नहीं चूक रहे हैं। इन ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्यों में चल रहे मस्टर रोल में अधिक मजदूरों की जगह बहुत ही कम मजदूर कार्य करते दिखाई दिए। इतना ही नहीं,हद तो यह है धरातल से ही फ़ेस रेटिं ना होना चाहिए और दोनों समय का फोटो अप लोड करनी होती है लेकिन यहां तो उसकी धज्जि यां उड़ाई जा रही है,फर्जी मस्टर रोल के जरिए न सिर्फ सरकारी धन को चूना लगाया जा रहा है, बल्कि सरकार की मंशा पर पानी फ़ेरने का भी काम किया जा रहा है।वहीं ग्रामीणों की मानें तो गांव में कराए जा रहे कार्यों पर कुछ मनरेगा मजदू र ही कार्य करते हैं,बाकी मजदूर कागजों में दिखा ई देते हैं।ग्रामीणों के अनुसार, प्रधान द्वारा अपने स्वार्थ के लिए सैकड़ों की संख्या में मनरेगा योजना की लिस्ट में अपने चहेतों का नाम पहले से ही डल वा दिया गया है और उनके नाम पर भुगतान भी होता रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि अगर जिले के सम्बन्धित उच्चाधिकारी मनरेगा योजना के का र्यों का औचक निरीक्षण करें तो जमीनी सच्चाई खुद-ब-खुद सामने आ जाएगी।

### करनैलगंज ब्लॉक में भ्रष्टाचार पर मूकदर्शक बने हुए हैं खंड विकास अधिकारी व एपीओ

### टीम गठित कर कराई जाएगी जांचः सीडीओ

करनैलगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायतो में बड़े पैमाने पर की जा रही लूट के बारे में जिले के जिम्मेदार अधि कारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं,इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी दयानन्द प्रसाद से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में भ्र ष्टाचार किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाए गा।उन्होंने कहा कि टीम गठित कर मनरेगा योज ना में भ्रष्टाचार की जांच करा कर कार्रवाई की जाएगी।

# ऑटो से पोती का शव ले जा रही दादी की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। तेज रफ्तार ऑटो और डीसीएम की टक्कर में नवजात पोती का शव लेकर जा रही दादी की मौत हो गई।एक बुजुर्ग का हाथ कटकर अलग हो गया।हादसे में मृत महिला की बहू और एक आशा कार्यकर्ता भी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने ऑटो चालक की जमकर पिटाई कर दी।हादसा मंगलवार रात 11 बजे देहा त कोतवाली क्षेत्र के बालपुर जाट के पास हुई।घा यलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया,ज हां से महिला को लखनऊ रेफर कर दिया गया।

करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के कुंवरपुर अमरहा के सिकिहा गांव निवासी अर्जुन तिवारी प्राइवेट जॉब करते हैं।उनकी पत्नी सविता (35) गर्भवती थीं। पत्नी को डिलीवरी के लिए अर्जुन ने गोंडा जिला महिला अस्पताल में सोमवार को भर्ती कराया था। उनके साथ अस्पताल में चाची मीरा देवी (65) औ र आशा कार्यकर्ता पुष्पा सिंह (32) थीं।मंगलवार देर शाम सविता ने एक बच्ची को जन्म दिया था। हालांकि,खून की कमी के कारण नवजात की हाल त बिगड़ गई।रात में ही नवजात की मौत हो गई। इसके बाद मीरा देवी, बहू सविता, आशा कार्यकर्ता के साथ नवजात का शव लेकर ऑटो से अपने घर सिकिहा गांव लौट रही थीं।रास्ते में करनलगंज के रहने वाले देवी दयाल तिवारी (67) भी ऑटो में बै ठ गए।आरोप है कि ऑटो चालक मोहम्मद उस्मा न उर्फ करिया नशे में था।ऑटो बालपुर जाट गांव के पास सड़क किनारे एक खड़ी डीसीएम में जा घुसा। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो में पीछे वाली सीट पर किनारे बैठी मीरा देवी का दाहिना हाथ डीसीएम के एंगल से कटकर अलग हो गया। वो उछलकर नीचे आ गिरीं। ड्राइवर के पास आगे बैठे देवी दयाल का भी दाहिना हाथ कटकर लटक गया।मौके पर चीख पुकार मच गई।राहगीरों ने घा यलों को उठाया और एंबुलेंस बुलाई।इस दौरान क रीब आधे घंटे तक मीरा देवी सड़क पर तड़पती र हीं,सभी घायलों को तत्काल गोंडा मेडिकल कॉले ज ले जाया गया।मीरा देवी को लखनऊ रेफर कर दिया गया। रास्ते में ही मीरा देवी की मौत हो गई। घायल देवी दयाल,मीरा की बहू सविता और आशा कार्यकत्री का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

### नवजात के बाद दादी की मौत से कोहराम

हादसे के बाद मीरा के परिवार में कोहराम मच गया। परिवार नवजन्मी बच्ची की मौत के बाद मातम मना रहा था।उसके बाद मीरा की मौत की खबर सुनकर गांव में चीखपुकार मच गई। मीरा देवी के परिवार में पांच बच्चे थे।जिनमें दो बेटों की मौत हो चुकी है।उनके बेटे ननकू, छोटू और हाकि म खेती किसानी करते हैं।जबकि मीरा के पति की कई साल पहले मौत हो चुकी है।देहात कोतवाल शमशेर बहादुर सिंह ने बताया- ऑटो चालक ने डी सीएम में साइड से टक्कर मारी थी,जिससे मीरा दे वी का दाहिना हाथ कट गया।उनकी मौत हो गई। अन्य घायलों का गोंडा मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। ऑटो चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

# मकानों की शत-प्रतिशत गणना पूर्ण करने वाले 200 प्रगणक होंगे सम्मानित

### जिला जनगणना अधिकारी के हाथों सम्मानित हुईं 02 प्रगणक

### 20 जून तक चलेगा मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । तहसील नानपारा अन्तर्गत विकास खण्ड रिसिया के प्राथमिक विद्यालय बड़गांव प्रथम की सहायक अध्यापिका ज्योति गौड़ व प्राथमिक विद्यालय पड़रीतारा की सहायक अध्यापिका सीमा पाल द्वारा समय से पूर्व मकान सूचीकरण और मकानों की गणना (एच.एल.बी.) का कार्य पूर्ण करने पर कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में अपर जिलाधिकारी/जिला जनगणना अधिकारी अमित कुमार द्वारा सम्मानित किया गया है। श्री कुमार ने बताया कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले अन्य प्रगणकों को तहसील स्तर पर सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर जिला मास्टर ट्रेनर/ई-डिस्ट्रिक मैनेजर सुमित तिवारी भी मौजूद रहे।

एडीएम श्री कुमार ने बताया कि जनपद में कुल 6233 प्रगणकों को जनगणना कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसमें से 200 प्रगणकों द्वारा मकान सूचीकरण और मकानों की गणना (एच.एल.बी.) का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। एडीएम श्री कुमार ने जनपदवासियों से अपील की है कि जनगणना कार्य में लगे हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरा सहयोग प्रदान करें। जनगणना ही विकास योजनाओं की नींव तैयार करने का आधार है। जनगणना की पूरी प्रक्रिया सुरक्षित है और जनगणना से जुड़ी सभी जानकारी गोपनीय रखी जाती है।

# महिला से मंगलसूत्र लूटने वाला हिस्ट्रीशीटर पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । थाना जायस पुलिस ने दस घण्टे के अंदर लूट की घटना का अनावरण करते हुये पुलिस मुठभेड़ में लूट करने वाले दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से एक मंगलसूत्र का लाकेट, एक तमंचा, दो खोखा कारतूस, चार जिन्दा कारतूस व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद किया है। थाना क्षेत्र के गांव रामबारी मजरे सराय महेशा निवासिनी सिताला पत्नी ओमप्रकाश द्वारा लिखित सूचना दी गयी कि मंगलवार को वह अपनी बहन के साथ अपने मायके ग्राम भीरा ई रिक्शा से जा रही थी।रास्ते में उतरने के बाद दोनों मोजमगंज पुल से भीरा के लिये कच्चे रास्ते में पैदल जाते समय एक मोटर साइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा आवेदिका के गले में पहने हुये मंगलसूत्र को झपट्टा मारकर भाग गये। उक्त सूचना पर थाना जायस पर दो अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर थाना जायस के प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र सिंह मय हमराह द्वारा संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन की चेकिंग की जा रही थी इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि लूट की घटना से संबन्धित दो युवक मोटरसाइकिल से खरौली से नसीराबाद की तरफ जाने वाले हैं। उक्त सूचना पर पुलिस टीम मुश्तैदी से सघन चेकिंग करने लगी कि तभी खरौली की तरफ से एक मोटरसाइकिल से दो संदिग्ध व्यक्ति आते हुये दिखायी दिये जिन्हें रोकने का प्रयास किया गया तो पुलिस टीम पर फायर करते हुये भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा घेराबन्दी कर पकड़ने का प्रयास करने पर मोटरसाइकिल सवार लड़खड़ा कर गिर गये और पुनः पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर देखा गया कि एक युवक गोली लगने से घायल हो गया है। पुलिस टीम द्वारा पूंछने पर घायल ने अपना नाम बंधन सिंह पुत्र इन्द्रभान सिंह निवासी खरौली थाना जायस बताया जिसके कब्जे से एक तमंचा, एक जिन्दा कारतूस,दो खोखा करातूस व लूट का मंगलसूत्र का लॉकेट बरामद हुआ तथा दूसरे ने अपना नाम नान वर्मा पुत्र उदय वर्मा निवासी खरौली थाना जायस बताया जिसके कब्जे से तीन जिन्दा कारतूस बरामद हुये।

# पीएम किसान योजना में प्रत्येक वर्ष करानी होगी ई-केवाईसी

बहराइच । भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को अधिक पारदर्शी, प्रभावी तथा वास्तविक पात्र किसानों तक सीमित रखने के उद्देश्य से लाभार्थी कृषकों के लिए प्रत्येक वर्ष ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। अर्थात सभी लाभार्थियों को वर्ष में एक बार अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी करवानी होगी। योजना का लाभ प्राप्त करने में लाभार्थी किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो दसके लिए सरकार द्वारा कई विकल्प उपलब्ध करायें गये हैं। यह जानकारी देते हुए उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा ने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए भारत सरकार द्वारा पी.एम. किसान मोबाईल ऐप विकसित किया गया है। जिसकी सहायता से किसान अपने एंड्रॉयड मोबाइल के माध्यम से फ़ेशियल वेरीफिकेशन के माध्यम से स्वयं ई-केवाईसी कर सकेंगे। लाभार्थी कृषक अपने निकटतम जन सेवा केन्द्र पर जाकर बायोमेट्रिक ई-केवाईसी करा सकते हैं। इसके लिए आधार कार्ड एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर की आवश्यक होगी। इसके अतिरिक्त इच्छुक ब्लाक एवं न्याय पंचायत स्तर पर कार्यरत कृषि एवं ग्राम्य विकास विभाग के कर्मचारियों के माध्यम से भी ई-केवाईसी करा सकते हैं।

# मारपीट में घायल किसान की इलाज के दौरान मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। देहात कोतवाली क्षेत्र में गन्ना सिंचाई को ले कर हुए विवाद में एक किसान की पिटाई के बाद मौत हो गई।आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने कि सान को लाठी-डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घाय ल कर दिया और पुल के नीचे फेंककर फरार हो ग ए।इलाज के दौरान लखनऊ में किसान ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हु आ है।देहात कोतवाली क्षेत्र के सालपुर सेमरा गांव निवासी बाल गोविंद(43) रविवार शाम अपने खेत में गन्ने की सिंचाई करने गए थे।इसी दौरान गांव के कुछ लोगों से उनका विवाद हो गया।देखते ही देख ते कहासुनी मारपीट में बदल गई।आरोप है कि ह मलावरों ने बाल गोविंद को लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा और घायल अवस्था में खेत के पास पुल के नीचे छोड़कर फरार हो गए।मजदूरी कर लौटे बेटे सुनील कुमार ने पिता को पुल के नीचे गंभीर हालत में पड़ा देखा।इसके बाद परिजन उन्हें तत्का ल मेडिकल कॉलेज ले गए। हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने सोमवार को उन्हें लखनऊ के लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया,जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।मौत की सूचना मिलते ही परि जन शव लेकर गांव पहुंचे।सूचना पर देहात कोत वाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दि या।मृतक की पत्नी फुलेसरा ने गांव के ही कल्लू, विजय कुमार और शनि पर पति की पिटाई कर खे त में फेंकने का आरोप लगाया है।उन्होंने आरोपि यों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर दी है।घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।परिजनों ने पुलिस पर लापर वाही बरतने का भी आरोप लगाया है।देहात कोत वाल शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर प्रा प्त हो गई है।मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सालपुर चौकी की पुलिस सवालों के घेरे में

वही इस पूरे मामले में सालपुर चौकी पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।मृतक किसान के परिजनों ने चौकी पुलिस पर समय से कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है।परिजनों का कहना कि घटना वाले दिन ही पुलिस को सूचना दी गयी थी।चौकी के दो सिपाही जिला अस्पताल तक गए वहां घायल बाल गोविंद का बयान भी रिकॉर्ड कि या लेकर घटना की रिपोर्ट नहीं लिखी।बुधवार की सुबह जब लखनऊ में बाल गोविंद की मौत हो ग यी और परिवार के लोग शव लेकर गांव पहुंचे तब भी चौकी पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज ने के बजाय मामले को सुलह समझौता कराने में जुटी रही।पुलिस की इस कार्यशाली से मृतक का शव उसके दरवाजे पर दस बजे तक रखा रहा।बा द में घटना की जानकारी बड़े अधिकारियों को मि ली तब जाकर पुलिस ने शव का पंचनामा भरा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है जांच में पुलि स जुटी हुई है।

# बच्चों की सम्पूर्ण शिक्षा की जिम्मेदारी मैं उठाऊंगी : स्मृति ईरानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के आवास पर पहुंचकर अर्पित की श्रद्धांजलि**

अमेठी। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी बुधवार को अपने एक दिवसीय दौरे पर कई भाजपा नेताओं के आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुये नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया और पीड़ित परिजनों को ढांढस बंधाया।बताते चलें कि तिलोई विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश चंद्र तिवारी के बड़े भाई ब्रजेश चंद्र तिवारी का बीते दिनों निधन हो गया था इसकी जानकारी मिलने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी बुधवार को अपने एक दिवसीय अमेठी दौरे पर सर्वप्रथम उनके आवास पूरे ठकुराइन मजरे करनगांव पहुंचकर बृजेश चंद्र तिवारी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना करते हुये नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया तथा परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य बनाये रखने का संबल दिया। पूर्व केंद्रीय मंत्री के आगमन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग भी वहां पहुंच गये। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि किसी अपने को खोने का दुख बेहद पीड़ादायक होता है और इस कठिन समय में पूरा भाजपा परिवार शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है।उन्होंने दिवंगत के सामाजिक एवं पारिवारिक योगदान को याद करते हुये श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी क्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने गांव मेदन मवई निवासी संतोष ओझा की कुछ समय पूर्व सड़क हादसे में मौत हो गई थी तो उस समय वह जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला को मौके पर भेजकर पीड़ित परिजनों से फोन पर बातचीत कर शोक संवेदना व्यक्त की थी लेकिन बुधवार को जब स्मृति जुबिन ईरानी उनके आवास पर पहुंची तो परिजन फफक कर रो पड़े जिन्हें उन्होंने गले लगाया और कहा कि हम सब लोग आपके साथ हैं यहां पर सिर्फ घर नही बनाया है बल्कि लोगों को अपना भी बनाया है।शाहगढ़ मण्डल के गांव जूठीपुर के बूथ अध्यक्ष रहे पवन पासी के निधन के उपरांत बुधवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने शोकाकुल परिजनों से मिलकर गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुये बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी ली है। मिश्रौली के पूर्व प्रधान राकेश शुक्ला के निधन की सूचना मिलते ही पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी बुधवार को उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुये परिजनों को ढांढस बंधाया है।।इस अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, काशी मिश्रा,सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी, विषुव मिश्रा, सत्य नारायण सिंह, सुरेश चंद्र तिवारी, उमेश चंद्र तिवारी, नितेश चंद्र तिवारी, आदित्य चंद्र तिवारी, मोहम्मद इलियास सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति के आवास पर तांडव मचाने वाले लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। थाना अमेठी क्षेत्र के आवास विकास कालोनी स्थित विधायक महाराजी प्रजापति के आवास पर मंगलवार की रात करीब आठ बजे कई चौपहिया वाहनों पर सवार दर्जनो लोगों द्वारा तांडव मचाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने विधायक के सुपुत्र की तहरीर पर ग्यारह नामजद के साथ ही दो दर्जन अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है। पुलिस ने पांच युवकों को गिरफ्तार भी कर लिया है।सपा सरकार में खनन मंत्री रहे गायत्री प्रसाद प्रजापति की पत्नी महाराजी प्रजापति वर्तमान में विधानसभा क्षेत्र अमेठी की विधायक है। विधायक के सुपुत्र अनुराग प्रजापति ने स्थानीय पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि मंगलवार को रात करीब आठ बजे आवास विकास कालोनी स्थित विधायक के निज निवास पर शेर बहादुर यादव पुत्र रामकरन यादव ग्राम खानजहान का पुरवा घटकौर थाना पीपरपुर, जय सिंह प्रताप यादव पुत्र रूद्र प्रताप यादव ग्राम सरैया मोहन, मनु पाल ग्राम ढेमा, नरसिंह यादव पुत्र रूद्र प्रताप यादव ग्राम सरैयामोहन, अनुराग यादव सहायक अध्यापक ग्राम रेभा, बलराम यादव पूर्व प्रधान ग्राम खाझा, बृजेश यादव पुत्र सोमई ग्राम बैधिकपुर, विपिन यादव ग्राम कनकापुर, राजेश यादव महादेवन पिण्डोरिया, सौरभ यादव ग्राम श्री का पुरवा टिकरी, शुभम यादव ग्राम थौरा व अज्ञात लगभग दो दर्जन लोग जो काले रंग की दो स्कार्पियो गाडी, दो सफ़ेद गाडी एवं कई सारी मोटर साइकिल से विधायक के निज निवास व मेरे घर के सामने आये और गेट पर इकट्ठा होकर मेरी माता जी महराजी प्रजापति एवं मेरे पिता गायत्री प्रसाद प्रजापति जी एवं मेरे पूरे परिवार को नाम पुकारते हुये मां बहन की गाली देते हुये जान से मारने की धमकी देने लगे। वहां उपस्थित हमारे पारिवारिक सदस्य सुरेन्द्र प्रजापति एवं हमारी चाची ने विरोध कर बचाव में मोबाइल से वीडियो बनाने लगे तो उक्त लोगों द्वारा मोबाइल छीनकर सुरेन्द्र प्रजापति को कई थप्पड गाल पर मारे व कालर पकड कर ये बोले की किसी के पास शिकायत किये तो तुम्हे और तुम्हारे विधायक मंत्री व पूरे परिवार को बांके या थारदार हथियार से काट डालेंगे। जब परिजनों द्वारा शोर मचाया गया तब आस पास के लोग इकट्ठा होने लगे यह देखकर लोग मौके से भाग निकले। इस घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई है और विधायक का परिवार काफी डरा सहमा हुआ है। विधायक के सुपुत्र अनुराग प्रजापति ने कहा कि परिजनों के साथ कोई भी अप्रिय घटना कभी भी घट सकती है जिससे परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की जाय।इस सम्बंध में क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार मिश्र ने बताया कि सोशल मीडिया पर टिप्पणी को लेकर यह विवाद हुआ है फिलहाल अभियोग दर्जकर लिया गया है और मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। कोतवाली प्रभारी श्रीराम पाण्डेय ने बताया कि बलराम यादव पुत्र श्रीराम यादव निवासी खाझा,शेर बहादुर यादव पुत्र रामकरन यादव निवासी घटकौर थाना पीपरपुर, मनुपाल पुत्र रामअवध निवासी ढेमा थाना रामगंज,धर्मराज यादव पुत्र श्री राम यादव,विपिन यादव पुत्र अमरनाथ यादव निवासीगण कनकापुर मजरे भीमी थाना व जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना अमेठी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# शराब भट्टी पर खूनी संग्राम: ओवररेटिंग, उधारी या पुरानी रंजिश चाकूबाजी कांड में आमने-सामने आए दोनों पक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।सिरसा चौराहे के पास स्थित शराब भट्टी पर युवक को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल किए जाने के मामले ने अब नया और पेचीदा मोड़ ले लिया है एक ओर घायल युवक के परिजन शराब की ओवररेटिंग का विरोध करने पर हमला किए जाने का आरोप लगा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर शराब भट्टी के सेल्समैन और आबकारी विभाग इन आरोपों को पूरी तरह गलत बता रहे हैं घटना के बाद पूरे क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं तेज हो गई हैं मोहल्ला कायस्थान वार्ड नंबर 01 निवासी मीना देवी पत्नी पुशेराम ने कोतवाली पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनका पुत्र अजय कुमार सोमवार शाम करीब 8 बजे सिरसा चौराहे स्थित शराब भट्टी पर शराब खरीदने गया था आरोप है कि वहां सेल्समैन अनिल जायसवाल ने निर्धारित मूल्य से अधिक पैसे मांगे विरोध करने पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई और गुस्से में आकर सेल्समैन ने चाकू से हमला कर दिया परिजनों के अनुसार चाकू लगने से अजय कुमार गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर गिर पड़ा राहगीरों की मदद से उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया बताया जा रहा है कि युवक की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है मीना देवी ने यह भी आरोप लगाया कि अगले दिन जब वह आरोपी सेल्समैन से घटना के बारे में पूछने पहुंचीं तो उसने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है वहीं दूसरी तरफ शराब भट्टी के सेल्समैन अनिल जायसवाल ने पूरे मामले को अलग कहानी बताते हुए कहा कि युवक शराब उधार मांग रहा था उधार देने से मना करने पर उसने दबंगई दिखाई, मारपीट की और काउंटर में हाथ डालकर कैश निकालने की कोशिश की विवाद इसी दौरान बढ़ा इधर आबकारी इंस्पेक्टर रोहित कुमार ने भी ओवररेटिंग के आरोपों को सिरे से खारिज किया है उनका कहना है कि शराब निर्धारित रेट पर ही बेची जा रही थी और प्रथम दृष्टया मामला आपसी विवाद का प्रतीत हो रहा है उन्होंने बताया कि घायल युवक और सेल्समैन आपस में रिश्तेदार बताए जा रहे हैं फिलहाल पुलिस दोनों पक्षों के बयान और घटनास्थल से जुड़े तथ्यों की जांच में जुटी हुई है अब यह मामला ओवररेटिंग, उधारी के विवाद या आपसी रंजिश किस वजह से खूनी संघर्ष में बदला, इसका खुलासा जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगा।

# भीषण गर्मी में पुलिस का मानवीय चेहरा, सीओ प्रतीक दहिया व इंस्पेक्टर पवन पाण्डेय ने खुद राहगीरों को पिलाया शरबत




कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच पूरनपुर पुलिस का मानवीय चेहरा देखने को मिला क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया एवं थाना प्रभारी पवन कुमार पाण्डेय ने पूरनपुर थाने के मुख्य गेट पर स्वयं खड़े होकर राहगीरों को मीठा शरबत पिलाया पुलिस अधिकारियों के इस सेवा भाव से लोगों ने उनकी जमकर सराहना की तपती दोपहर में राहगीरों, मजदूरों, रिक्शा चालकों और बाजार आने-जाने वाले लोगों को रोककर उन्हें ठंडा शरबत पिलाया गया अचानक पुलिस अधिकारियों को अपने हाथों से शरबत पिलाते देख लोग भावुक भी नजर आए लोगों ने कहा कि पुलिस का यह रूप समाज के लिए प्रेरणादायक है क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया ने कहा कि भीषण गर्मी में आमजन को राहत पहुंचाना भी हमारी जिम्मेदारी है वहीं थाना प्रभारी पवन कुमार पाण्डेय ने बताया कि गर्मी को देखते हुए राहगीरों के लिए शीतल पेय की व्यवस्था की गई, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## पचास वाहनों को चेककर एक लाख रुपये का जुर्माना योजित किया

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। यातायात पुलिस अमेठी द्वारा ओवर स्पीड वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाया गया जिसमें पचास वाहनों को चेक करते हुये एक लाख रूपये का जुर्माना योजित किया गया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी यातायात दिनेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में बुधवार को यातायात प्रभारी शोभनाथ मय टीम द्वारा थाना क्षेत्र मुसाफिरखाना व थाना क्षेत्र गौरीगंज में 'स्पीड लेजर गन' के माध्यम से तेज गति से दौड़ने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई कर कुल पचास वाहनों को चेक करते हुये एक लाख रुपये जुर्माना योजित किया गया। यातायात पुलिस अमेठी समस्त वाहन स्वामियों और चालकों से अपील करती है कि वे निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाएं । सीट बेल्ट व हेलमेट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें।आपकी सुरक्षा ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## ललूआ पंडरिया की स्मृति में गांव पंडरिया में हो रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का गहलुइया 11 व स्काई बैरियर के मध्य हुआ फाइनल मैच

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड के गांव ललुआ पंडरिया में स्वर्गीय शिवसागर मिश्र उर्फ ललुआ की स्मृति में हो रहे क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का आज फाइनल मैच खेला गया जो कि गहलुइया 11 व स्काई बैरियर के मध्य रोमांचक मुकाबला हुआ मैच का टास्क गहलुइया 11 ने जीतकर 124 रनो की पारी खेली जिसमें स्काई बैरियर की पूरी टीम नौ ओवर में 40 रनो से पूरी टीम आल आउट हो गई दूर दूर से आये दर्शकों से मैच और काफी रोमांचक हो गया, स्काई बैरियर को लगभग 80 रन से हराकर गहलुइया 11 टीम ने एक बड़ी जीत हासिल कर फाइनल मुकाबले में विजेता की टॉफी पर अपना कब्जा करके 8500/- रूपये का नगद पुरस्कार प्राप्त किया, उपविजेता टीम ने टॉफी व 3500/- का नगद पुरस्कार प्राप्त किया विजेता व उपविजेता दोनों टीमों के खिलाड़ीयों को रजनीश रामशर्मा पाण्डेय पूर्व प्रत्याशी सदस्य जिला पंचायत वार्ड नं 09 व नवनीत मिश्रा एवं पूर्व प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख आशुतोष दीक्षित उर्फ राजू भैया ने मेडल पहनाकर खिलाड़ीयों का उत्साह वर्धन किया और सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी राजू दीक्षित ने कहा खेल बच्चों के लिए बहुत जरूरी है जिनसे मानसिक शारीरिक विकास होता है नवनीत मिश्रा ने कहा यही खिलाड़ी इसी प्राथमिक विच पर खेलकर आगे बढते हैं और यही से निकल कर खिलाड़ी देश का नाम रोशन करते हैं अधिवक्ता रजनीश रामशर्मा पाण्डेय ने कहा कि खेल में बच्चे अच्छी संगति होने पर नशे से दूर रहते हैं और मनोबल आत्मविश्वास बढ़ता है और कहां फुटबॉल बाई फोर्स से, हाकी बाई द्वुद्वदम्न से, और किक्रेट बाई चांस से, जीता जाता है किसी भी टीम को मनोबल या आत्मविश्वास कम करने की आवश्यकता नहीं है जीत हार पहलू हैं मुख्य रूप से पूर्व प्रत्याशी सदस्य जिला पंचायत वार्ड नं 09 रजनीश रामशर्मा पाण्डेय, पूर्व प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख आशुतोष दीक्षित उर्फ राजू भैया व नवनीत मिश्रा भाजपा नेता रामसागर मिश्र भाजपा नेता एवं गांव वासी मौजूद रहे मुख्य आयोजक रमन पाण्डेय तरुण पांडे सुमित शुक्ल प्रशांत शुक्ल प्रशांत मिश्रा भरत मिश्र एवं अन्य सहयोगी रहे आयोजकों ने सभी कै बहुत शुभकामनाएं देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## टैंकर पलटा, केबिन में लगी आग, चालक और मालिक सुरक्षित

जयसिंहपुर/सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र में बुधवार सुबह करीब पांच बजे बांदा-टांडा मार्ग पर सेमरी बाजार स्थित पी.आर इंटर कालेज के पास सीमेंटेड फ्लाई ऐश से भरा एक टैंकर पलट गया। हादसे के बाद टैंकर में आग लग गई, जिससे वाहन पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। जानकारी के अनुसार, टैंकर सुल्तानपुर की ओर से अंबेडकरनगर जा रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद टैंकर अनियंत्रित होकर इंटर कॉलेज की दीवार और 11 हजार वोल्ट के बिजली के खंभे से टकराते हुए सड़क किनारे पलट गया। बिजली आपूर्ति चालू होने के कारण टैंकर के केबिन में आग लग गई और देखते ही देखते वाहन धू-धू कर जलने लगा। घटना की सूचना मिलने पर सेमरी पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से केबिन में फंसे चालक और मालिक को सुरक्षित बाहर निकाला गया। बाद में फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक टैंकर पूरी तरह जल चुका था। पुलिस के अनुसार, टैंकर टाण्डा सीमेंट फैक्ट्री से सीमेंट पाउडर लेकर जा रहा था। टैंकर चालक राजीव पुत्र जगन्नाथ और मालिक कुलदीप सिंह हादसे में दोनों सुरक्षित बच गए। दुर्घटना के चलते अकबरपुर-टांडा मार्ग पर करीब दो घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने बिजली विभाग के कर्मचारियों को बुलाकर सड़क पर लटकी 11 हजार वोल्ट की केबल हटवाई और यातायात बहाल कराया। चौकी इंचार्ज सेमरी सुबोध त्यागी ने बताया कि फायर ब्रिगेड की सहायता से आग बुझा दी गई है और मार्ग को सुचारु रूप से चालू करा दिया गया है।

## थानों में तबादले की आंधी, पुलिस ऑफिस में स्थायी सरकार कायम

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। एक तरफ कप्तान साहब जिले के थानों की ओवरहालिंग में पूरी ताकत झोंके हुए हैं। कहीं इंस्पेक्टर बदले जा रहे हैं, कहीं चौकी प्रभारियों की कुर्सियां हिल रही हैं तो कहीं सिपाहियों की लाइन हाजिरी लग रही है। ऐसा माहौल बनाया जा रहा है मानो जिले की पुलिस व्यवस्था में क्रांति आ गई हो। लेकिन सवाल वही पुराना है क्या सिर्फ थानों में ही सुधार की जरूरत है। पुलिस ऑफिस की गलियों में आज भी कुछ ऐसे मठाधीश जमे हुए हैं, जिनकी कुर्सी पर वक्त का असर नहीं पड़ता। कप्तान बदल गए, सरकारें बदल गईं, लेकिन इनका मैनेजमेंट सिस्टम जस का तस कायम है। विभाग में चर्चा है कि कुछ बाबू, दीवान और सिपाही वर्षों से एक ही जगह पर बैटिंग कर रहे हैं और हर नए अधिकारी के साथ ऐसे घुलमिल जाते हैं मानो वही विभाग चला रहे हों। सीओ सिटी ऑफिस में भी चर्चाओं का बाजार गर्म है। अभिषेक त्यागी, राकेश कुमार और सुगंध जैसे नाम विभागीय गलियारों में लंबे समय से चर्चा का विषय बने हुए हैं। पुलिस महकमे में कानाफूसी है कि ये लोग मैनेजमेंट किंग माने जाते हैं जिनकी पकड़ ऊपर तक बताई जाती है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं है लेकिन सवाल जरूर खड़े हो रहे हैं कि आखिर वर्षों से एक ही जगह जमे लोगों पर कार्रवाई क्यों नहीं होती। थानों में तो हर कुछ महीनों में सर्जिकल स्ट्राइक हो जाती है लेकिन पुलिस ऑफिस के भीतर बैठे स्थायी स्तंभों पर प्रशासन की नजर शायद कभी पड़ती ही नहीं। क्या ओवरहालिंग सिर्फ दिखावे के लिए है। क्या नियम सिर्फ फील्ड में काम करने वालों के लिए हैं और क्या पुलिस ऑफिस में बैठे कुछ चेहरे विभाग से भी ज्यादा स्थायी हो चुके हैं। अगर वास्तव में पारदर्शिता लानी है तो कार्रवाई का डंडा सिर्फ थानों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। वरना चिराग तले अंधेरा वाली कहावत यूं ही पुलिस विभाग की पहचान बनी रहेगी।

# ईद-उल-अज़हा को लेकर पूरनपुर पुलिस अलर्ट, बाजारों में बढ़ाई चौकसी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।आगामी ईद-उल-अज़हा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी पूरनपुर ने थाना पूरनपुर पुलिस बल के साथ नगर के प्रमुख मार्गों, बाजारों एवं भीड़-भाड़ वाले इलाकों में फुट पेट्रोलिंग कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया फुट पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस टीम ने संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखते हुए आमजन से शांति एवं भाईचारा बनाए रखने की अपील की बाजारों में संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों पर पैनी नजर रखी गई तथा लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया क्षेत्राधिकारी पूरनपुर प्रतीक दहिया ने बताया कि त्योहार के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार गश्त कर रही है और किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी पुलिस की सक्रिय मौजूदगी से बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों ने राहत महसूस की ईद पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन की इस मुस्तैदी की क्षेत्रवासियों द्वारा सराहना की जा रही है।

# बिजली संकट को लेकर सपा का जोरदार प्रदर्शन, सरकार पर साधा निशाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। अनूप संडा के नेतृत्व में बुधवार को समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय सुलतानपुर में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती, जर्जर विद्युत तारों को बदलने तथा कम क्षमता वाले पुराने ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने डाक खाना चौराहा स्थित अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय पहुंचकर अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की और मुख्य अधीक्षण अभियन्ता को ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान पूर्व विधायक अनूप संडा ने कहा कि भीषण गर्मी के बीच जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बिना किसी पूर्व सूचना के घंटों बिजली कटौती की जा रही है, जिससे आम जनता का जीवन प्रभावित हो गया है। उन्होंने कहा कि महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सबसे अधिक परेशान हैं, लेकिन सरकार और जनप्रतिनिधि जनता की समस्याओं के प्रति गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि स्मार्ट मीटर, पेपर लीक, स्वास्थ्य, पेयजल और विद्युत व्यवस्था जैसी मूलभूत समस्याओं से जनता त्रस्त हो चुकी है। सरकार की नीतियों के कारण आम आदमी को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो समाजवादी पार्टी आने वाले दिनों में व्यापक जनआंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। प्रदर्शन में सपा जिलाध्यक्ष रघुबीर यादव, जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश वर्मा, जिला महासचिव सलाहुद्दीन, जिला पंचायत सदस्य विजय श्याम यादव, अनीता यादव, नफीसा खातून, मोहर्रम अली, ज्ञान प्रकाश यादव, तेजिन्दर सिंह बग्गा, डॉ. उदय नाथ यादव, वैभव मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। प्रदर्शन में महिलाओं की भी उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली।

# प्रधानमंत्री के कार्यकाल के 12 वर्ष पूरे होने पर जिला मुख्यालय पर कार्यशाला हुई संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर मोदी सरकार के सफलतम बारह वर्ष संपन्न होने पर भाजपा संगठन द्वारा बारह साल विश्वास के , विकास के , जन कल्याण के अभियान की जिला कार्यशाला संपन्न हुई।इस अवसर पर आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी गुलशन आनंद उपस्थित रहे।कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने की कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष विकास श्रीवास्तव ने किया है।कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर द्वीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने कहा कि संगठन के निर्देशानुसार बारह साल विश्वास के , विकास के , जन कल्याण के अभियान के निमित्त जिला उपाध्यक्ष विकास श्रीवास्तव को संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष मान सिंह राठौर,आयुष मिश्रा एवं जिला मंत्री नागेन्द्र प्रताप को सह संयोजक बनाया गया है , उन्होंने बताया कि इस पंद्रह दिवसीय अभियान में विशेष जनसंपर्क एवं स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित होंगे।इस अवसर पर जिला प्रभारी गुलशन आनंद ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफलतम बारह वर्ष पूर्ण होने पर कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि पांच जून से इक्कीस जून तक संगठन द्वारा बारह साल विश्वास के ,विकास के , जन कल्याण के अभियान चलाया जाएगा जिसमें पांच जून को पर्यावरण दिवस के अवसर पर मंडल स्तर तक प्रत्येक कार्यकर्ता को एक पेड़ माँ के नाम लगाते हुए वृक्षारोपण करना है त्रोरह जून को केंद्र सरकार के बारह वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी देने हेतु मीडिया संवाद आयोजित होगा ।

चौदह से सोलह जून के मध्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभार्थियों को सीधे लाभान्वित करने के लिए ब्लॉक स्तर पर जन कल्याण शिविर आयोजित होंगे।सोलह से सत्रह जून तक भव्य विकसित भारत संकल्प सम्मेलन आयोजित होगा सत्रह जून से बीस जून तक केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा किए गए कामों को उल्लेखित करती हुई प्रदर्शनी लगाई जाएगी। अठारह से उन्नीस जून तक प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने हेतु प्राकृतिक खेती कार्यशाला आयोजित होगी। इक्कीस जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मंडल स्तर तक योग शिविर का आयोजन होगा।इस अवसर पर नगर पालिका परिषद पीलीभीत की चेयरमैन डॉक्टर आस्था अग्रवाल , मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा, जिला महामंत्री अनुराग अग्निहोत्री ,जिला उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता , नमन प्रताप राजपूत , जिला मंत्री नागेन्द्र प्रताप सिंह , विकास वाल्मीकि , अमित कुशवाहा , ऋचा सिंह पटेल ,सत्यपाल वर्मा ,पंकज तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी अभिमन्यु गंगवार , जिला कोषाध्यक्ष विकास पाल सिंह , जिला कार्यालय मंत्री पुष्पा शुक्ला , जिला सह कार्यालय मंत्री रामचरन लाल राठौर , अभिषेक सिंह गोल्डी , महेश वर्मा , अमनदीप मिश्रा , विवेक शुक्ला , हर्षित चौधरी , प्यारेलाल कश्यप , इंद्रेश सिंह चौहान , कपिल सिंह , सुमित सागर , महेंद्र पाल राजपूत , राजेश शर्मा , अनूप वाल्मीकि , विजय सिंह , गोविंद पासवान उपस्थित रहे हैं।

## स्वास्थ्य विभाग की महिला कर्मचारी से 98 हजार की ठगी

सुल्तानपुर। साइबर ठगों ने स्वास्थ्य विभाग की एक महिला कर्मचारी को अपना निशाना बनाते हुए करीब 98 हजार रुपये की ठगी कर ली। ठगों ने खुद को नायब तहसीलदार बताकर बेहद शातिर तरीके से इस वारदात को अंजाम दिया। मामले में साइबर थाने में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। घटना लंभुआ थाना क्षेत्र की है। लंभुआ स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम के पद पर तैनात अनीता यादव को 4 मई को सीएचएस लंभुआ के आधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप में एक संदेश मिला। यह संदेश अधीक्षक राघवेंद्र प्रताप सिंह के नंबर से भेजा गया था, जिसमें बताया गया था कि कलेक्ट्रेट सुल्तानपुर से नायब तहसीलदार अशोक मीना सब-सेंटर के शौचालय और स्नानघर की मरम्मत संबंधी रिपोर्ट के लिए संपर्क करेंगे। कुछ देर बाद अनीता यादव के पास एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को नायब तहसीलदार अशोक मीना बताया और कहा कि मरम्मत कार्य के लिए सरकारी धनराशि भेजी जानी है, इसलिए फोन-पे नंबर उपलब्ध कराया जाए।

## सम्पादकीय

# बदली भारत की दिशा और दशा

भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में किसी भी सरकार का मूल्यांकन उन निर्णयों से होता है जो आने वाले समय की दिशा तय करते हैं। पिछले 12 वर्षों में भारत ने जिस परिवर्तन को महसूस किया है, उसे सिर्फ राजनीतिक बदलाव कहना पर्याप्त नहीं होगा। वर्ष 2014 से 2026 तक का दौर देश के लिए एक ऐसे परिवर्तनकारी कालखंड के रूप में उभरा है, जिसमें शासन, नीति-निर्माण, अर्थव्यवस्था, तकनीक, सामाजिक सरोकार और वैश्विक कूटनीति यानी कि हर स्तर पर भारत ने नई पहचान बनाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने कई ऐसे साहसिक फैसले लिए, जिन्होंने भारत को उभरती हुई शक्ति से आगे बढ़ाकर वैश्विक नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वस्तुतः इन 12 वर्षों की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि सरकार ने घाषित योजनाओं को बड़े स्तर पर जमीन तक पहुंचाने का प्रयास किया। यही कारण है कि आज मोदी सरकार के इस कार्यकाल को कई लोग न्यू इंडिया के निर्माण का निर्णायक दौर मानते हैं। साल 2016 में लिया गया नोटबंदी का फैसला इस दौर के सबसे चर्चित और साहसिक निर्णयों में शामिल रहा। सरकार ने इसे काले धन, नकली नोटों और आतंक वित्त पोषण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई बताया। इस फैसले ने भारतीय अर्थव्यवस्था को डिजिटल लेन-देन की दिशा में तेज गति दी। यूपीआई आधारित भुगतान प्रणाली ने भारत को दुनिया की सबसे बड़ी डिजिटल भुगतान अर्थव्यवस्थाओं में शामिल कर दिया। आज कई देश भारत के डिजिटल पेमेंट मॉडल को अपनाने की इच्छा जता रहे हैं। डिजिटल इंडिया अभियान ने गांव से लेकर महानगर तक तकनीक को आम आदमी की जिंदगी का हिस्सा बना दिया। इसके बाद वर्ष 2017 में लागू हुआ जीएसटी भारतीय आर्थिक सुधारों का बड़ा अध्याय साबित हुआ। एक राष्ट्र, एक कर की अवधारणा ने पूरे देश को एकीकृत कर बाजार में बदल दिया। पहले जहां अलग-अलग राज्यों और केंद्र के अनेक कर व्यापारियों के लिए जटिलता पैदा करते थे, वहीं जीएसटी ने कर व्यवस्था को सरल और पारदर्शी बनाया। आज लगातार बढ़ता जीएसटी संग्रह इस बात का संकेत माना जा रहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था औपचारिक और मजबूत हो रही है। मोदी सरकार के कार्यकाल का सबसे बड़ा राजनीतिक और संवैधानिक फैसला जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने को माना जाता है। दशकों से लंबित इस मुद्दे को हल कर सरकार ने एक देश, एक विधान की अवधारणा को लागू करने का दावा किया। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को अलग-अलग केंद्र शासित प्रदेशों में पुनर्गठित किया गया। इसके बाद वहां निवेश, पर्यटन और आधारभूत विकास को नई गति मिलने की बात कही गई। निश्चित ही सरकार का यह फैसला राष्ट्रीय एकता और संप्रभुता के रूप में आज हमारे सामने है। सामाजिक सुधारों के क्षेत्र में तीन तलाक कानून भी एक महत्वपूर्ण कदम रहा। मुस्लिम महिलाओं को तत्काल तीन तलाक से कानूनी सुरक्षा देकर सरकार ने लैंगिक समानता की दिशा में बड़ा संदेश देने का प्रयास किया। इसे महिलाओं के अधिकारों को मजबूत करने वाला निर्णय बताया गया। इसके साथ ही नागरिकता संशोधन अधिनियम यानी सीएए भी मोदी सरकार के प्रमुख फैसलों में शामिल रहा। सरकार ने इसे पड़ोसी देशों के प्रताड़ित अल्पसंख्यकों के लिए मानवीय पहल बताया। इसके जरिए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध और ईसाई समुदाय के लोगों को भारतीय नागरिकता देने का रास्ता खोला गया। कोविड-19 महामारी के दौरान आत्मनिर्भर भारत अभियान ने सरकार की आर्थिक रणनीति को नई दिशा दी। 20 लाख करोड़ रुपये के पैकेज के जरिए स्थानीय उद्योगों, एमएसएमई और विनिर्माण क्षेत्र को मजबूती देने की कोशिश की गई। मेक इन इंडिया अभियान ने भी इसी दिशा में भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने का प्रयास किया। र

# बेतहाशा बढ़ती गर्मी: भविष्य की गंभीर चेतावनी

**प्रश्न यह है कि भारत में हीट वेव को लेकर ऐसी स्थिति क्यों निर्मित हो रही है? पिछले 30 वर्षों के तापमान तथा गर्म हवाओं का आकलन करते हुए आईआईटी खड़गपुर के एक अध्ययन में यह स्पष्ट किया गया था कि घटती हरियाली, शहरीकरण तथा कंक्रीट से निर्माण के कारण ही अब प्रतिवर्ष हीट वेव में वृद्धि हो रही है। प्रायः देखा जाता है कि एक ही शहर में कुछ जगहों पर उच्च तापमान दर्ज किया जाता है तो कुछ जगहों पर तापमान कम रहता है। कुछ स्थानीय कारण इसके लिए जिम्मेदार होते हैं।**

बदलती जलवायु के कारण भारत सहित दुनिया के अनेक हिस्से भीषण हीट वेव की चपेट में है। अब यह संकट पारंपरिक क्षेत्रों से निकलकर तटीय इलाकों तक फैल चुका है। अंधाधुंध शहरीकरण, घटती हरियाली और कंक्रीट के बढ़ते निर्माण से 'अर्बन हीट आइलैंड' का प्रभाव बढ़ रहा है, जिससे दिन और रातें अत्यधिक गर्म हो रही हैं। राजस्थान के बाड़मेर से लेकर दिल्ली की गलियों और विदर्भ के मैदानों तक पारा 45 डिग्री सेल्सियस के स्तर को पार कर चुका है। यह केवल बढ़ते तापमान का आंकड़ा नहीं, एक गहराते सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट और आर्थिक चेतावनी है। यह सार्वजनिक स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और मानव अस्तित्व के लिए गंभीर संकट बन चुकी है। बढ़ते तापमान, घटती हरियाली और कंक्रीट के फैलते जंगलों ने जीवन को लू की लपटों में समेट दिया है।

मौसम विभाग और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के ताजा आंकड़ों ने एक डरावनी तस्वीर पेश की है। पिछले चार दशकों में हीट वेव (लू) से होने वाली मौतों में 62 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। गौर करने वाली बात यह है कि हीट वेव अब केवल अपने पारंपरिक गढ़ (उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत) तक सीमित नहीं रही बल्कि इसने दक्षिण भारत के उन तटीय इलाकों को भी अपनी चपेट में ले लिया है, जो ऐतिहासिक रूप से कम ताप प्रभावित रहते थे। अध्ययन बताते हैं कि 1981 से 2000 के बीच लू की औसत अवधि जहां 2.5 से 5.5 दिन थी, वहीं 2001 से 2020 के बीच यह बढ़कर 8.5 दिन तक पहुंच गई। लू का भौगोलिक दायरा भी 11.9 लाख वर्ग किलोमीटर से फैलकर 18.1 लाख वर्ग किलोमीटर हो चुका है। यह विस्तार बताता है कि जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की आशंका नहीं, वर्तमान की कड़वी हकीकत है। हमारे शहर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील हो चुके हैं, जो दिनभर गर्मी सोखते हैं और रात में उसे मुक्त करते हैं, जिससे 'अर्बन हीट आइलैंड' का प्रभाव पैदा होता है। इस तपती आग में सबसे अधिक जोखिम उन लोगों (रेहड़ी-पटरी वाले, निर्माण श्रमिक और दिहाड़ी मजदूर) का है, जो खुले आसमान के नीचे अपना वजूद तलाशते हैं। इनके पास न तो कूलिंग सेंटर की सुविधा है और न ही काम के घंटों में लचीलापन। इसके साथ ही बच्चे और बुजुर्ग इस बढ़ते 'डिस्कंफर्ट इंडेक्स' के सबसे आसान शिकार बन रहे हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक तापमान में वृद्धि से आगामी वर्षों में हीट वेव, गर्मी का मौसम ज्यादा समय तक रहने और सर्दी के मौसम का समय घटने जैसी स्थितियां पैदा होंगी। इस बारे में वैज्ञानिकों का स्पष्ट कहना है कि जिस जलवायु परिवर्तन के बारे में अब तक हम केवल पढ़ते-सुनते रहे थे, वह अब हमारे सामने आकर खड़ा हो गया है। भारत में मई का महीना गर्म हवाओं (लू) का चरम समय होता है और लू की घटनाओं को भी मौसम में दिन-प्रतिदिन बदलाव का स्वाभाविक हिस्सा माना जाता है लेकिन चिंता की बात यही है कि लू की तीव्रता लगातार वर्ष दर वर्ष बढ़ रही है। पिछले करीब डेढ़ दशकों में 2009, 2010, 2016, 2017 और 2022 भारत में रिकॉर्ड किए गए पांच सबसे गर्म वर्ष रहे। आईएमडी के मुताबिक 15 सबसे गर्म वर्षों में से 11 वर्ष 2008 से 2022 के बीच ही दर्ज किए गए। यह जानना जरूरी है कि हीट वेव आखिर है क्या? जैसा कि नाम से ही जाहिर है, हीट वेव अत्यधिक गर्म मौसम की अवधि है, जो प्रायः दो या ज्यादा दिनों तक रहती है। जब तापमान किसी क्षेत्र के सामान्य औसत तापमान से अधिक हो जाता है तो उसे 'हीट वेव' कहा जाता है। आईएमडी के अनुसार मैदानी इलाकों का अधिकतम तापमान जब 40 डिग्री सेल्सियस तक और पहाड़ी क्षेत्रों का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है तो लू चलने लगती है और यदि तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है तो यह खतरनाक लू की श्रेणी में कही जाती है। इसी प्रकार तटीय क्षेत्रों में जब तापमान 37 डिग्री सेल्सियस हो जाता है तो लू चलने लगती है। हीट वेव के कारण लोगों के बीमार होने और हीट स्ट्रोक का खतरा बहुत बढ़ जाता है तथा सैंकड़ों लोगों की मौत हो जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 1998 से 2017 के बीच हीट वेव के कारण 1.66 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी और यह आंकड़ा अब वर्ष दर वर्ष तेजी से



बढ़ रहा है। आईआईटी खड़गपुर के एक अध्ययन से यह स्पष्ट हो चुका है कि तापमान में वृद्धि तथा लू का मानव शरीर पर व्यापक असर पड़ रहा है। गर्म हवाओं से ब्रेन स्ट्रोक, हृदयाघात, नसों में खून के थक्के जमने की आशंका, स्थायी विकलांगता का खतरा बढ़ जाता है और इससे मृत्यु दर में भी वृद्धि हो सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार, हीट वेव बाढ़ के बाद दूसरी सबसे घातक आपदा है, जो मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौतियां पेश कर रही है। लू का असर हृदय तथा फ़ेफड़े जैसे अंगों पर सर्वाधिक पड़ता है, जो बेहद खतरनाक हो सकता है। हीट वेव से ऐसे लोगों की स्थिति और खराब होने की आशंका होती है, जो हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, गुर्दे की बीमारी इत्यादि समस्याओं से पीड़ित हैं। आईएमडी के मुताबिक वैसे तो हर साल दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना इत्यादि उत्तर पश्चिमी भारत, मध्य, पूर्व और उत्तर प्रायद्वीपीय भारत के मैदानी इलाकों में मार्च से जून के दौरान हीट वेव का दौर चलता है लेकिन जैसे-जैसे पृथ्वी की जलवायु गर्म होती जा रही है, दिन और रात भी सामान्य से अधिक गर्म होते जा रहे हैं, जिससे हीट वेव की घटनाएं बढ़ रही हैं और मौतों तथा बीमारियों की आशंका भी बढ़ रही है।

प्रश्न यह है कि भारत में हीट वेव को लेकर ऐसी स्थिति क्यों निर्मित हो रही है? पिछले 30 वर्षों के तापमान तथा गर्म हवाओं का आकलन करते हुए आईआईटी खड़गपुर के एक अध्ययन में यह स्पष्ट किया गया था कि घटती हरियाली, शहरीकरण तथा कंक्रीट से निर्माण के कारण ही अब प्रतिवर्ष हीट वेव में वृद्धि हो रही है। प्रायः देखा जाता है कि एक ही शहर में कुछ जगहों पर उच्च तापमान दर्ज किया जाता है तो कुछ जगहों पर तापमान कम रहता है। कुछ स्थानीय कारण इसके लिए जिम्मेदार होते हैं। दरअसल अधिक हरे-भरे इलाकों में तापमान कम दर्ज किया जाता है जबकि चारों ओर बसी कालोनियों तथा ऊंची-ऊंची इमारतों वाले इलाकों में तापमान ज्यादा दर्ज होता है। तकनीकी भाषा में इसे 'अर्बन हीट आईलैंड इफैक्ट' कहा जाता है। पेड़-पौधों की कमी, अधिक शहरीकरण तथा कंक्रीट से अधिक निर्माण इत्यादि विविध कारणों से शहर ज्यादा तप रहे हैं। इसके पीछे एक बड़ी वजह शहरों में निरन्तर बढ़ता जनसंख्या घनत्व भी है। जनसंख्या का घनत्व बढ़ते जाने से हरियाली नष्ट हो रही है और शहरों में हरे-भरे प्राकृतिक क्षेत्रों को भी सीमेंट तथा कंक्रीट के तपते जंगलों में तब्दील किया जा रहा है। दुनियाभर में विभिन्न शोधों के आधार पर वैज्ञानिक जलवायु संकट को ही लू के लिए जिम्मेदार मान रहे है, जिनका कहना है कि शहरीकरण तथा जनसंख्या घनत्व इसमें बड़ा योगदान देते हैं। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) के मुताबिक लू से अर्थव्यवस्था को चौतरफा नुकसान होता है। डब्ल्यूएमओ का कहना है कि बढ़ते तापमान का अर्थ हीट वेव का बढ़ना, बहुत ज्यादा मात्रा में बर्फ का पिघलना, समुद्र जलस्तर का बढ़ना तथा मौसम की चरम घटनाओं का और ज्यादा विनाशकारी होना है, जिसका सीधा प्रभाव पर्यावरण, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और सतत विकास पर पड़ेगा। इतिहास के सबसे गर्म वर्षों में लगभग सभी साल पिछले तथा इस दशक से ही रहे हैं। ब्रिटिश मौसम कार्यालय के एक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने कहा है कि यदि जलवायु पविर्तन नहीं हो रहा होता तो ऐसा चरम तापमान प्रत्येक 312 वर्षों में एक बार ही देखने को मिलता। अध्ययन में शोधकर्ताओं ने भारत और पाकिस्तान में हर तीन साल बाद प्रचण्ड लू की आशंका जताते हुए दावा किया कि जलवायु परिवर्तन गर्मी की तीव्रता को जिस तेजी से बढ़ा रहा है, उससे इन क्षेत्रों के लोगों को आने वाले वर्षों में सौ गुना ज्यादा लू के थपेड़े झेलने पड़ सकते हैं। बहरहाल, अत्यधिक तापमान से जहां सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में प्राथमिक तथा माध्यमिक स्तर की स्वास्थ्य प्रणालियों की चिंता बढ़ जाती है, वहीं हीट वेव का श्रमिकों की उत्पादकता पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है, जिससे देश की समग्र अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत अत्यधिक गर्मी के कारण करीब 101 अरब घंटे खो देता है, जो पूरी दुनिया में सर्वाधिक है और 3.5 करोड़ लोगों द्वारा एक वर्ष में 8 घंटे कार्य करने वाले लोगों द्वारा किए गए कार्य के बराबर है। आईएलओ की रिपोर्ट में भीषण गर्मी तथा लू के कारण 2030 तक दुनियाभर में अर्थव्यवस्था को 4.2 ट्रिलियन डॉलर की क्षति का अनुमान लगाया गया है। भारत के संदर्भ में इम्पीरियल कॉलेज में जलवायु विज्ञान के सीनियर लेक्चरर डॉ. फ्रेडरिक औटो कहते हैं कि भारत में मौजूदा गर्म हवाओं का एक बड़ा कारण कोयला तथा अन्य जीवाश्म ईंधन का जलाया जाना है और जब तक ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन बंद नहीं होगा, तब तक भारत तथा अन्य स्थानों पर हीट वेव और भी गर्म व खतरनाक होती जाएगी। इन घातक स्थितियों से बचने के लिए जलवायु संकट से निपटने के अन्य उपायों के अलावा प्राकृतिक जंगलों के संरक्षण तथा आवासीय इलाकों में भी हरियाली बढ़ाने के लिए वृक्षारोपण अभियान को भी बढ़ावा देना होगा।

**योगेश कुमार गोयल**

# जेल की दीवारों पर कील-कंांटों से लिख दी क्रांति

(वीर सावरकर जयंती पर विशेष)

**डॉ.लोकेश कुमार**

अस्पृष्यता एक पाप है, मानवता पर एक धब्बा है और कोई भी इसे उचित नहीं ठहरा सकता । यह प्रसिद्ध पंक्ति विनायक दामोदर सावरकर की थी। वे एक स्वतंत्रता सेनानी, राजनीतिज्ञ, समाज सुधारक, वकील और हिन्दुत्व के दर्शन के सूत्रधार थे। सावरकर भारत के पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने ब्रिटिश साम्राज्य के केन्द्र लंदन में ही उसके खिलाफ क्रांतिकारी आन्दोलन संगठित किया था। उन्होंने 1857 की क्रांति को प्रथम स्वतंत्रता संग्राम बताते हुए 1907 में लगभग 1000 पृष्ठों का इतिहास लिख डाला। उन्होंने पुस्तक ' द हिस्ट्री ऑफ द वॉर ऑफ इंडिपेंडेस' लिखी थी, जिसको अंग्रेजों ने जब्त कर लिया था। कारण था कि उन्होंने ब्रिटिश सरकार की नीतियों का वर्णन किया था। उनका जन्म 28 मई, 1883 को महाराष्ट्र के नासिक के पास एक छोटे से गांव भंगूर में हुआ। वे अपने बड़े भाई गणेश सावरकर के साथ मिलकर 1904 में 'अभिनव भारत' नामक संस्था का निर्माण किया। सावरकर ने पुणे के फर्ग्यूसन कॉलेज में एक छात्र के रूप में अपनी राजनीतिक भागीदारी जारी रखी। वे कट्टरपंथी राष्ट्रवादी नेता लोकमान्य तिलक से बहुत प्रभावित थे। तिलक भी इस युवा छात्र से इतने प्रभावित थे कि उन्हें लंदन में कानून की पढ़ाई के लिए 1906 में शिवाजी छात्रवृत्ति दिलाने में सहायता की। 1905 में बंगाल विभाजन के विरोध में दशहरे के दिन सावरकर ने विदेशी वस्तुओं की होली जलाकर स्वदेशी आन्दोलन की अलख जगाई। उन्होंने स्वतंत्रता के लिए बहुत संघर्ष किया और ब्रिटिश शासन के खिलाफ आवाज उठाई। सावरकर ने भारत को एक मजबूत और एकजुट राष्ट्र बनाने की अवधारणा दी , जिसे हिन्दुत्व की संज्ञा देने से भी पीछे नहीं हटे। उन्होंने ' अखण्ड भारत ' की अवधारणा को भी आगे बढ़ाया, जो भारत को एक साथ रखने और एकीकरण की बात करती है। उन्होंने राष्ट्रवादी विचारों को बढ़ावा देने के लिए अपनी किशोरावस्था में ही 'मित्र मेला' युवा संगठन की स्थापना की थी , इसके माध्यम से अनेक उत्साही युवाओं को जोड़ने का काम किया था। मदनलाल धींगरा और लक्ष्मण कन्हरे जैसे क्रांतिकारियों के प्रेरणा स्रोत बने, जिन्होंने विलियम कर्जन वाइली और नासिक के जिला कलेक्टर की हत्या कर भारतीयों को उनके जुल्म से आजादी दिलाई थी। लंदन में श्यामला कृष्ण वर्मा के इंडिया हाउस को उन्होंने क्रांतिकारियों के ट्रैनिंग सेंटर में तब्दील कर दिया था। 13 मार्च, 1910 को उन्हें लंदन से गिरफ्तार किया गया । उन पर आरोप लगाया गया था कि उन्होंने हथियारों की खरीद और वितरण किया। ब्रिटिश राज के खिलाफ युद्ध छेड़ने और देशद्रोही भाषण दिए। गिरफ्तारी के समय वे कई क्रांतिकारी ग्रंथ साथ ले जा रहे थे। जिनमें उनकी प्रतिबंधित पुस्तकें भी शामिल थीं। ब्रिटिश सरकार के पास इस बात के सबूत थे कि उन्होंने भारत में 20 ब्राउनिंग हैंडगन की तस्करी की थी, जिनमें से एक का इस्तेमाल अनंत लक्ष्मण कन्हेरे ने दिसम्बर, 1909 में नासिक जिले के कलेक्टर जैक्सन की हत्या करने में किया था। गिरफ्तारी के बाद वे फ्रांस के मर्सेल्स में जहाज से समुरद में कूद कर भाग निकले थे। इसके बाद फिर अंग्रेज सरकार ने उनको गिरफ्तार कर लिया। 7 अप्रेल, 1911 में उन्हें कुख्यात अंडमान और निकोबार द्वीप जेल ( जिसे कालापानी के नाम से भी जाना जाता है ) में दो आजीवन कारावास की सजा सुनाई । उन्होंने जेल में ही 1922 में 'इसेंशियल ऑफ हिन्दुत्व' नामक पुस्तक की रचना की। आज इसे आधुनिक हिंदुत्व का एक प्रमुख आधार माना जाता है। वे 1924 में जेल से रिहा होने के बाद शेष जीवन हिन्दू समाज को संगठित करने, महिलाओं के जीवन का उत्थान करने, अस्पृष्यता मिटाने में खपा दिया। वे हिन्दुत्व को किसी जाति और कर्मकांड में बांधने का विरोध जताते थे। उनका मानना था कि हिन्दू धर्म एक जातीय, सांस्कृतिक और राजनीतिक पहचान है। हिन्दू वे हैं, जो भारत को अपनी भूमि मानते हैं, जिसमें उनके पूर्वज रहते थे। साथ ही वह भूमि जिसे वे षुद्ध या पुण्यभूमि मानते हैं वह जिसके लिए भारत पितभूमि और पवित्र भूमि दोनों हैं। अभियान चलाया और रत्नागिरी जिले में पतित पावन मंदिर का निर्माण कराया। इसमें दलित समुदाय के लोगों सहित सभी हिन्दुओं का स्वागत किया गया। वे तर्कसगंत से पारंपरिक आडम्बरों का विरोध जताया।

## सेहत मंत्र

# अत्यधिक तनाव के कारण होता है हिस्टीरिया

यूं तो हर व्यक्ति किसी न किसी तनाव का सामना हर दिन करता है, लेकिन कुछ लोगों में तनाव इस हद तक बढ़ जाता है कि उसके कारण कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं जन्म लेने लगती हैं। हिस्टीरिया भी इन्हीं में से एक है। यह समस्या होने पर व्यक्ति अचानक दांत भिंचने लगता है। इसके अतिरिक्त अचानक हंसना, बेहोशी, उल्टी, दम घुटना, बोलने में परेशानी, ऐंठन, जोर?जोर से चिल्लाना भी हिस्टीरिया के लक्षण हैं। यह एक मानसिक बीमारी है, जिसका सही समय पर पता लगाकर उपचार किया जाना बेहद आवश्यक है। तो चलिए विस्तार से जानते हैं इस बीमारी के बारे में? कुछ लोग हिस्टीरिया को मिर्गी ही समझ लेते हैं, जबकि यह इससे काफी अलग है। मिर्गी का दौरा कभी भी और अचानक आता है, जिसमें व्यक्ति को कुछ भी सोचने?समझने का अवसर नहीं मिलता। जबकि हिस्टीरिया रोग में ऐसा नहीं होता। इसमें रोगी को पहले से ही इसका आभास हो जाता है। हिस्टीरिया एक मानसिक समस्या है, जिसके पीछे का मुख्य कारण तनाव तो है ही, साथ ही कोई गंभीर सदमा लगना, अपनी फीलिंग को दबाना, हादसा, दांपत्य जीवन में परेशानी व आर्थिक कारण इस बीमारी की वजह बनती है। यूं तो यह मानसिक समस्या किसी भी व्यक्ति को हो सकती है, लेकिन महिलाएं इससे अधिक प्रभावित होती हैं। दरअसल, उम्र के विभिन्न दौर में न सिर्फ स्त्रियों में हार्मोनल बदलाव होते हैं, बल्कि विवाह के बाद नए घर में जाने के बाद या फिर वैवाहिक जीवन में परेशानी के कारण भी महिला इस रोग से ग्रस्त होती है। इसके अतिरिक्त अधिकतर मामलों में देखने में आता है कि महिला अपने मन की बात या परेशानी किसी से शेयर नहीं करती, जिससे मन ही मन उसका तनाव बढ़ने लगता है और फिर वह हिस्टीरिया के रूप में सामने आता है। इसके इलाज के लिए किसी अच्छे मनोचिकित्सक की मदद लेनी चाहिए। वैसे इसके अतिरिक्त कुछ उपायों के जरिए भी स्थिति को नियंत्रित किया जा सकता है। जैसे स्थिति बिगड़ने पर प्रभावित व्यक्ति को हवादार स्थान पर लेटाएं और उसके कपड़े ढीले रखें। इस दौरान मरीज के हाथ?पैरों की मालिश करें और पैरों को उपर ही रखें ताकि शरीर में रक्त का प्रवाह सही रहे। इसके अतिरिक्त जो भी व्यक्ति इस बीमारी से पीड़ित हो, उसे अपने तनाव को नियंत्रित करने के उपाय करने चाहिए। इसके लिए योग व मेडिटेशन आदि का सहारा लिया जा सकता है। वहीं काउंसिलिंग भी तनाव को कम करने में प्रभावशाली है।

## धर्म मंत्र

# मध्य प्रदेश का प्रमुख चमत्कारी मंदिर जहां दो हजार वर्षों से जल रही अखंड ज्योति

मध्यप्रदेश में पग-पग पर कई धार्मिक मान्यताएं एवं चमत्कार समेटे मंदिर है। भारत देश के हृदय मध्य प्रदेश में कई ऐसे मंदिर है जो चमत्कारों से भरे हुए है जहां कई मान्यताएं भी है। आज हम आपको मध्यप्रदेश के आगर मालवा जिले के बीजा नगरी स्थित माँ हरसिद्धि के चमत्कारी मंदिर के बारे में बताने जा रहा है। माँ हरसिद्धि का यह मंदिर मध्यप्रदेश के प्रमुख चमत्कारी मंदिरों में से एक है। यहां लगभग 2 हजार वर्षो से अखंड ज्योत जल रही है। यहां विराजित माँ हरसिद्धि दिन भर में तीन रूप में दिखाई देती है। मंदिर का निर्माण उज्जैन के राजा विक्रमादित्य के भांजे वियजसिंह ने करवाया था। यहां नवरात्रि में भक्तों का सैलाब उमड़ा है एवं मन्नत धारियों का ताता लगता है। 2 हजार वर्ष से जल रही है अखंड ज्योति, हवा से भी नही बुझती-

मध्यप्रदेश के आगर मालवा जिले से लगभग 20 किलोमिटर दूर बीजा नगरी स्थित मां हरसिद्धि मंदिर चमत्कारिक होने का सबसे बड़ा जीता जागता उदाहरण यहां की वर्षो पुरानी अखंड ज्योति है। बताया जाता है यहां 2 हजार वर्षो से यहां अखंड ज्योति जल रही हैं जो हवा चलने पर भी नही बुझती है। जिसके दर्शन मात्र से ही कई रोग और कष्ट दूर हो जाते है। माँ हरसिद्धि मंदिर की ख्याती पुरे प्रदेश में फैली हुई है। यहां कई बड़ी राजनितिक हस्तीयां मत्था टेक चुकी है। राजा को सपने में दिया था दर्शन, मंदिर का दरवाजा अपने आप हो गया था पश्चिम में-

माँ हरसिद्धि मंदिर से जुड़ी कई मान्यताएं एवं इतिहास है।

## पर्यटन



# प्रकृति से जोड़ने के लिए बच्चों को कराएं हिल स्टेशन की सैर

गर्मी की छुट्टियां शुरू हो चुकी है, ऐसे में जाहिर है कि आप बच्चों को कहीं बाहर ले जानी की प्लानिंग कर रहे होंगे, लेकिन शहर के बच्चों को छुट्टियों में सिर्फ वॉटर पार्क और रिसॉर्ट तक ही सीमित न रखें, बल्कि कुदरत के करीब लाने के लिए उन्हें हिल स्टेशन की सैर कराएं। बच्चों को आप इन खूबसूरत हिल स्टेशन की सैर करा सकती हैं, जहां के खूबसूरत नज़ारे और सुहाना मौसम चिलचिलाती धूप से आप दोनों को राहत देगी। मनाली- पहाड़ों के बीच में बसा हिमाचल प्रदेश का खूबसूरत शहर मनाली अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए मशहूर है। देश ही नहीं दुनिया भर से लोग यहां छुट्टियां बिताने आते हैं। मनाली के खूबसूरत हरे-भरे नज़ारे, ऊंचे-ऊंचे पहाड़ यकीनन आपके बच्चों को प्रकृति से जोड़ेंगे। दिल्ली से मनाली की दूरी सिर्फ 600 किलोमीटर है। यहां आप स्कीइंग, ट्रैकिंग और राफ्टिंग का भी मज़ा ले सकते हैं। मनाली से थोड़ी दूरी पर स्थित रोहतांग पास भी लोगों के आकर्षण का केंद्र है। शिमला- हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला बहुत मशहूर हिल स्टेशन है। खासतौर पर कपल्स के बीच यह बहुत पॉप्युलर हैं। यहां आप खूबसूरत कुदरती नज़ारों के साथ ही टॉय ट्रेन का भी मज़ा ले सकते हैं। ऊंचे पहाड़, चारों तरफ फैली हरियाली और सुहाना मौसम गर्मियों की छुट्टियां बिताने के लिए यह परफ़ेक्ट जगह है। नैनीताल- उत्तराखंड का खूबसूरत शहर नैनीताल भी गर्मियों में पर्यटकों को अपनी ओर खींचता है। तीन ओर से घने पेड़ों की छाया में ऊंचे-ऊंचे पहाड़ों के बीच स्थित नैनीताल समुद्रतल से 1938 मीटर की ऊंचाई पर बसा है। कुदरती नजारों के साथ ही यह झीलों के लिए मशहूर है। कहा जाता है कि कभी यहां 60 से ज्यादा झीलें हुआ करती थीं। यहां आने के लिए नज़दीकी रेलवे स्टेशन काठगोदाम में है। मसूरी- उत्तराखंड में बसे मसूरी को पहाड़ों की रानी भी कहा जाता है। मसूरी का कैंप्टी फॉल, लेक मिस्ट, संतरा देवी मंदिर, म्युनिसिपल गार्डन, चाइल्डर्स लॉज, गन हिल, मसूरी झील आदि सैलानियों के बीच बहुत मशहूर है। मसूरी की प्राकृतिक सुंदरता यकीनन आपका भी मन मोह लेगी।

# डीएम ईशान के सख्त तेवर का असर सड़कों पर उतरा परिवहन विभाग

## ओवरलोड डंपरों पर शिकंजा, 12 वाहन सीज, 10 पर भारी जुर्माना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जनपद में तेज रफ्तार, ओवरलोड और बिना परमिट दौड़ रहे डंपरों के खिलाफ जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह के कड़े रुख का असर अब सड़कों पर साफ दिखाई देने लगा है। लगातार मिल रही शिकायतों और सड़क हादसों की आशंका के बीच परिवहन एवं खनन विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की।

एआरटीओ अंकिता शुक्ला एवं खनन अधिकारी के नेतृत्व में माती-देवा रोड, सतरिख और हैदरगढ़ मार्ग पर चलाए गए अभियान के दौरान लगभग 55 वाहनों की जांच की गई। जांच में अनियमितता मिलने पर 12 वाहनों को सीज कर दिया गया, जबकि 10 वाहनों का चालान करते हुए भारी जुर्माना लगाया गया।

कार्रवाई के दौरान बिना नंबर प्लेट, बिना परमिट और ओवरलोड संचालित डंपरों पर विशेष नजर रखी गई। संयुक्त टीम की सख्ती से वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। अधिकारियों ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने और वैध दस्तावेज साथ रखने के निर्देश भी दिए।




जनहित को प्राथमिकता देते हुए प्रशासन अब सड़क सुरक्षा और अवैध खनन के खिलाफ पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। आम लोगों का कहना है कि नए जिलाधिकारी के कार्यकाल में प्रशासनिक सख्ती का असर जमीनी स्तर पर दिखाई देने लगा है, जिससे लोगों में सड़क सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ा है।

### अज्ञात डंपर की टक्कर से दो बाइक सवार घायल, एक रेफर

रामसनेहीघाट-बाराबंकी। भिटरिया-हैदरगढ़ मार्ग पर बहरेला नहर के पास अज्ञात डंपर की टक्कर से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी रामसनेहीघाट पहुंचाया गया, जहां एक की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार डंपर की तलाश शुरू कर दी है।

# गर्मी में संक्रामक बीमारियों की रोकथाम को लेकर डीएम सख्त, टीकाकरण केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। बढ़ती गर्मी और संक्रामक बीमारियों के खतरे को देखते हुए जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने बुधवार को शहर के विभिन्न टीकाकरण केंद्रों का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी नवजात शिशु और गर्भवती महिला टीकाकरण एवं स्वास्थ्य जांच से वंचित न रहे।

जिलाधिकारी ने आशा बहुओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और एएनएम से संवाद कर टीकाकरण व्यवस्था, गर्भवती महिलाओं की निगरानी तथा बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी अभिलेखों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक आशा कार्यकर्ता के पास गर्भधारण से लेकर प्रसव और शिशु को लगाए गए सभी टीकों का पूरा विवरण रजिस्टर में दर्ज होना चाहिए। डीएम ने सैम और मैम श्रेणी के बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच व पोषण स्तर की सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में ड्यू लिस्ट के अनुसार लाभार्थियों को




समय से सूचना देकर टीकाकरण केंद्रों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों के सहयोग से जागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग की टीम, आशा बहुओं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सक्रियता से ही शासन की स्वास्थ्य योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं।

निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम नवाबगंज गुंजिता अग्रवाल, डिप्टी सीएमओ डॉ. राजीव सिंह, डीपीओ सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# मंत्री सतीश ने 24.28 लाख लागत के सड़क मार्ग व विकास कार्य जनता को किए समर्पित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी।दरियाबाद असेम्बली क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए 24.28 लाख रुपये की लागत से निर्मित दो परियोजनाओं का लोकार्पण राज्य मंत्री सतीश शर्मा, भाजपा नेता जवाहर वर्मा व जिला पंचायत सदस्य अभिषेक वर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

जिला पंचायत द्वारा 18.30 लाख रुपये की लागत से निर्मित गढ़ी संपर्क मार्ग तथा विधायक निधि से 5.98 लाख रुपये की लागत से साई दाता आश्रम परिसर में कराए गए सीसी व इंटरलॉकिंग कार्य का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास और सुशासन की नई पहचान बना रहा है। सरकार



बिना भेदभाव के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। कार्यक्रम में मुलायम सिंह, सुरेंद्र मिश्रा, रवि सिंह, अजीत वर्मा, उमेश चंद्र वर्मा, विनोद वर्मा, हरिनाम वर्मा, शिव गोबिंद वर्मा, आशीष मिश्रा, रमेश वर्मा, शिव नारायण वर्मा, नीरज मौर्य, अमर सिंह वर्मा, वीरेंद्र वर्मा, भगौती वर्मा, अवधेश वर्मा, पवन चौधरी, सत्य प्रकाश वर्मा, आशीष वर्मा, संजीव चौधरी, त्रिभवन वर्मा, प्रशांत वर्मा, देवी शरण वर्मा, प्रतीराम गुप्ता, संगम लाल पाठक व गुड्डू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# सम्मान देकर मनाया गया पायलट दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। मंगलवार को 108 और 102 एम्बुलेंस सेवाओं से जुड़े पायलटों को सम्मान देने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा पायलट दिवस का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजुद रहे। एम्बुलेंस सेवा में लगे कार्मिकों के योगदान की सराहना किया गया और कार्यक्रम में एम्बुलेंस संचालन संस्था ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के जिला कार्यक्रम प्रबंधक आशीष सिंह ने कहा कि जिले में एम्बुलेंस स्टाफ ने हमेशा तत्परता और ईमानदारी से कार्य किया है उनको भरोसा जताया जाता है कि आने वाले समय में भी यह टीम पूरी निष्ठा से जनमानस की सेवा करती रहेगी। पायलट दिवस के मौके पर सीएमओ डॉ0 भारत भूषण के द्वारा जिले में कार्यरत पायलट को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया और शुभ कामना दी गई। इस अवसर पर ईएमई, विवेक श्रीवास्तव, दुर्गेश त्रिपाठी ने भी एंबुलेंस पायलटों और ईएमटी कर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए स्वास्थ्य विभाग की इस पहल से एंबुलेंस सेवाओं में लगे कर्मियों का मनोबल बढ़ाया है।

### सड़क हादसे में मृतकों के परिजनों से मिले गोप

सूरतगंज-बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। फतेहपुर-सूरतगंज मार्ग पर हुए सड़क हादसे में मृत फूलपुर निवासी सगे भाइयों इखलासुद्दीन व इस्लामुद्दीन के परिजनों से बुधवार को सपा के पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप ने मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों से पीड़ित परिवार को शीघ्र सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। इस दौरान पूर्व विधायक रामगोपाल रावत समेत कई सपा नेता व ग्रामीण मौजूद रहे।

### धान का बीज लेने गया युवा किसान की तोड़ा दम

निंदूरा-बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। धान का बीज लेने घर से निकले युवक की सड़क हादसे में घायल होने के बाद तीसरे दिन इलाज के दौरान मौत हो गई। बुधवार दोपहर लखनऊ मेडिकल कॉलेज में अरुण प्रताप सिंह (35) ने दम तोड़ दिया। देर शाम शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। बड्डूपुर थाना क्षेत्र के नरपतपुर गांव निवासी अरुण प्रताप सिंह सोमवार को बाइक से धान का बीज लेने निकले थे। लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर बड्डूपुर के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। हादसे में गंभीर रूप से घायल अरुण को तत्काल लखनऊ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां तीन दिनों तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद बुधवार को उनकी मौत हो गई।

अरुण अपने पीछे पत्नी सहित दो बेटों आयुष सिंह (13) और कृष्णा सिंह (10) को छोड़ गए हैं। गांव में मातम पसरा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सोनकर ने घटना की पुष्टि की है।बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बाराबंकी में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं, पर्याप्त भंडारण उपलब्ध

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद में पेट्रोल-डीजल की कमी और बिक्री पर लिमिट लगाए जाने संबंधी प्रकाशित खबरों को प्रशासन व पेट्रोलियम एसोसिएशन ने भ्रामक बताया है। जिला प्रशासन के अनुसार जनपद के पेट्रोल पंपों पर औसतन छह दिन से अधिक का डीजल-पेट्रोल भंडारण उपलब्ध है तथा लगातार आवक बनी हुई है। किसी भी स्तर पर बिक्री की राशनिंग नहीं की गई है। पेट्रोलियम एसोसिएशन बाराबंकी ने भी स्पष्ट किया कि जिले में तेल की कोई कमी नहीं है और ग्राहकों को मांग के अनुसार पेट्रोल-डीजल उपलब्ध कराया जा रहा है। कुछ पंपों पर तकनीकी या आपूर्ति कारणों से अस्थायी समस्या हो सकती है, लेकिन अधिकांश पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। एसोसिएशन ने बताया कि जिला प्रशासन, तेल कंपनियां और जिला पूर्ति विभाग लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

### प्रधानी नहीं तो प्रशासक ही सही, अधिकार वापसी से प्रधानों में खुशी

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पंचायत चुनाव में देरी के बीच ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने के फैसले से प्रधानों में खुशी की लहर दौड़ गई। बुधवार को प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव को मिठाई खिलाकर स्वागत किया और सरकार के निर्णय पर आभार जताया। प्रधानों ने कहा कि पहली बार ऐसा हुआ है जब कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे पहले यह दायित्व अधिकारियों को दिया जाता था। फैसले से उत्साहित प्रधानों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए एक-दूसरे को बधाई दी। इस दौरान प्रधान संघ अध्यक्ष सोमनाथ राजपूत, महामंत्री नीरज कुमार, मो. आलम, मुईन अंसारी, अजय कुमार वर्मा, नूर मोहम्मद, सुरेशचंद्र, श्रीकांत व उमाकांत वर्मा सहित कई प्रधान मौजूद रहे।

### जनाबे मुस्लिम इब्ने अकील अलैहिस्सलाम की शहादत पर शबीह ताबूत का जुलूस निकाला

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के उत्तराधिकारी व चचेरे भाई जनाब मुस्लिम इब्ने अकील अलैहिस्सलाम की शहादत पर बुधवार को दिन में एक बजे शिया जामा मस्जिद गोराबरिक अमहट में एक मजलिस का आयोजन किया गया। जिसको मौलाना मोहम्मद जाफर खान इमाम जुमा जामा मस्जिद गोराबरिक अमहट ने पढ़ा उन्होने बताया कि हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम अपने चचेरे भाई जनाब मुस्लिम इब्ने अकील को ईराक के कूफा शहर में अपना उत्तराधिकारी (राजदूत) बना कर भेजा था, जिनको आज ही के दिन यजीदी फौज ने कूफा में शहीद कर दिया था ।

# रेडक्रॉस समिति में उठा बदलाव का बिगुल चुनाव और पारदर्शिता पर गरमाई बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।जनपद में बुधवार को गाँधी सभागार मे जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित रेडक्रॉस समिति की बैठक हंगामेदार रही लंबे समय से बैठकें नियमित न होने, सदस्यता नवीनीकरण प्रक्रिया ठप रहने और कार्यप्रणाली में पारदर्शिता की कमी को लेकर सदस्यों ने खुलकर नाराजगी जताई बैठक में समिति के पुनर्गठन और नए चुनाव कराने की मांग जोरदार तरीके से उठी समिति के सदस्य निर्मलकांत शुक्ला ने साधारण सदस्यता समाप्त होने के बाद नवीनीकरण प्रक्रिया शुरू न किए जाने पर कड़ा विरोध जताते हुए वर्तमान कमेटी भंग करने की मांग रखी वहीं डॉ. अमिताभ अग्निहोत्री समेत कई सदस्यों ने नए सिरे से चुनाव कराए जाने का प्रस्ताव रखा सदस्यों का कहना था कि रेडक्रॉस जैसी सामाजिक संस्था में पारदर्शिता और सक्रियता बेहद जरूरी है बैठक के दौरान समिति के लिए स्थायी कार्यालय भवन उपलब्ध कराने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा जिलाधिकारी ने कहा कि 5000 आजीवन सदस्यों के आधार पर तहसीलवार चुनाव कराए जाएंगे तहसील स्तर से चुने गए पदाधिकारी और सदस्य जिला स्तरीय समिति का गठन करेंगे डीएम ने निर्देश दिए कि समिति का कोई भी कार्यक्रम, कैंप अथवा गतिविधि जिलाधिकारी और सीएमओ की जानकारी में लाने के बाद ही आयोजित की जाए साथ ही आजीवन सदस्यों की सूची का सत्यापन कर उसे अद्यतन करने के निर्देश भी दिए गए आगामी बैठक गांधी प्रेक्षागृह में बुलाकर चुनाव प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की जाएगी इसके अलावा विशाल टाकीज के सामने मीना बाजार स्थित रेडक्रॉस सोसायटी की कथित भूमि की जांच कराने और तब तक वैकल्पिक भवन तलाशने के निर्देश भी दिए गए बैठक में डॉ. आलोक कुमार, डॉ. राजेश कुमार, राजीव कुमार, डॉ. भारत सेठी सहित समिति के कई सदस्य मौजूद रहे हैं।

# बढती मंहगाई, मूल्य वृद्धि के विरोध मे भाकियू संयुक्त मोर्चा ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी ॽ संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर भारतीय किसान संगठन, आजाद भारतीय किसान यूनियन,भारतीय किसान यूनियन हरपाल गुट,भारतीय किसान यूनियन सरकार भगत सिंह द्वारा संयुक्त रूप से खाद गैस डीजल पेट्रोल की महंगाई के विरोध में महामहिम राष्ट्रपति महोदया को सम्बोधित 6 सूत्रीय मांगों का मांग पत्र जिलाधिकारी के प्रतिनिधि उपजिलाधिकारी विवेकशील यादव को दिया गया

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए किसान नेता के के यादव ने कहा कि सरकार द्वारा खाडी में अमेरिकी युद्ध पर अनुचित अंतरराष्ट्रीय पक्ष अपने तथा अमेरिका के दबाव पर सस्ती दरों पर रुपए के लेनदेन से रसोई गैस व कच्चा तेल रस हुआ ईरान से नहीं खरीदने और अमेरिका के साथ मुक्त व्यापार संधि प्रारूप हस्ताक्षरित करने की वजह से भारत के किसानों पर बहुत भारी संकट आने की स्थिति



बन गई है

किसान नेता विक्रांत सैनी ने कहा कि सरकार यह घोषित करें कि यूरिया डीएपी और डीजल की कोई कमी नहीं है और पुराने रेट पर उपलब्ध कराई जाएगी ताकि कालाबाजारी करने वालों पर रोक लगे

मुख्य रूप से अरविंद यादव नरेंद्र यादव जैन अंसारी नियाज अहमद मनोज कुमार देशराज गौतम सतीश मौर्य जालिम यादव श्याम यादव अनिल यादव आकाश यादव राजकुमार यादव राजू राकेश यादव कन्हैया लाल रावत मोहम्मद कलीम विनय यादव शैल कुमारी विजय यादव अरविंद यादव समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षक संघ का लेखा अधिकारी को समस्याओं का ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी ने वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा परिषद को ज्ञापन सौंपकर शिक्षकों की लंबित जीपीएफ लेखा पर्ची एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 के फॉर्म-16 शीघ्र उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।

जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि जनपद के अनेक शिक्षकों की जीपीएफ कटौती वर्षों से नियमित रूप से की जा रही है, किन्तु आज तक उन्हें जीपीएफ लेखा पर्ची उपलब्ध नहीं कराई गई है। इससे शिक्षक अपने खाते में जमा धनराशि एवं वास्तविक बैलेंस की सही जानकारी प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं।

संघ ने यह भी बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 का फॉर्म-16 अधिकांश शिक्षकों को अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है, जिसके कारण शिक्षकों को आयकर रिटर्न (ऋहृट) दाखिल करने में गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने मांग की कि समस्त शिक्षकों की अद्यतन



जीपीएफ लेखा पर्ची एवं फॉर्म-16 तत्काल उपलब्ध कराया जाए तथा भविष्य में इन प्रक्रियाओं को समयबद्ध एवं पारदर्शी बनाया जाए।

जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने कहा कि शिक्षक हितों से जुड़ी समस्याओं के समाधान हेतु संगठन सदैव प्रतिबद्ध है और यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो संगठन आगे भी आवश्यक कदम उठाने को बाध्य होगा। जिला महामंत्री नीरज वर्मा, जिला संगठन मंत्री सुधीर चौधरी, विनय शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी सौरभ वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष रामनगर लोकेश शुक्ला सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

## पूरनपुर में बाइक चोर गिरोह सक्रिय पत्रकार की चोरी हुई बाइक बरामद, नेपाल ले जाकर बेचने की थी साजिश

पूरनपुर।पूरनपुर क्षेत्र में लगातार बढ़ रही बाइक चोरी की घटनाओं ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है ताजा मामला पत्रकार अजय पाण्डेय की बाइक चोरी से जुड़ा है, जिसमें कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी हुई बाइक बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जानकारी के अनुसार, कल शाम शेरपुर रोड रेलवे क्रॉसिंग के आगे उमाशंकर यादव के घर के पास से पत्रकार अजय पाण्डेय की बाइक चोरी हो गई थी घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस सक्रिय हो गई और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी गई इसी दौरान देर रात एक नया मोड़ सामने आया बताया जा रहा है कि बाइक चोर उसी रात एक शादी समारोह में दोबारा चोरी की वारदात को अंजाम देने पहुंचे थे समारोह में मौजूद लोगों को संदिग्ध गतिविधियां दिखाई दीं, जिस पर शक होने पर एक युवक को पकड़ लिया गया बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया पुलिस पूछताछ में आरोपी टूट गया और उसने पत्रकार अजय पाण्डेय की बाइक चोरी करने की बात स्वीकार कर ली आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने रात में दबिश देकर चोरी हुई बाइक बरामद कर ली सूत्रों के मुताबिक पकड़ा गया गिरोह चोरी की बाइक को नेपाल ले जाकर बेचने की फिराक में था माना जा रहा है कि गिरोह लंबे समय से क्षेत्र में सक्रिय है ।

# गोण्डा पैसेंजर चलना धर्मसेवकों के लम्बे संघर्ष का परिणाम : अमित अवस्थी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । जनपद की जीवन रेखा कही जाने वाली रेल जिसका जनपद के सबसे ज्यादा सात रेलवे स्टेशनों पर ठहराव होता है, वह गोण्डा लखनऊ अप एंड डाउन पैसेंजर कोरोना महामारी के समय से अब तक बंद थी। तब से बाराबंकी जनपद के तीन रेलवे स्टेशनों पर किसी भी रेल का ठहराव नहीं होता था जिससे इन सातों स्टेशनों से आने जाने वाले रेलयात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। गोण्डा पैसेंजर को चलाने हेतु मिष्ठान सहित जल वितरण कार्यक्रम रेलमेध यज्ञ के दौरान बिंदौरा रेलवे स्टेशन पर पूर्व विधायक शरद अवस्थी, रफी नगर हाल्ट पर भाजपा नेता अमरीश रावत और जहाँगीराबाद रेलवे स्टेशन पर तत्कालीन भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक कुसमेश के माध्यम से रेलमंत्री को धर्मसेवकों ने ज्ञापन दिया था। इन तीन रेलवे स्टेशनों पर रेल ना होते हुए भी रेलवे स्टेशन और और रेलवे क्रॉसिंग पर मिष्ठान सहित जल वितरण किया जाता था क्योंकि हमारा अटूट विश्वास था कि एक न दिन गोण्डा पैसेंजर का ठहराव यहाँ होगा पिछले दिनों 26 दिसंबर 2025 को रामनगर में




सरयू (घाघरा) नदी से गोण्डा पैसेंजर चलाने सहित पाँच सूत्रीय मांगों को लेकर धर्मसेवकों ने लखनऊ तक पदयात्रा की जिसका अनुसूचित जाति जनजाति आयोग उ.प्र. के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने स्वागत कर समर्थन किया था और हम लोगों ने 70 किलोमीटर की पदयात्रा पूर्णकर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को ज्ञापन दिया, जिसमें उन्होंने आश्वासन दिया था कि गोण्डा पैसेंजर हर हाल में चलाई जाएगी। इस प्रकार गोण्डा पैसेंजर चलना धर्मसेवकों के लंबे संघर्षों का परिणाम है। यह विचार धर्मसेवकों को संबोधित करते हुए धर्मजागरण बाराबंकीधाम उ.प्र. के संयोजक अमित अवस्थी ने व्यक्त किये। इस खुशी में संयोजक अमित अवस्थी का माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए धर्मसेवकों और साथी अधिवक्ताओं सुरेश चंद्र गौतम, नरेंद्र त्रिपाठी, यशवीर सिंह, बालकराम शर्मा, देवेंद्र सिंह, हृदयनारायण अवस्थी, संतोष शर्मा, सुनील दीक्षित, रंजीत वर्मा, अनिल यादव, अनूप सिंह, राकेश रावत, आशीष गुप्ता, प्रदीप गौतम, मोनू वर्मा, ब्रजनाथ शुक्ल,अजय सिंह, संगीत पाठक, सभाजीत सिंह इंद्रजीत सिंह दीपू दुबे आदि ने रेलमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

# खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने ईस्ट गारो हिल्स में खेल सुविधाओं का निरीक्षण किया

विलियमनगर (मेघालय)। केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने बुधवार को मेघालय के ईस्ट गारो हिल्स जिले के विलियमनगर का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने जिले में खेल सुविधाओं का निरीक्षण किया और जमीनी स्तर पर खेल ढांचे को मजबूत करने के प्रयासों की समीक्षा की। उन्होंने विलियमनगर स्थित आरजीएचएसएस खेल मैदान में बने आर्टिफिशियल फुटबॉल टर्फ का दौरा किया और क्षेत्र में युवा खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया।



यह दौरा पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (एमडीओएनईआर) की 'पूर्वोत्तर संपर्क सेतु' पहल के तहत आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय को मजबूत करना, विकास योजनाओं की जमीनी समीक्षा करना तथा उत्तर-पूर्व क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देना है।

दौरे के दौरान खेल राज्य मंत्री ने तांबो आ'डिंग में निर्माणाधीन 'खेलो इंडिया मल्टीपर्पज इंडोर हॉल' की प्रगति का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार उत्तर-पूर्व में आधुनिक खेल अधोसंरचना विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय मंत्री ने मत्स्य पालन और पशुपालन से जुड़ी योजनाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और स्थानीय लोगों के लिए स्थायी रोजगार के अवसर बढ़ाने पर जोर दिया। अधिकारियों के साथ हुई चर्चा में उत्पादकता बढ़ाने, स्थानीय क्षमता विकास और आर्थिक अवसरों के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया गया।

उन्होंने स्थानीय हस्तशिल्प उत्पादों और पारंपरिक कलाकृतियों का भी अवलोकन किया। उन्होंने ईस्ट गारो हिल्स की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और कारीगरों की कला की सराहना की। साथ ही उन्होंने स्थानीय शिल्पकारों और स्वयं सहायता समूहों को मजबूत बाजार उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर बल दिया।

केंद्रीय मंत्री खडसे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समावेशी और संतुलित विकास के विजन में उत्तर-पूर्व क्षेत्र की अहम भूमिका है। 'पूर्वोत्तर संपर्क सेतु' जैसी पहल के जरिए हम स्थानीय समुदायों और जिला प्रशासन के साथ सीधे जुड़कर क्षेत्रीय प्राथमिकताओं को बेहतर तरीके से समझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईस्ट गारो हिल्स में खेल अधोसंरचना को मजबूत करने, मत्स्य पालन और पशुपालन के जरिए आजीविका बढ़ाने तथा हस्तशिल्प परंपराओं को संरक्षित करने की दिशा में हो रही प्रगति उत्साहजनक है। केंद्र सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और युवाओं को नए अवसर मिलें।

# सिंगापुर ओपन : प्रणय ने जोनाथन क्रिस्टी को हराकर किया बड़ा उलटफ़ेर

एजेंसी

सिंगापुर । भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एच.एस. प्रणय ने सिंगापुर ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडोनेशिया के विश्व नंबर-5 खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी को हराकर बड़ा उलटफ़ेर किया। प्रणय ने पहले दौर के मुकाबले में 10-21, 21-12, 21-18 से जीत दर्ज कर दूसरे दौर में जगह बनाई। पहला गेम गंवाने के बाद प्रणय ने शानदार वापसी की और लगातार आक्रामक खेल दिखाते हुए अगले दो गेम अपने नाम किए। निर्णायक गेम में उन्होंने दबाव के क्षणों में बेहतरीन संयम दिखाया। हालांकि महिला एकल में भारत की मालविका बंसोड़ को हार का सामना करना पड़ा। चीनी ताइपे की लिन शियांग-टी ने उन्हें 11-21, 21-19, 21-12 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।



पुरुष एकल में किदांबी श्रीकांत भी पहला दौर पार नहीं कर सके। उन्हें सिंगापुर के लोह कीन यू के खिलाफ कड़े मुकाबले में 20-22, 21-19, 17-21 से हार झेलनी पड़ी। मिक्स्ड डबल्स में भारत के ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की जोड़ी ने शानदार जीत दर्ज की। भारतीय जोड़ी ने मलेशिया के वोंग तिएन सी और लिम च्यू सिएन को 21-14, 20-22, 21-13 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। वहीं, भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन दिन में बाद में चीन के लू गुआंगजू के खिलाफ अपना मुकाबला खेलेंगे।

# आईपीएल से लौटे माधव तिवारी मध्य प्रदेश लीग के लिए उज्जैन फाल्कन्स से जुड़े

एजेंसी

उज्जैन (मध्य प्रदेश)। मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी-20 सिंधिया कप 2026 से पहले उज्जैन फाल्कन्स को बड़ी मजबूती मिली है। ऑलराउंडर माधव तिवारी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में दिल्ली कैपिटल्स का अभियान समाप्त होने के बाद उज्जैन फाल्कन्स कैंप से जुड़ गये हैं। उज्जैन फाल्कन्स अपनी एमपीएल टी-20 अभियान की शुरुआत 3 जून को इंदौर के प्रतिष्ठित होलकर स्टेडियम में ग्वालियर चीताज के खिलाफ करेगी।

आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले ऑलराउंडर माधव ने आईपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए तीन मुकाबले खेले और प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए चार विकेट हासिल किए। टीम ने पूर्व मध्य प्रदेश क्रिकेटर सुनील धोलपुरे के मार्गदर्शन में टूर्नामेंट की तैयारियां पहले ही शुरू कर दी हैं, जहां खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ लगातार अभ्यास सत्रों में हिस्सा ले रहे हैं। रविवार को आयोजित एक भव्य समारोह में उज्जैन फाल्कन्स की नई जर्सी का भी आधिकारिक अनावरण किया गया था, जो उज्जैन की संस्कृति, पहचान और जोश को दर्शाती है। माधव तिवारी के टीम से जुड़ने पर उज्जैन फाल्कन्स के प्रमोटर विनायक कालानी ने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स के साथ शानदार आईपीएल सीजन बिताने वाले माधव तिवारी का हम उज्जैन फाल्कन्स परिवार में स्वागत करते हैं। वह बेहद प्रतिभाशाली क्रिकेटर हैं और उनके प्रदर्शन ने दिखाया है कि वह बड़े स्तर पर चमकने की क्षमता रखते हैं। उनकी मौजूदगी हमारी टीम को और मजबूत बनाएगी और युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी। कैंप के भीतर शानदार ऊर्ज़ा है और हमारा सिर्फ एक ही लक्ष्य है, पूरी मजबूती से मुकाबला करना और उज्जैन का नाम रोशन करना।

# आईपीएल के फाइनल में पहुंचने पर आरसीबी के कप्तान ने कहा, यह टीम किसी एक खिलाड़ी पर निर्भर नहीं

एजेंसी

धर्मशाला। गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के क्वालिफायर-1 में गुजरात टाइटंस को 92 रनों से हराकर शानदार अंदाज में फाइनल में प्रवेश किया। एचपीसीए स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए मुकाबले में आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 254 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया और फिर गेंदबाजों के दम पर एकतरफा जीत दर्ज की। आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने टीम की सामूहिक सफलता पर खुशी जताते हुए कहा,ल्लमैं पहले भी कह चुका हूं कि यह टीम किसी एक खिलाड़ी पर निर्भर नहीं है। हर खिलाड़ी टीम के लिए योगदान दे रहा है और यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।



विराट, वेंकी, बेथेल और सॉल्ट जैसे खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत दी, जिससे हमें मजबूत आधार मिला। रजत पाटीदार ने कप्तानी पारी खेलते हुए सिर्फ 33 गेंदों में 93 रन ठोक दिए। उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी ने मध्य ओवरों में मैच पूरी तरह आरसीबी की ओर मोड़ दिया। पाटीदार ने कहा,ल्लशुरुआत में मैं सिर्फ पिच को समझने और सही क्षेत्रों को चुनने की कोशिश कर रहा था लेकिन होल्डर पर पुल शॉट खेलने के बाद मुझे बल्लेबाजी की स्पष्टता मिल गई। इसके बाद मैंने सिर्फ मोमेंटम को अधिकतम करने पर ध्यान दिया। पडिक्कल ने दिखाई आक्रामक सोच देवदत्त पडिक्कल ने 19 गेंदों में 30 रनों की तेज पारी खेली और टीम के निडर रवैये की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा,ल्ललगातार दो वर्षों में फाइनल में पहुंचना बड़ी उपलब्धि है। हमने मैच से पहले आक्रामक शुरुआत करने की बात की थी और आज हमने वही किया। पहली गेंद से ही हमने दबाव बना दिया। पडिक्कल ने कप्तान की पारी को बताया खास उन्होंने कहा, मैं खासतौर पर रजत की तारीफ करना चाहूंगा। इतने बड़े मुकाबले में दबाव के बीच उनकी पारी अविश्वसनीय थी। उन्होंने आगे बढ़कर टीम का नेतृत्व किया। दिनेश कार्तिक ने बल्लेबाजों के इरादे को सराहा आरसीबी के अनुभवी खिलाड़ी दिनेश कार्तिक ने टीम की सकारात्मक मानसिकता की सराहना की। उन्होंने कहा,ल्लशुरुआत से ही खिलाड़ियों का इरादा शानदार था। वेंकी, विराट और देवदत्त ने बेहतरीन शुरुआत दी और पूरी पारी में हमने आक्रामकता बनाए रखी। ऐसे बड़े मुकाबलों में कई टीमें रक्षात्मक हो जाती हैं, लेकिन हमने लगातार दबाव बनाए रखा।

# नॉर्वे शतरंज 2026: प्रज्ञानानंद को फिरोजा ने हराया, दिव्या देशमुख ने हम्पी को दी मात

ओस्लो (नॉर्वे)। नॉर्वे शतरंज 2026 के दूसरे दौर में मंगलवार को एक बार फिर रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। पुरुष और महिला दोनों वर्गों में खिलाड़ियों ने शानदार संघर्ष किया और कई मुकाबलों का फैसला आर्मगेडन टाईब्रेक में हुआ। दूसरे दौर का एकमात्र क्लासिकल मुकाबला फ्रांस के ग्रैंडमास्टर अलिरेजा फिरोजा ने भारतीय स्टार आर. प्रज्ञानानंद के खिलाफ जीता। मुकाबले में फिरोजा ने मिडिल गेम के बाद धीरे-धीरे दबाव बनाया और सटीक खेल के दम पर लगातार दूसरी क्लासिकल जीत दर्ज कर ली। इस जीत के साथ उन्होंने अंक तालिका में अपनी बढ़त और मजबूत कर ली। कार्लसन ने आर्मगेडन में कीमर को हराया- विश्व नंबर-1 मैग्नस कार्लसन और जर्मनी के शीर्ष खिलाड़ी विन्सेंट कीमर के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबला क्लासिकल प्रारूप में ड्रॉ रहा। कार्लसन लंबे समय तक बढ़त बनाते नजर आए, लेकिन कीमर ने कठिन स्थिति में शानदार बचाव करते हुए मुकाबला बराबरी पर समाप्त किया।

# सगापुर ओपन : प्रणय ने जोनाथन क्रिस्टी को हराकर किया बड़ा उलटफ़ेर

एजेंसी

सिंगापुर। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एच.एस. प्रणय ने सिंगापुर ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडोनेशिया के विश्व नंबर-5 जोनाथन क्रिस्टी को हराकर बड़ा उलटफ़ेर किया। प्रणय ने पहले दौर के मुकाबले में 10-21, 21-12, 21-18 से जीत दर्ज कर दूसरे दौर में जगह बनाई।



पहला गेम गंवाने के बाद प्रणय ने शानदार वापसी की और लगातार आक्रामक खेल दिखाते हुए अगले दो गेम अपने नाम किए। निर्णायक गेम में उन्होंने दबाव के क्षणों में बेहतरीन संयम दिखाया।

हालांकि महिला एकल में भारत की मालविका बंसोड़ को हार का सामना करना पड़ा। चीनी ताइपे की लिन शियांग-टी ने उन्हें 11-21, 21-19, 21-12 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।

पुरुष एकल में किदांबी श्रीकांत भी पहला दौर पार नहीं कर सके। उन्हें सिंगापुर के लोह कीन यू के खिलाफ कड़े मुकाबले में 20-22, 21-19, 17-21 से हार झेलनी पड़ी।

मिक्स्ड डबल्स में भारत के ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की जोड़ी ने शानदार जीत दर्ज की। भारतीय जोड़ी ने मलेशिया के वोंग तिएन सी और लिम च्यू सिएन को 21-14, 20-22, 21-13 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

वहीं, भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन दिन में बाद में चीन के लू गुआंगजू के खिलाफ अपना मुकाबला खेलेंगे।

# ब्एफआईएच प्रो लीग : हरमनप्रीत की कप्तानी में भारतीय टीम घोषित, यूरोपीय दौरे पर पाकिस्तान-इंग्लैंड से भिड़ेगा भारत

नई दिल्ली । हॉकी इंडिया ने बुधवार को एफआईएच प्रो लीग 2025-26 के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी। स्टार डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह व्यक्तिगत कारणों से फरवरी में होबार्ट चरण से बाहर रहने के बाद टीम में वापसी करते हुए एक बार फिर कप्तानी संभालेंगे।

भारतीय टीम इस दौरे के दौरान नीदरलैंड, जर्मनी, इंग्लैंड और पाकिस्तान जैसी मजबूत टीमों से भिड़ेगी। यह दौरा आगामी हॉकी विश्व कप की तैयारियों के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

बेल्जियम में तैयारी, फिर नीदरलैंड और इंग्लैंड में मुकाबले भारतीय टीम 7 से 9 जून तक बेल्जियम के ब्रुसेल्स में तैयारी शिविर और अभ्यास मैच खेलेगी। इसके बाद टीम 10 जून से नीदरलैंड के रॉटरडैम में रहेगी, जहां प्रो लीग मुकाबले खेले जाएंगे। रॉटरडैम चरण के बाद भारतीय टीम इंग्लैंड के लंदन जाएगी, जहां पाकिस्तान और इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले होंगे।



अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का संतुलित मिश्रण टीम में अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं का संतुलित मिश्रण रखा गया है। चयनकर्ताओं ने आगामी विश्व कप को ध्यान में रखते हुए कोर टीम को मजबूत बनाने पर जोर दिया है। रक्षा पंक्ति में कप्तान हरमनप्रीत सिंह के साथ अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह और युवा खिलाड़ी अमनदीप लकड़ा शामिल हैं। मिडफील्ड की जिम्मेदारी हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद और राज कुमार पाल जैसे अनुभवी खिलाड़ियों पर होगी। आक्रमण में मनदीप सिंह, सुखजीत सिंह, अभिषेक और सेल्वम कार्थी जैसे तेजतर्रार फॉरवर्ड टीम की ताकत होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### फ्रेंच ओपन 2026: यानिक सिनर ने आसान जीत के साथ दूसरे दौर में बनाई जगह

पेरिस । विश्व नंबर-1 इटली के यानिक सिनर ने फ्रेंच ओपन 2026 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए फ्रांस के क्लेमेंट तबूर को सीधे सेटों में 6-1, 6-3, 6-4 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया।

दो बार के मौजूदा चैम्पियन कार्लोस अल्काराज चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हैं, ऐसे में सिनर को खिताब का सबसे बड़ा दावेदार माना जा रहा है। कोर्ट फिलिप शात्रिए पर खेले गए मुकाबले में सिनर ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और अपने प्रतिद्वंद्वी को संभलने का मौका नहीं दिया।

24 वर्षीय सिनर इस मुकाबले में लगातार 29 मैचों की जीत के साथ उतरे थे। इस दौरान उन्होंने केवल तीन सेट गंवाए थे और इसी महीने सभी मास्टर्स 1000 खिताब पूरे करने की उपलब्धि भी हासिल की थी।

सिनर ने मैच की शुरुआत में ही तबूर की सर्विस तोड़कर 2-0 की बढ़त बना ली। इसके बाद उन्होंने एक और ब्रेक हासिल करते हुए स्कोर 4-1 कर दिया। दमदार फोरहैंड विनर के साथ उन्होंने पहला सेट आसानी से अपने नाम किया।

दूसरे सेट में भी इतालवी खिलाड़ी ने शानदार नियंत्रण बनाए रखा और बिना ज्यादा परेशानी के सेट जीत लिया।

तीसरे सेट में फ्रांसीसी खिलाड़ी क्लेमेंट तबूर ने कुछ बेहतरीन शॉट लगाए और घरेलू दर्शकों का भरपूर समर्थन हासिल किया। विश्व रैंकिंग में 171वें स्थान पर मौजूद तबूर ने कुछ समय के लिए सिनर पर दबाव भी बनाया।

हालांकि, सिनर ने जल्द ही मैच पर दोबारा नियंत्रण स्थापित कर लिया। उनकी सटीक ग्राउंडस्ट्रोक्स और लगातार आक्रामक खेल के सामने तबूर ज्यादा देर टिक नहीं सके। जीत के बाद यानिक सिनर ने कहा,ल्लमैं यहां वापस आकर बेहद खुश हूं। इस कोर्ट से मेरी कई शानदार यादें जुड़ी हैं। पहले दौर के मुकाबले कभी आसान नहीं होते। उन्होंने फ्रांसीसी दर्शकों का धन्यवाद करते हुए कहा, ल्लसमर्थन के लिए धन्यवाद। मुझे पता है कि मैं एक फ्रांसीसी खिलाड़ी के खिलाफ खेल रहा था, फिर भी दर्शकों ने निष्पक्षता दिखाई।

### आरसीबी लगातार दूसरे आईपीएल सीजन के फाइनल में, गुजरात को 92 रन से हराकर रचा इतिहास

धर्मशाला। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार दूसरे सीजन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल में जगह बना ली है। क्वालिफायर-1 मुकाबले में बेंगलुरु ने गुजरात टाइटंस (जीटी) को 92 रन के बड़े अंतर से हराकर खिताबी मुकाबले का टिकट हासिल किया।

टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए बेंगलुरु ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 254 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से कप्तान रजत पाटीदार ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 33 गेंदों पर नाबाद 93 रन बनाए। उनकी पारी में नौ छक्के और पांच चौके शामिल रहे। इसके अलावा विराट कोहली और क्रुणाल पांड्या ने 43-43 रन का योगदान दिया।

गुजरात की ओर से कगिसो रबाडा और जेसन होल्डर ने दो-दो विकेट लिए, लेकिन वे बेंगलुरु के बल्लेबाजों को बड़े स्कोर से रोकने में सफल नहीं हो सके।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस की टीम दबाव में नजर आई और 19.3 ओवर में 162 रन पर सिमट गई। बेंगलुरु के गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट लेकर मैच को पूरी तरह एकतरफा बना दिया।

इस जीत के साथ बेंगलुरु ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। टीम ने आईपीएल प्लेऑफ और नॉकआउट मुकाबलों के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बनाया। इससे पहले यह रिकॉर्ड गुजरात के नाम था, जिसने 2023 के क्वालिफायर-2 में मुंबई के खिलाफ 233 रन बनाए थे।

अब गुजरात के पास फाइनल में पहुंचने का एक और मौका रहेगा। टीम एलिमिनेटर मुकाबले की विजेता टीम से क्वालिफायर-2 खेलेगी, जबकि एलिमिनेटर मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के बीच बुधवार को खेला जाएगा।

# हुंडई मोटर इंडिया वाहनों के दाम 12,800 रुपये तक बढ़ाएगी, नई दरें 1 जून से होंगी लागू

नई दिल्ली। मारुति के बाद अब हुंडई मोटर इंडिया ने अपने वाहनों के दाम में इजाफा करने का ऐलान किया है। वाहन निर्माता हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने अपने कार की कीमतों में मॉडल और संस्करण के आधार पर 12,800 रुपये तक बढ़ोतरी करने की घोषणा की है।

कंपनी ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि बढ़ती उत्पादन लागत, महंगे कच्चे माल और संचालन खर्च में इजाफ़े के कारण यह फैसला लिया गया है। हुंडई मोटर ने कहा कि 8 अप्रैल को शेयर बाजार को दी सूचना में कच्चे माल की लागत बढ़ने के कारण अपने सभी वाहनों की कीमतों में एक प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की थी। कंपनी के अनुसार नई कीमतें 1 जून से लागू होंगी। कंपनी ने अपने बयान में कहा, ''मूल्य वृद्धि अधिकतम 12,800 रुपये तक होगी। यह कीमत मॉडल और संस्करण के आधार पर अलग-अलग होगी।'' हुंडई ने कहा कि कच्चे माल की बढ़ती लागत और उच्च परिचालन खर्चों सहित अन्य कारणों से मूल्य वृद्धि आवश्यक हो गई है। हुंडई ने ने कहा, ''हालांकि, कंपनी लागत को अनुकूलतम स्तर पर लाने और अपने ग्राहकों पर प्रभाव को कम करने के लिए प्रयासरत है लेकिन कंपनी इस मामूली मूल्य वृद्धि के माध्यम से बढ़ी हुई लागत का कुछ हिस्सा बाजार में हस्तांतरित करने के लिए मजबूर है।''

उल्लेखनीय है कि हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) दक्षिण कोरिया की हुंडई मोटर कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, जो भारत की दूसरी सबसे बड़ी कार निर्माता भी है। वर्ष 1996 में स्थापित यह कंपनी भारतीय बाजार में क्रेटा और वेन्यू जैसी लोकप्रिय एसयूवी और सीएनजी तथा इलेक्ट्रिक वाहन बनाती है।

# मामूली कमजोरी के साथ बंद हुआ बाजार, गिरावट के बावजूद निवेशकों को 2.73 लाख करोड़ का मुनाफा

एजेंसी

मामूली कमजोरी के साथ बंद हुआ बाजार, गिरावट के बावजूद निवेशकों को 2.73 लाख करोड़ का मुनाफा

नई दिल्ली। सेंसेक्स की मंथली एक्सपायरी के दिन आज घरेलू शेयर बाजार सीमित दायरे में कारोबार करने के बाद मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से पूरे दिन सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में उतार-चढ़ाव होता रहा। दिनभर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.19 प्रतिशत और निफ्टी 0.03 प्रतिशत फिसल कर बंद हुए। आज दिनभर के कारोबार के दौरान मीडिया, पावर और कैपिटल गुड्स सेक्टर में जमकर खरीदारी होती रही। इसी तरह टेलीकॉम, ऑटोमोबाइल, मेटल, कंज्यूमर ड्युरेबल्स और हेल्थकेयर इंडेक्स भी मजबूती के साथ हरे निशान में बंद हुए।



दूसरी ओर, एफएमसीजी बैंकिंग, आईटी और ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयरों की आज लगातार बिकवाली होती रही। ब्रॉडर मार्केट में आज आमतौर पर खरीदारी का रुख बना रहा, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 0.42 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.15 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के बावजूद कैपिटल गुड्स और पावर सेक्टर के शेयरों में जमकर खरीदारी होने के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब पौने तीन लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 470.84 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 468.11 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.73 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,394 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,275 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,945 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 174 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,980 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,539 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान और 1,441 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए।

# विजयन, उनकी बेटी से जुड़े कई ठिकानों पर ईडी का छापा

एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड (सीएमआरएल)-एक्सालॉजिक वित्तीय लेनदेन से जुड़े धन शोधन मामले में केरल के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा में विपक्ष के नेता पिनाराई विजयन, उनकी बेटी वीना विजयन और दामदा पीए मोहम्मद रियास से जुड़े कई ठिकानों पर बुधवार को एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई केरल उच्च न्यायालय द्वारा ईडी की जांच और समन को चुनौती देने वाली याचिकाओं के खारिज किए जाने के ठीक एक दिन बाद की गई।

ईडी अधिकारियों ने तिरुवनंतपुरम के बेकरी जंक्शन के पास स्थित विजयन के किराए के आवास और कन्नूर स्थित उनके पैतृक घर की तलाशी ली। इसके अलावा सीएमआरएल के प्रबंध निदेशक शशिधरन कर्ता के आवास, विजयन के दामाद रियास के कोझिकोड स्थित घर और बेटी वीना विजयन के स्वामित्व वाली कंपनी एक्सालॉजिक सॉल्यूशंस के बेंगलुरु कार्यालय में भी एकसाथ छापेमारी की गई। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने केरल और कर्नाटक में कुल 12 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। अधिकारिक सूत्रों के मुताबिक आज तड़के भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जब ईडी की टीमें



तिरुवनंतपुरम स्थित आवास पर पहुंचीं, उस समय पिनाराई विजयन, उनकी बेटी वीना विजयन और परिवार के अन्य सदस्य घर में ही मौजूद थे। अधिकारियों ने कई दस्तावेज, डिजिटल रिकॉर्ड और वित्तीय लेनदेन से जुड़े इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जांच की। हालांकि ईडी की ओर से अभी तक आधिकारिक रूप से जब्त सामग्री या पूछताछ के बारे में विस्तृत जानकारी साझा नहीं की गई है। यह मामला सीएमआरएल और एक्सालॉजिक सॉल्यूशंस के बीच वित्तीय लेनदेन से जुड़े मनी लॉन्डरिंग का है। आयकर अंतरिम निपटान बोर्ड की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि सीएमआरएल ने एक्सालॉजिक सॉल्यूशंस को लगभग 1.72 करोड़ रुपये का भुगतान परामर्श सेवाओं के नाम पर किया, जबकि कथित तौर पर ऐसी कोई सेवाएं प्रदान नहीं की गई थीं। विपक्षी दलों ने इस कथित भुगतान को मासिक भुगतान बताते हुए भ्रष्टाचार और प्रभाव के दुरुपयोग का आरोप लगाया था। सीएमआरएल और उसके अधिकारियों ने ईडी की जांच और समन को अदालत में चुनौती देते हुए कहा था कि आयकर निपटान बोर्ड से उन्हें पहले ही राहत मिल चुकी है, इसलिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आगे की कार्रवाई उचित नहीं है। याचिकाकर्ताओं का यह भी तर्क था कि ईडी के पास समन जारी करने और जांच आगे बढ़ाने का वैधानिक अधिकार नहीं है। केरल उच्च न्यायालय ने इन दलीलों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया था कि आयकर मामलों में मिली राहत का अर्थ यह नहीं है कि ईडी धन शोधन के आरोपों की जांच नहीं कर सकती। न्यायमूर्ति टीआर रवि ने कहा कि जांच अभी प्रारंभिक चरण में है और इस स्तर पर समन को चुनौती देना समयपूर्व होगा। अदालत ने यह भी उल्लेख किया कि उच्चतम न्यायालय के विभिन्न फैसलों के अनुसार ईडी को पीएमएलए के तहत जांच शुरू करने या आगे बढ़ाने के लिए अलग से प्राथमिकी दर्ज होने की आवश्यकता नहीं होती। उच्च न्यायालय के आदेश के एक दिन बाद ईडी ने व्यापक तलाशी अभियान शुरू कर दिया, जिससे यह संकेत मिला कि एजेंसी मामले में वित्तीय लेनदेन और संभावित धन शोधन के पहलुओं की गहन जांच कर रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह कार्रवाई आने वाले दिनों में केरल की राजनीति में बड़ा मुद्दा बन सकती है, क्योंकि मामला सीधे तौर पर राज्य के शीर्ष राजनीतिक परिवार से जुड़ा हुआ है। विपक्षी दलों ने इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है, जबकि वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के नेताओं ने इसे राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई बताया है। वहीं, भाजपा नेताओं ने दावा किया कि ईडी कानून के अनुसार काम कर रही है और मामले की सच्चाई सामने आनी चाहिए। फिलहाल, ईडी की छापेमारी और दस्तावेजों की जांच के बाद आगे की कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में इस मामले में कई अहम खुलासे हो सकते हैं और संबंधित व्यक्तियों से विस्तृत पूछताछ भी की जा सकती है।

# भारत में इबोला का कोई मामला नहीं: स्वास्थ्य मंत्रालय

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि देश में इबोला का एक भी मामला सामने नहीं आया है और सरकार इसे लेकर लगातार नजर रख रही है।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अफ्रीका के कुछ हिस्सों में इबोला वायरस बीमारी के हालिया प्रकोप को देखते हुए भारत सरकार स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। एहतियात के तौर पर युगांडा से हाल ही में लौटे एक व्यक्ति को शरीर में हल्के दर्द की शिकायत के बाद बेंगलुरु के राज्य संचालित एपिडेमिक डिजीज हॉस्पिटल में निगरानी और जांच के लिए आइसोलेशन में रखा गया था। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, व्यक्ति को शरीर दर्द के अलावा कोई अन्य गंभीर लक्षण नहीं थे। संदिग्ध मरीज का सैंपल जांच के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी भेजा गया था। जांच रिपोर्ट में इबोला वायरस डिजीज की पुष्टि नहीं हुई और रिपोर्ट नेगेटिव आई।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने संबंधित राज्य सरकार के साथ समन्वय में निगरानी बढ़ा दी है और विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी जरूरी सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है। मंत्रालय ने दोहराया कि भारत में इबोला वायरस बीमारी का कोई मामला सामने नहीं आया है। सरकार ने कहा कि देशभर में निर्धारित एंट्री प्वाइंट्स और सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था में स्क्रीनिंग और निगरानी जारी है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे घबराएं नहीं, अफवाहों से बचें और केवल सरकारी व आधिकारिक स्रोतों से मिली जानकारी पर ही भरोसा करें।

# अमेरिकी सीनेटर ने ईरान युद्ध को लेकर ट्रंप पर साधा निशाना, कहा- अंतहीन युद्ध की शुरुआत

एजेंसी

वॉशिंगटन। अमेरिकी सीनेटर मार्क वॉर्नर ने 'एक और अंतहीन युद्ध शुरू करने' के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तीखी आलोचना की है और दावा किया है कि ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य कार्रवाई लगातार जारी है।

सीनेट इंटेलिजेंस कमेटी के उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाल रहे सीनेटर वॉर्नर ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में श्री ट्रंप पर वादे तोड़ने और महंगाई बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा, ''श्री डोनाल्ड ट्रंप लगातार दावा कर रहे हैं कि युद्ध खत्म होने वाला है, लेकिन सच यह है कि अमेरिका अब भी ईरान पर हमले कर रहा है। वह अपना हर वादा तोड़ रहे हैं। नये अंतहीन युद्ध शुरू कर रहे हैं और हर चीज की कीमतें बढ़ा रहे हैं। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आयी है, जब एक तरफ बातचीत की रफ्तार बेहद धीमी है, तो दूसरी तरफ अमेरिका ने सोमवार को दक्षिणी ईरान पर नये हमले किये हैं। इन हमलों में ईरानी मिसाइल ठिकानों और बारूदी सुरंगें बिछाने की कोशिश कर रही नावों को निशाना बनाया गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने एक बयान में कहा कि ये हमले 'आत्मरक्षा' में किये गये थे और इनका मकसद 'ईरानी बलों की तरफ से पैदा हुए खतरों से हमारे सैनिकों की रक्षा करना' था। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने सरकार के रुख का बचाव करते हुए कहा कि श्री ट्रंप ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए 'ठोस कदम' उठा रहे हैं। उन्होंने कहा, ''यह राष्ट्रपति ट्रंप ही हैं, जो ईरानी हुकूमत को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए जमीनी स्तर पर ठोस कार्रवाई कर रहे हैं।'' उन्होंने आगे कहा कि श्री ट्रंप ने फारस की खाड़ी में अमेरिका के गठबंधनों को मजबूत किया है और अब्राहम समझौते के जरिये क्षेत्रीय शांति को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा, ''राष्ट्रपति ट्रंप के काम के नतीजे खुद गवाही दे रहे हैं। अमेरिका को मजबूत बनाने और अमेरिकी नेतृत्व को फिर से बहाल करने का उनका संदेश और मिशन पूरी तरह स्पष्ट और निरंतर है।'' श्री पिगॉट ने कहा कि पहले दिन से ही श्री ट्रंप का यह मानना रहा है कि ईरान को किसी भी कीमत पर परमाणु हथियार हासिल नहीं करने दिया जाना चाहिए, और उन्होंने इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए निर्णायक कदम उठाये हैं। इसी बीच फॉक्स न्यूज ने रिपोर्ट दी है कि हालिया जनमत सर्वेक्षणों से पता चलता है कि लंबे समय तक चलने वाले सैन्य अभियानों को जनता का बहुत कम समर्थन मिल रहा है। उसके पोल के अनुसार, केवल 39 फीसदी पंजीकृत मतदाता ही इस बात का समर्थन करते हैं कि अमेरिकी सैन्य अभियान 'जब तक जरूरी हो' जारी रहना चाहिए, जबकि 61 फीसदी मतदाता 'एक सीमित समय सीमा' को प्राथमिकता देते हैं। यह रिपोर्ट सीएनएन ने भी प्रकाशित की है। द न्यूयॉर्क टाइम्स-सिएना कॉलेज के एक पोल में सामने आया है कि 52 फीसदी मतदाताओं का मानना है कि अमेरिका को परमाणु समझौते के बिना भी सैन्य अभियान खत्म कर देना चाहिए, जबकि केवल 37 फीसदी मतदाता इस बात के पक्ष में हैं कि बातचीत नाकाम होने की स्थिति में भी हमले जारी रहने चाहिए। इस बीच होर्मुज जलडमरू मध्य के पास ईरानी मिसाइल ठिकानों और जहाजों पर हुए अमेरिकी हमलों के बाद इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है। आईआरजीसी ने यह दावा भी किया है कि 'पिछले एक दिन और रात' के दौरान तेल टैंकरों समेत 25 जहाज इस जलडमरूमध्य से होकर सुरक्षित गुजरे हैं।

# राहुल ने एसआईआर का विरोध इसलिए किया क्योंकि वह 'अवैध घुसपैठियों' के पक्ष में थे : भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को उच्चतम न्यायालय द्वारा बरकरार रखे जाने के बाद कंग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने इस प्रक्रिया का लगातार विरोध इसलिए किया क्योंकि वह ''अवैध मतदाताओं'' के साथ खड़े थे।

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को निर्वाचन आयोग के मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने के अधिकार को बरकरार रखते हुए कहा कि यह प्रक्रिया ''स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की संवैधानिक अनिवार्यता को आगे बढ़ाती है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, ''राहुल गांधी और कंग्रेस पार्टी बेनकाब हो गई है। उच्चतम न्यायालय ने एसआईआर प्रक्रिया को वैध और संवैधानिक करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया, ''यह स्पष्ट है कि राहुल गांधी और कंग्रेस ने पूरे समय एसआईआर का विरोध इसलिए किया क्योंकि वे भारतीय मतदाताओं के नहीं, बल्कि अवैध घुसपैठियों के साथ खड़े थे। भाजपा प्रवक्ता ने इस प्रक्रिया के विरोध को ''राष्ट्रविरोधी कृत्य'' भी बताया और सवाल किया कि क्या गांधी ''भारतीय लोकतंत्र को बदनाम करने'' के लिए माफी मांगेंगे। उन्होंने लिखा, ''वास्तविक अर्थों में यह एक राष्ट्रविरोधी कृत्य था। उच्चतम न्यायालय बिहार में एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक समूह पर अपना फैसला सुना रहा था। याचिकाओं में दावा किया गया था कि निर्वाचन आयोग को संविधान के अनुच्छेद 326, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और उसके तहत बनाए गए नियमों के अंतर्गत बड़े पैमाने पर एसआईआर कराने का अधिकार नहीं है। न्यायालय ने 29 जनवरी को इस मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। इन याचिकाओं में गैर-सरकारी संगठन 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) की याचिका भी शामिल थी। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, '' कोई प्रक्रिया शुरुआत में भले ही भेदभावपूर्ण प्रतीत हो, लेकिन उचित सुरक्षा उपायों के जरिए उसे संवैधानिक रूप से अनुरूप बनाया जा सकता है। हम संतुष्ट हैं कि विवादित एसआईआर प्रक्रिया अनुपातिकता की कसौटी पर खरी उतरती है। न्यायालय के अनुसार, यह नहीं कहा जा सकता कि निर्वाचन आयोग ने एसआईआर प्रक्रिया अपनाकर अपने वैधानिक अधिकारों की सीमा से बाहर जाकर काम किया।

# शुभेंदु मंत्रिमंडल में जल्द विस्तार की संभावना

एजेंसी

**भाजपा क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन पर दे रही है ध्यान**

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के मंत्रिमंडल में जल्द विस्तार होने की संभावना है।


सूत्रों के अनुसार नए मंत्रियों की सूची को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है और प्रस्तावित नामों को इस सप्ताह के अंत तक राजभवन भेजा जा सकता है। पार्टी नेतृत्व ने हालांकि संभावित मंत्रियों के बारे में चुप्पी साध रखी है, लेकिन अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि यह विस्तार संतुलित दृष्टिकोण के साथ किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के साथ-साथ विभिन्न जाति और आदिवासी समुदायों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना है। सूत्रों ने बताया कि कुछ अप्रत्याशित नामों के शामिल होने की उम्मीद है, लेकिन मंत्रिमंडल का आकार अपेक्षाकृत छोटा रहने की संभावना है। चूंकि श्री अधिकारी, तापस रॉय और निशीथ प्रमाणिक को छोड़कर अधिकांश नव निर्वाचित भाजपा विधायकों के पास राज्य या केंद्र स्तर पर पूर्व मंत्री पद का अनुभव है, इसलिए प्रशासनिक क्षमता और शासन दक्षता चयन प्रक्रिया में प्रमुख मानदंड बनकर उभरे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि अंतिम निर्णयों में राजनीतिक कारक भी भूमिका निभा रहे हैं। मंत्रिमंडल के पहले चरण का शपथ ग्रहण समारोह 9 मई को ब्रिगेड परेड ग्राउंड में हुआ जब सुवेंदु अधिकारी ने दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, निशिथ प्रमाणिक, अशोक कीर्तिनया और खुदीराम टुडू के साथ मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। प्रशासनिक कार्यभार बढ़ने के कारण, इन मंत्रियों द्वारा वर्तमान में संभाले जा रहे कई विभागों को नए मंत्रियों के बीच पुनर्वितरित किए जाने की संभावना है। गृह और सूचना एवं संस्कृति जैसे महत्वपूर्ण विभाग मुख्यमंत्री के पास ही रहने की उम्मीद है। इस बीच इस बात के भी प्रबल संकेत हैं कि भाजपा सरकार प्रशासनिक दक्षता में सुधार के लिए शिक्षा विभाग का व्यापक पुनर्गठन करने की योजना बना रही है। सूत्रों के अनुसार राज्य सरकार वाम मोर्चा शासन के दौरान अपनाई गई पुरानी व्यवस्था पर वापस लौट सकती है, जिसके तहत स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा दो अलग-अलग विभाग थे और उनके लिए स्वतंत्र कैबिनेट मंत्री नियुक्त किए जाते थे। वामपंथी शासन के दौरान, कांति बिस्वास और पार्थ दे जैसे नेताओं ने स्कूली शिक्षा का कार्यभार संभाला, जबकि सत्यसाधन चक्रवर्ती और सुदर्शन रायचौधरी उच्च शिक्षा मंत्री रहे। वर्ष 2011 में तृणमूल कंग्रेस के सत्ता में आने के बाद शुरुआत में दोनों विभाग अलग-अलग कार्य करते रहे, जिनमें रवींद्रनाथ भट्टाचार्य स्कूली शिक्षा और ब्रात्या बसु उच्च शिक्षा के प्रभारी थे। बाद में दोनों विभागों को एक ही शिक्षा विभाग में मिला दिया गया, जिसके अधीन एक ही कैबिनेट मंत्री नियुक्त किया गया। यह पद पहले पार्थ चटर्जी और बाद में ब्रात्या बसु के पास रहा। नयी भाजपा सरकार अब स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा के लिए अलग-अलग पूर्ण मंत्रियों की नियुक्ति करके पुरानी संरचना को बहाल करने की योजना बना रही है।

# मोदी का देशवासियों से प्रचंड गर्मी में अपना, दूसरों का ध्यान रखने और मंत्रालयों से राहत के कदम उठाने का आग्रह

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में प्रचंड गर्मी और लू के दौर को देखते हुए सभी देशवासियों से सावधानी बरतने और सभी मंत्रालयों से जनता को गर्मी और लू से बचाने के लिए हर संभव उपय करने का आह्वान किया है।

श्री मोदी ने मंत्रिमंडल की बुधवार को यहां हुई बैठक में सभी मंत्रियों का ध्यान देश में पड़ रही भीषण गर्मी की ओर दिलाया और उनसे लोगों को इससे राहत दिलाने के लिए अपने अपने स्तर पर उपाय करने को कहा। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि ''प्रधानमंत्री ने मंत्रियों के साथ गर्मी और लू की स्थिति पर चर्चा की और उनसे मंत्रालय स्तर पर लोगों को राहत दिलाने के लिए कदम उठाने को कहा। इससे पूर्व प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक के बाद एक कई पोस्ट में लोगों से लू और गर्मी से बचने के लिए पूरी सावधानी बरतने और अपने साथ साथ दूसरे लोगों का भी ध्यान रखने की अपील की। उन्होंने लोगों से पशु-पक्षियों के लिए भी घरों , दफ्तरों और दुकानों के बाहर बर्तन में पानी रखने की अपील की । उन्होंने कहा



लोगों से पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, बाहर निकलते समय पानी साथ रखने और अत्यधिक गर्मी की स्थिति में दूसरों को पानी देकर उनकी मदद करने का सुझाव दिया। श्री मोदी ने कहा, ''देश के विभिन्न हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ रही है और इसके साथ कई चुनौतियां भी सामने आ रही हैं। यह गर्मी हम सभी के लिए कष्टदायी है और मैं आप सभी से यथासंभव सावधानी बरतने का आग्रह करता हूं। कृपया पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, बाहर निकलते समय अपने साथ पानी जरूर रखें। दूसरों को भी पानी पिलाएं। ऐसे मौसम में ऐसी करुणा बहुत मायने रखती है। प्रधानमंत्री ने चक्कर आना, मतली और अत्यधिक थकान के लक्षणों के प्रति लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि यदि कोई व्यक्ति अस्वस्थ दिखाई दे, कमजोरी या सिरदर्द महसूस कर रहा हो तो उसे तुरंत ठंडी और छायादार जगह पर ले जाकर पानी और ओआरएस उपलब्ध कराएं। श्री मोदी ने कहा कि बच्चे, बुजुर्ग और बाहर धूप में काम करने वाले लोग भीषण गर्मी के दौरान विशेष रूप से प्रभावित होते हैं और चेतावनी संकेतों को नजरअंदाज़ करना हीटस्ट्रोक का कारण बन सकता है। श्री मोदी ने लोगों से घर के बुजुर्गों और अन्य प्रियजनों का नियमित रूप से हालचाल पूछते रहने तथा उन्हें पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, दोपहर के समय घर से बाहर न निकलने और पर्याप्त आराम करने की सलाह देने का भी आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने करुणा पर बल देते हुए, नागरिकों से अपील की कि वे इस गर्मी में पशु-पक्षियों के लिए घरों, बालकनियों, छतों, दुकानों और कार्यालयों के बाहर पानी से भरे बर्तन रखें। श्री मोदी ने लोगों से अपील करते हुए कहा, ''आइए हम इस भीषण गर्मी में, अपने आसपास के पशु-पक्षी और जानवरों का भी ख्याल रखें। घर, बालकनी, छत, दुकान या दफ्तर के बाहर रखा एक छोटा कटोरा पानी किसी प्यासे पक्षी के लिए जीवनदान बन सकता है। इन कठिन दिनों में करुणा हमारा मार्गदर्शन करे।''

# पेज एक का शेष

## एसआईआर की...

इसलिए, इस आधार पर किया गया कोई भी विलोपन, सक्षम प्राधिकारी द्वारा किए जाने वाले ऐसे निर्णय के परिणाम के अधीन रहेगा।'' फ़ैसले में 2003 की मतदाता सूची से बाहर किये गये लोगों के संबंध में कहा गया, ''जिन लोगों के नाम 2003 की सूची से इसलिए हटा दिये गये हैं क्योंकि आयोग की राय में वे नागरिक नहीं हैं, आयोग ऐसे मामलों को चार हफ़्तों के भीतर नागरिकता अधिनियम, 1955 के तहत सक्षम प्राधिकारी को उनकी नागरिकता के निर्धारण के लिए भेजेगा। न्यायालय ने यह निर्देश भी दिया कि सक्षम प्राधिकारी कानून के अनुसार निर्णय ले। यह निर्णय अगले संसदीय, विधानसभा या स्थानीय निकाय चुनावों से पहले (जो भी पहले हो) से पहले लिया जाये और ऐसा करने से पहले उन व्यक्तियों को नोटिस दे और उन्हें सुनवाई का अवसर प्रदान करे जिनके नाम सूची से हटा दिये गये हैं। इसमें यह भी कहा गया कि यदि ऐसे व्यक्तियों को नागरिक माना जाता है, तो उनके नाम मतदाता सूची में बहाल कर दिये जाएंगे। इसके अतिरिक्त, बिहार के वे सभी निवासी जिनके नाम गलती से इस आधार पर हटा दिये गये थे कि वे अनुपस्थित थे, मृत थे, कहीं और चले गये थे या उनके नाम दोहराये गये थे, वे न्यायिक समीक्षा के माध्यम से आयोग के निर्णय को चुनौती देने के हकदार होंगे।

## बिल्डर को ...

में पूरी घटना कैद हो गई। संदीप की पत्नी-बच्चे और करीबी भी अस्पताल पहुंचे। संदीप की पत्नी प्रीति की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ पीजीआई थाने की पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस रुपयों के लेन-देन, प्रापर्टी विवाद समेत अन्य बिंदुओं पर तफ्तीश कर रही है। इस संबंध में अमित कुमार आनंद, पुलिस उपायुक्त दक्षिणी ने कहा कि बाइक सवार बदमाश सीसी कैमरे में कैद हो गए हैं। उनकी तलाश में पुलिस की पांच टीमें दबिश दे रही हैं। हत्याकांड के खुलासे के लिए रुपयों, प्रापर्टी के विवाद और कई अन्य बिंदुओं पर तफ्तीश की जा रही है। संदीप की पत्नी ने उनके एक साथी पर दबी जुबान आरोप लगाया है। उस बिंदु पर भी जांच की जा रही है।

## असम में समान...

कराने पर तीन महीने तक की जेल का प्रावधान रखा गया है।

## सार्थक पीडीएस...

यह एकीकृत योजना 31 मार्च 2031 तक जारी रहेगी। सार्थक पीडीएस योजना का उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस , मशीन लर्निंग , नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग और ब्लॉकचेन जैसी आधुनिक प्रौद्योगिकियों के ज़रिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के कामकाज को आधुनिक बनाना, एकीकृत करना और समझदारी से बेहतर बनाना है। इसके लिए, यह योजना मानकीकृत आर्किटेक्चर और एकीकृत डेटाबेस तैयार करती है, ताकि पीडीएस के कामकाज में पारदर्शिता, सुरक्षा और निरंतरता सुनिश्चित की जा सके। इन डेटाबेस का इस्तेमाल रियल-टाइम निगरानी, एआई आधारित शिकायत निवारण और विश्लेषण प्रणालियों, डेटा-आधारित निगरानी के लिए राज्य नियंत्रण केंद्रों और आईएसओ प्रमाणित प्रक्रिया ढांचों के लिए किया जाता है। वक्तव्य के अनुसार यह योजना राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आने वाले 81.35 करोड़ लोगों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में काम करेगी। पिछले एक दशक में, सरकार ने कई डिजिटलीकरण पहलें लागू की हैं।

## नीट यूजी पेपर लीक...

लीक मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या बढ़कर 13 हो गई है। सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि इस मामले में साजिश का पता लगाने के लिए जांच जारी है। अब तक 49 जगहों पर तलाशी ली है और कई अहम दस्तावेज, लैपटॉप और मोबाइल फोन जब्त किए हैं।

## सीमा से 15...

प्रशासन के समन्वय से प्रत्येक सीमावर्ती जिले के लिए 360 डिग्री सुरक्षा कवच तैयार करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने घुसपैठ, मादक पदार्थों की तस्करी, अतिक्रमण, आतंक वित्तपोषण और अन्य सीमा पार अपराधों से निपटने के लिए बीएसएफ, एनसीबी, सीबीडीटी और राज्य एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल पर बल दिया। बैठक में सीमावर्ती गांवों तक सभी सरकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने और साइबर अपराध से निपटने के लिए 1930 हेल्पलाइन के प्रभावी उपयोग के निर्देश भी दिए गए। गृह मंत्रालय के अनुसार, इन निर्देशों की दो महीने बाद फिर समीक्षा की जाएगी और जिलों को परिणामोन्मुखी कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी।

## जेवर एयरपोर्ट कनेक्टिविटी...

परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि इन परियोजनाओं को प्रदेश के कृषि और औद्योगिक विकास से जोड़ते हुए तेजी से आगे बढ़ाया जाए। बैठक में बताया गया कि सीड पार्क परियोजना के संबंध में अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और प्रमुख बीज कंपनियों के साथ विचार-विमर्श किया गया है तथा आगे की कार्यवाही पर सहमति बनी है। मुख्यमंत्री ने डिफेंस कॉरिडोर परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के लिए निवेशकों को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाए। बैठक में बताया गया कि आइकॉन्स हिंदुस्तान एयरोस्पेस एंड डिफेंस सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अलीगढ़ डिफेंस नोड में 125 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया गया है। तकनीकी मूल्यांकन समिति तथा भूमि आवंटन समिति द्वारा कंपनी के पक्ष में संस्तुति की जा चुकी है और आगे की प्रक्रिया प्रचलित है। मुख्यमंत्री ने जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के निकट प्रस्तावित एग्रीकल्चर एक्सपोर्ट हब तथा उन्नाव में एक्वा ब्रिज परियोजना की समीक्षा करते हुए कहा कि कृषि और मत्स्य आधारित उत्पादों को वैश्विक बाजार से जोड़ने के लिए आधुनिक प्रोसेसिंग और निर्यात सुविधाएं विकसित की जाएं। बैठक में बताया गया कि एग्री एक्सपोर्ट हब के लिए 50 एकड़ भूमि की आवश्यकता है, जबकि वर्तमान में 29 एकड़ भूमि चिन्हित की जा चुकी है। वहीं उन्नाव में एक्वा ब्रिज परियोजना के लिए 60 एकड़ भूमि चिन्हित कर ली गई है, जहां फिश प्रोसेसिंग, फीड प्लांट, पैकेजिंग और निर्यात संबंधी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि युवाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता से जोड़ने के लिए योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने अर्बन चैलेंज फंड के अंतर्गत प्रस्तावित परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि तेजी से बढ़ते शहरीकरण को देखते हुए आधुनिक नगरीय अवसंरचना का विकास सर्वोच्च प्राथमिकता पर किया जाए। मुख्यमंत्री ने स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन की बैठक में 'सीएम समीक्षा' में शामिल परियोजनाओं को शीर्ष प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय में विशेष सेल गठित कर इन परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

# बजट घोषणाओं संबंधी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करें: मुख्यमंत्री

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों और विभागाध्यक्षों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दिल्ली सरकार के बजट में की गई घोषणाओं, विकास कार्यों और जनहित योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने इन योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के सख्त निर्देश जारी किए।

मुख्यमंत्री सेवा सदन में आयोजित इस समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बजट में घोषित योजनाओं को समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारने के लिए तत्काल प्रभाव से कार्य तेज किए जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता केवल घोषणाएं करना नहीं बल्कि हर योजना को अंतिम परिणाम तक पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जिन विभागों द्वारा बजट राशि का योजनाओं पर उचित उपयोग नहीं किया जाएगा। आगामी बजट में उनकी धनराशि में कटौती की जा सकती है। बैठक में मॉनसून की तैयारियों को लेकर भी विशेष चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि बारिश शुरू होने से पहले राजधानी के सभी छोटे-बड़े नालों की सफाई और गाद निकालने का कार्य हर हाल में पूरा कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि जलभराव की समस्या को रोकना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण के मुद्दे पर कहा कि जिन स्थानों पर धूल उड़ने की समस्या है या खाली जमीन पड़ी हुई है, वहां बड़े स्तर पर पौधारोपण अथवा घास लगाने का अभियान चलाया जाए। उन्होंने विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर राजधानी को स्वच्छ और हरित बनाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने शिक्षा से जुड़े बुनियादी ढांचे की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सरकारी स्कूलों में समय रहते व्हाइट वॉश, शौचालयों की मरम्मत और बच्चों के लिए शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही कहा कि छात्रों को बेहतर और सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है। बैठक में वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों और कर्मचारियों से मेट्रो मंडे और वर्क फ्रॉम होम व्यवस्था का गंभीरता से पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इससे ईंधन की बचत, ट्रैफिक दबाव में कमी और प्रदूषण नियंत्रण में सहायता मिलेगी। साथ ही सोलर पावर और जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं को भी तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली को ऊर्जा संरक्षण और जल प्रबंधन के क्षेत्र में एक मॉडल शहर बनाने के लिए सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि सोशल मीडिया का उपयोग केवल औपचारिक सूचना तक सीमित न रहे, बल्कि जनहित योजनाओं के प्रचार-प्रसार और जनता तक सही जानकारी पहुंचाने के प्रभावी माध्यम के रूप में किया जाए। सभी विभागों को अपनी योजनाओं और उपलब्धियों की नियमित अपडेट साझा करने के निर्देश दिए गए।

# कोयला मंत्रालय गुरुवार को दिल्ली में रोड शो का करेगा आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नई दिल्ली । कोयला मंत्रालय 37,500 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय से शुरू की गई सतही कोयला और लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं को प्रोत्साहन देने की योजना पर गुरुवार (28 मई) को दिल्ली में एक रोड शो आयोजित करेगा।

कोयला मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में बताया कि इस कार्यक्रम में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी और कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे उपस्थित रहेंगे। कोयला मंत्रालय के सचिव विक्रम देव दत्त, अपर सचिव सनोज कुमार झा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगे।

मंत्रालय के मुताबिक यह योजना वर्ष 2030 तक 10 करोड़ टन कोयले के गैसीकरण के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इससे भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूती मिलने और एलएनजी, यूरिया, अमोनिया और मेथनॉल जैसी प्रमुख वस्तुओं के आयात पर निर्भरता कम होने की उम्मीद है। ये पहल भारत के विशाल कोयला और लिग्नाइट संसाधनों के कुशल उपयोग के लिए स्वच्छ और मूल्यवर्धित तरीके के रूप में कोयला गैसीकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मंत्रालय के मुताबिक लगभग 2.5-3 लाख करोड़ रुपये के निवेश के साथ इस योजना से देश के कोयला उत्पादक क्षेत्रों में लगभग 25 परियोजनाओं में लगभग 50,000 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने का अनुमान है। इसके अलावा योजना के तहत 75 मीट्रिक टन कोयले और लिग्नाइट के उपयोग से प्रतिवर्ष लगभग 6,300 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होने की उम्मीद है, साथ ही जीएसटी और अन्य करों के माध्यम से अतिरिक्त राजस्व भी प्राप्त होगा।

# मंत्रिमंडल की बैठक में प्रचंड गर्मी और लू की स्थिति पर चर्चा, मंत्रालय करेंगे अपने क्षेत्रों से जुड़े उपाय

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नई दिल्ली । केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में बुधवार को प्रचंड गर्मी और लू की स्थिति पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री ने आज राष्ट्र के नाम आह्वान भी किया है। प्रधानमंत्री के आह्वान पर हर मंत्रालय अब गर्मी एवं लू से जुड़े अपने क्षेत्रों के आवश्यक उपाय करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल में मौजूदा लू की स्थिति पर सभी मंत्रियों के साथ चर्चा की गई। इस विषय पर एक्स पर आज प्रधानमंत्री ने राष्ट्र से आह्वान भी किया है। प्रधानमंत्री के आह्वान पर प्रत्येक मंत्रालय और विभाग ने आज अपने-अपने क्षेत्रों में किए जा सकने वाले विशिष्ट कार्यों पर चर्चा की। वैष्णव ने कहा, ह्लप्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि इस प्रकार की बड़ी चुनौतियों का सामना करते समय, हमें 'पूरे राष्ट्र' की भावना के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने बताया कि बैठक में लू के बीच नागरिकों को राहत प्रदान करने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाए जाने वाले कदमों पर विचार-विमर्श किया गया। विशेष रूप से स्वास्थ्य मंत्रालय, जल संसाधन क्षेत्र और अन्य संबंधित क्षेत्रों में लागू की जा सकने वाली सुविधाओं और उपायों पर ध्यान केंद्रित किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के विभिन्न हिस्सों में पड़ रही भीषण गर्मी और लू की स्थिति के बीच नागरिकों से सतर्क रहने और सभी आवश्यक सावधानियां अपनाने की अपील की है। उन्होंने लोगों से पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, बाहर निकलते समय पानी साथ रखने और जरूरतमंदों को पानी उपलब्ध कराने का आग्रह किया।

# मुख्यमंत्री धामी ने अल्मोड़ा को दी 138 करोड़ की योजनाओं की सौगात

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




अल्मोड़ा । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को अल्मोड़ा में करीब 138 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने 17 योजनाओं का लोकार्पण तथा 9 योजनाओं का किया शिलान्यास किया। अल्मोड़ा के सोबन सिंह जीना विवि के नवीन प्रशासनिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री धामी ने अल्मोड़ा को विभिन्न विकास योजनाओं की सौगात दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इन योजनाओं से सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सिंचाई, नगर विकास एवं ग्रामीण आधारभूत सुविधाओं को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हों। इसी उद्देश्य के साथ प्रदेशभर में सड़क संपर्क, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा व्यवस्था एवं पेयजल योजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा जनपद सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं। इन योजनाओं के पूर्ण होने से जनपदवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी तथा क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को नई गति प्राप्त होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कुल 138.092 करोड़ रूपये की योजनाओं का लोकापर्ण एवं शिलान्यास किया, जिनमें 112.113 करोड़ रूपये की योजनाओं का लोकार्पण एवं 25.979 करोड़ रूपये की योजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने तहसील रानीखेत में क्षतिग्रस्त आवास एवं कंफ्रेन्स हॉल निर्माण कार्य लागत 4.141 करोड़ रूपये, राजकीय महिला पॉलीटेक्निक अल्मोड़ा में बाउण्ड्रीवाल लागत 3.833 करोड रूपये, जनपद अल्मोड़ा में भैरव मन्दिर अन्तर्गत अल्मोड़ा में एक पार्किंग का निर्माण कार्य लागत 2.867 करोड़ रूपये , जीआईसी अल्मोड़ा में बहुस्तरीय पार्किंग का निर्माण कार्य लागत 4.850 करोड़ रूपये, अल्मोड़ा में केएमओयू बस स्टैण्ड में बहुस्तरीय पार्किंग का निर्माण कार्य लागत 3.295 करोड़ रूपये, चचरोटी-खटलगॉव-दीपामाई ग्राम समूह पम्पिंग पेयजल योजना लागत 9.919 करोड़ रूपये, बदनगढ़ भौनडांडा ग्राम समूह पम्पिंग पेयजल योजना लागत 14.265 करोड़ रूपये, शीतलाखेत-कठपुड़िया-दौलाघट मोटर मार्ग का सुधारीकरण लागत 10.081 करोड़ रूपये, सोनी-तिलालीखेत मोटर मार्ग सुधारीकरण लागत 5.286 करोड़ रूपये, रानीखेत-बुचड़ी-पन्त कोटुली से गगास मोटर मार्ग का सुधारीकरण लागत 9.946 करोड़ रूपये, राजकीय कन्या इण्टर कालेज सारकोट लागत 1.346 करोड़ रूपये, चौखुटिया में कुथलाड़ नदी पर बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य लागत 2.933 करोड़ रूपये, विकासखण्ड स्याल्दे में ग्राम सियानगर, स्याल्दे बाजार एवं विनोद नदी से बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य लागत 6.749 करोड़ रूपये, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लमगड़ा में ट्रान्जिट हॉस्टल का निर्माण कार्य लागत 1.980 करोड़ रूपये, जागेश्वर में चायखान-थुवासिमल मोटर मार्ग के किमी 10 से निरई ग्राम पंचायत तक 2 किमी सड़क का डामरीकरण व अन्य कार्य लागत 1.784 करोड़ रूपये, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा के प्रशासनिक भवन एवं कुलपति आवास का निर्माण कार्य लागत 25.226 करोड़ रूपये, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा के प्रशासनिक भवन एवं कुलपति आवास के अतिरिक्त निर्माण कार्य लागत 3.612 करोड़ रूपये की योजनाओं का लोकार्पण किया ।

## जयप्रकाश विश्वविद्यालय में 15 जून से होगी पीजी सेमेस्टर परीक्षाएं

सारण। जयप्रकाश विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने पीजी फर्स्ट सेमेस्टर सत्र 2025-27 और पीजी सेकेंड सेमेस्टर सत्र 2024-26 की परीक्षाओं का विस्तृत शेड्यूल जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक डॉ अशोक कुमार मिश्रा के अनुसार दोनों ही परीक्षाएं 15 जून से दो पालियों सुबह 10 से 1 बजे और दोपहर 2 से 5 बजे में आयोजित होंगी। इन परीक्षाओं का एडमिट कार्ड 5 जून तक जारी कर दिया जाएगा। सीबीसीएस पैटर्न पर होने वाली इस परीक्षा में मुख्य विषयों के साथ एडिशनल अनिवार्य विषय भी शामिल होंगे। यह परीक्षा 15 से 20 जून तक चलेगी। परीक्षा के लिए विषयों को दो ग्रुपों में बांटा गया है। छपरा और सारण के छात्रों का केंद्र जेपीयू का मल्टीपरपस परीक्षा भवन बना है, जबकि सीवान व गोपालगंज के छात्रों की परीक्षा सोशल साइंस ब्लॉक में होगी। मुख्य परीक्षा के बाद 23 से 24 जून तक संबंधित विभागों में प्रैक्टिकल परीक्षाएं ली जाएंगी। यह परीक्षा 15 से 22 जून तक आयोजित की जाएगी।

## राष्ट्रपति पदक विजेता गोपाल बिष्ट नई पीढ़ी के लिए बने प्रेरणा, जैविक खेती से पेश कर रहे मिसाल

देहरादून। देश और समाज की सेवा करने का कोई तय वक्त या वर्दी नहीं होती। इस बात को सच साबित कर दिखाया है भवाली (भीमताल) के रहने वाले गोपाल बिष्ट ने। गोपाल बिष्ट अपनी उत्कृष्ट जैविक खेती के जरिए न सिर्फ पहाड़ों में स्वरोजगार की मिसाल पेश कर रहे हैं, बल्कि नई पीढ़ी के लिए एक बड़े रोल मॉडल बनकर उभरे हैं। उत्तराखंड अग्निशमन सेवा से रिटायर होने के बाद जहां लोग आराम की जिंदगी चुनते हैं। वहीं गोपाल बिष्ट ने अपनी माटी से जुड़कर समाज को एक नई दिशा देने का फैसला किया। गोपाल बिष्ट का अग्निशमन सेवा का कार्यकाल उपलब्धियों और अटूट कर्तव्यनिष्ठा से भरा रहा है। संकट के समय लोगों की जान-माल की रक्षा करने वाले गोपाल बिष्ट को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कई बार सम्मानित किया जा चुका है। गृह मंत्रालय के अधीन अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा एवं होमगार्ड द्वारा उत्कृष्ट अग्निशमन सेवाओं के लिए गोपाल बिष्ट प्रशंसा एवं कांस्य डिस्क सम्मान से नवाजे जा चुके हैं।

# राहुल गांधी के दौरे की तैयारियों में जुटी कांग्रेस गोदियाल ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पौड़ी गढ़वाल । लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के प्रस्तावित उत्तराखंड दौरे को लेकर कांग्रेस संगठन सक्रिय हो गया है। बुधवार को कांग्रेस प्रदेश गणेश गोदियाल जिला मुख्यालय पौड़ी पहुंचे और कंडोलिया खेल मैदान का निरीक्षण कर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया।

उन्होंने बताया कि राहुल गांधी पौड़ी में पूर्व सैनिकों से संवाद करेंगे। इसके लिए पार्टी स्तर पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। गोदियाल ने कहा कि राहुल गांधी का उत्तराखंड दौरा ऐतिहासिक रहेगा और इससे कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कंडोलिया खेल मैदान में चल रहे सुधारीकरण कार्य को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। इसके बाद सर्किट हाउस में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियां तय कीं।

उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर कांग्रेस पूरी तरह तैयार है। कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटें। प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर भी निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि सरकार के भीतर गुटबाजी और भ्रष्टाचार के मुद्दे अब खुलकर सामने आने लगे हैं। वहीं सोशल मीडिया पर भाजपा की पूर्व जिलाध्यक्ष द्वारा की गई पोस्ट को लेकर उन्होंने कहा कि मामले में पुलिस को शिकायत दी गई है और निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

बैठक में कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता राजेश चमोली, एआईसीसी सदस्य राजपाल बिष्ट, प्रदेश महासचिव कविंद्र ईष्टवाल, जिलाध्यक्ष विनोद नेगी, कुलदीप रावत, महादेव बहुगुणा, निशांत कंडारी, यशोदा नेगी, भरत सिंह रावत, अरुणा कुमार, वीर प्रताप सिंह आर्य, जगदीश चंद्रा और प्रमोद मंद्रवाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राज्य स्तरीय एसडीजी एचीवर्स अवार्ड समारोह में नैनीताल जनपद भी सम्मानित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नैनीताल । उदय शंकर नृत्य एवं संगीत अकादमी अल्मोड़ा में बुधवार को आयोजित राज्य स्तरीय एसडीजी एचीवर्स अवार्ड समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 32 संस्थानों, संगठनों एवं व्यक्तियों और जिला स्तरीय सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) वार्षिक रैंकिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छह जनपदों को पुरस्कृत किया। इसमें नैनीताल जनपद ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने नैनीताल के जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल को पुरस्कार से सम्मानित करते हुए बधाई दी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह अवसर उन व्यक्तित्वों एवं संस्थाओं को सम्मानित करने का है, जिन्होंने समाजहित में अनुकरणीय कार्य करते हुए सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद मजबूत संकल्प और परिश्रम से असाधारण उपलब्धियां प्राप्त की जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि एक समय नीति आयोग के एसडीजी इंडिया इंडेक्स में उत्तराखंड 10वें स्थान पर था, जबकि अब राज्य देश में प्रथम स्थान पर पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार सुशासन, सीमांत क्षेत्रों के विकास, सड़क, बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार पर लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की जीडीपी में 7.23 प्रतिशत की वृद्धि तथा प्रति व्यक्ति आय में 4.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। साथ ही बेरोजगारी दर में 4.4 प्रतिशत की कमी लाकर उत्तराखंड ने राष्ट्रीय औसत से बेहतर प्रदर्शन किया है।

# ललितग्राम में बनेगा आधुनिक रेलवे वाशिंग पिट, कोसी क्षेत्र को मिलेगी नई रेल सुविधा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुपौल। जिले के ललितग्राम में बुधवार को रेलवे विकास की दिशा में एक बड़ी पहल की गई। लंबे समय से प्रस्तावित रेलवे वाशिंग पिट परियोजना का शिलान्यास सांसद दिलेश्वर कामैत और विधायक नीरज कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

करीब 31.80 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस परियोजना को कोसी क्षेत्र के रेल ढांचे के लिए अहम कदम माना जा रहा है। शिलान्यास कार्यक्रम में रेलवे के सहायक डीआरएम संजय सिंह समेत कई अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक सम्मान समारोह से हुई, जहां रेलवे अधिकारियों ने सांसद और विधायक को शॉल व पाग भेंट कर सम्मानित किया।

इस मौके पर सांसद दिलेश्वर कामैत ने कहा कि ललितग्राम में रेलवे की लगभग 70 एकड़ जमीन वर्षों से खाली पड़ी थी। स्थानीय लोग लगातार यहां किसी बड़े रेलवे प्रोजेक्ट की मांग कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि क्षेत्रवासियों की मांग को रेल मंत्रालय तक पहुंचाया गया, जिसके बाद इस परियोजना को मंजूरी मिली।सांसद ने कहा कि कोसी क्षेत्र में नई ट्रेनों के विस्तार में वाशिंग पिट की कमी बड़ी बाधा थी। रेल मंत्री अश्विनी वैभव से मुलाकात के बाद ललितग्राम में इस आधुनिक सुविधा के निर्माण का रास्ता साफ हुआ। उन्होंने इसे पूरे कोसी और मिथिला क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया।

जानकारी के अनुसार यहां आधुनिक तकनीक से लैस वाशिंग पिट तैयार किया जाएगा, जहां ट्रेनों की धुलाई के साथ-साथ तकनीकी जांच और रखरखाव की सुविधा भी उपलब्ध होगी। परियोजना के तहत सीट लाइन, स्टेबल लाइन और अन्य रेल सुविधाओं का भी विकास किया जाएगा। इसके शुरू होने के बाद दूर-दराज से आने वाली ट्रेनों की सफाई और मेंटेनेंस का काम स्थानीय स्तर पर हो सकेगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक नीरज कुमार सिंह बबलू ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि वाशिंग पिट बनने से नई ट्रेनों के परिचालन का रास्ता खुलेगा और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। साथ ही उन्होंने वीरपुर तक रेलवे लाइन विस्तार और रेलवे की खाली भूमि पर उद्योग स्थापित करने की मांग भी उठाई।

सांसद ने अपने संबोधन में कोसी क्षेत्र के पुराने रेल इतिहास का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 1934 के भूकंप और 2008 की कोसी त्रासदी के बाद यहां की रेल व्यवस्था को भारी नुकसान हुआ था, लेकिन अब केंद्र सरकार लगातार रेलवे नेटवर्क को मजबूत करने की दिशा में काम कर रही है।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार परियोजना के तहत तीन ट्रैक विकसित किए जाएंगे। इनमें एक ट्रैक ट्रेनों की धुलाई के लिए होगा, जबकि अन्य ट्रैक तकनीकी जांच और रखरखाव के लिए उपयोग किए जाएंगे। निर्माण कार्य को लगभग डेढ़ वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

स्थानीय लोगों का मानना है कि वाशिंग पिट परियोजना शुरू होने से कोसी क्षेत्र में रेलवे सुविधाओं का तेजी से विस्तार होगा और आने वाले समय में क्षेत्रीय विकास को नई रफ्तार मिलेगी।

# समस्तीपुर में विकास, सुरक्षा, पर्यावरण और जनहित कार्यों को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

समस्तीपुर । जिलाधिकारी समस्तीपुर रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार एवं कार्यालय प्रकोष्ठ में विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्रशासन, कानून-व्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा, नगर प्रबंधन, भूमि विवाद, जनवितरण प्रणाली एवं अन्य जनहित से जुड़े विषयों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया तथा जिलाधिकारी द्वारा सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मंदिर चाहरदीवारी एवं कब्रिस्तान घेराबंदी योजनाओं की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने लंबित योजनाओं को शीघ्र पूरा कराने एवं चयनित स्थलों पर कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सामाजिक सौहार्द एवं सामुदायिक सुरक्षा की दृष्टि से इन योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन आवश्यक है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग से संबंधित जिला पर्यावरण समिति, जिला आर्द्रभूमि समिति एवं एकल उपयोग प्लास्टिक उन्मूलन समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक उन्मूलन तथा जल स्रोतों के संरक्षण हेतु जन-जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया। संबंधित विभागों को नियमित निरीक्षण एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से सभी थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने लंबित स्थलों पर शीघ्र कैमरा अधिष्ठापन कराने तथा सभी कैमरों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। खनन टास्क फोर्स की बैठक में अवैध खनन एवं अवैध परिवहन पर सख्त कार्रवाई करने तथा संयुक्त अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। वहीं नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर रोक लगाने हेतु सतत निगरानी एवं समन्वित कार्रवाई पर विशेष जोर दिया गया। सड़क सुरक्षा समिति एवं राष्ट्रीय राजमार्ग सुरक्षा से संबंधित बैठकों में जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु चिन्हित दुर्घटना स्थलों पर आवश्यक सुधार कार्य कराने, यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने तथा जन-जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। विधि-व्यवस्था की समीक्षा बैठक में आगामी पर्व-त्योहारों एवं सार्वजनिक आयोजनों को ध्यान में रखते हुए सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं थाना प्रभारियों को विशेष सतर्कता बरतने तथा संवेदनशील स्थलों पर निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। भूमि विवाद एवं भू-समाधान पोर्टल की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन, नियमित जनता सुनवाई तथा राजस्व संबंधित मामलों के शीघ्र समाधान का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063